सूर्योदय : 5:33
सूर्यास्त : 6:51
अधिकतम तापमान : 32.7
न्यूनतम : 26.8

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-20 अंक-48 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 07 अगस्त 2026
23 सफर 1448 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा

www.avadhnama.com



## कार्यक्रम रद्द होने पर राहुल का हमला

■ सरकार मुझे प्रयागराज में छात्रों की आवाज उठाने से नहीं रोक सकती



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रयागराज में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से दो दिन पहले बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, उन्हें छात्रों की आवाज उठाने से रोक नहीं सकती।

उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की जब प्रयागराज के केपी ग्राउंड में ''छात्रों की गूंज'' कार्यक्रम के लिए दी गयी अनुमति रद्द कर दी गई। राहुल गांधी ने एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र फीस वृद्धि और सीट कटौती के खिलाफ अपने भविष्य की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन प्रशासन उनकी बात सुनने के बजाय उन पर प्राथमिकी दर्ज करा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीति युवाओं की आवाज दबाने की है और सवाल पूछने या विरोध करने पर कार्रवाई की जाती है। कांग्रेस नेता ने यह भी दावा किया कि जब उन्होंने छात्रों की बात सुनने के लिए प्रयागराज आने का फैसला किया, तब से प्रशासन उनके कार्यक्रम को हरसंभव तरीके से रोकने की कोशिश कर रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि प्रशासन छात्रों की आवाज से भी डर रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं छात्रों के साथ हूं। सरकार चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, मुझे छात्रों की आवाज उठाने से रोक नहीं सकती। 'गौरतलब है कि प्रयागराज के केपी ग्राउंड में प्रस्तावित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए पहले दी गई अनुमति प्रशासन ने कार्यक्रम से दो दिन पहले रद्द कर दी, जिसके बाद कांग्रेस ने इस फैसले का विरोध किया है।

# ईएमआई नहीं चुकाई तो बैंक लॉक कर सकेंगे मोबाइल, टैबलेट और लैपटॉप

■ भुगतान के एक घंटे में हटाना होगा लॉक
■ देरी होने पर बैंक देगा 250 रुपये प्रति घंटे का मुआवजा



**मुंबई।** बैंक से फाइनेंस पर फोन लेकर कर्ज नहीं चुकाने वालों का फोन अब बैंक लॉक कर सकेंगे। इसके लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को दिशा-निर्देश जारी कर दिये हैं जो 1 जनवरी 2027 से लागू होंगे। केंद्रीय बैंक ने बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) तथा वित्तीय सेवा देने वाली अन्य विनियमित इकाइयों के लिए ऋण वसूली के संबंध में नियमों में संशोधन जारी किये।

इसमें मोबाइल फोन के अलावा टैबलेट और लैपटॉप को भी शामिल किया गया है। इनमें कहा गया है कि कोई भी बैंक, एनबीएफसी या ऋण देने वाली अन्य विनयमित इकाइयां स्वयं या किसी तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता के माध्यम से ऐसी प्रौद्योगिकी-आधारित व्यवस्था का उपयोग तभी कर सकेगी जब उधारकर्ता ने इन उपकरणों की खरीद के लिए उनसे ऋण लिया है।

आरबीआई ने कहा है कि तय तिथि के 30 दिन बाद तक समान मासिक किस्त (ईएमआई) की अदायगी न होने पर ही बैंक मोबाइल, टैबलेट या लैपटॉप के फीचर क्रमिक तरीके से निष्क्रिय करने की कार्वाई शुरू कर सकते हैं। साथ ही, आउटगोइंग कॉल की सुविधा ऋण अदायगी में चूक के 60 दिन के बाद ही बंद की जा सकेगी। इनकमिंग कॉल, एसएमएस और आपातकालीन सुविधाएं बंद नहीं की जा सकेगी।

**रोजगार प्रभावित नहीं होना चाहिए :** संशोधित नियमों में यह भी कहा गया है कि लगाये गये प्रतिबंध ऐसे नहीं होने चाहिये जिससे उधारकर्ता अपने कार्य या रोजगार से संबंधित गतिविधियां न कर सके। उधारकर्ता द्वारा बकाया राशि का भुगतान हो जाने के बाद बैंक को एक घंटे के भीतर सभी प्रतिबंध हटाने होंगे। यदि गलत तरीके से प्रतिबंध लगाये गये हों या भुगतान प्राप्त होने के बाद प्रतिबंध हटाने में देरी हुई हो और उसकी जिम्मेदारी बैंक की हो तो बैंक प्रतिबंध हटाने तक उधारकर्ता को 250 रुपये प्रति घंटा की दर से मुआवजा देगा। हालांकि कुल मुआवजा बैंक द्वारा दी गयी ऋण राशि से अधिक नहीं होगा। ऋण पूरी तरह चुकता होने के बाद बैंक तुरंत उपकरण पर लगाये गये तकनीकी नियंत्रण को समाप्त करेगा या निष्क्रिय करेगा। यदि उस तकनीकी व्यवस्था को मोबाइल से हटाने का काम उधारकर्ता को करना हो तो बैंक उसे इसकी पूरी प्रक्रिया बतायेगा।

### डेटा सुरक्षा की जिम्मेदारी बैंक की

आरबीआई ने कहा है कि उधारकर्ता को किसी भी समय ऋण का आंशिक या पूर्ण पूर्व भुगतान करने का अधिकार होगा। उसने बैंक को मोबाइल उपकरण की कार्यक्षमताओं को अनलॉक करने में होने वाली देरी या अन्य समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत शिकायत निवारण प्रणाली स्थापित करने की भी हिदायत दी है। साथ ही लॉक किये गये उपकरण के व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा की जिम्मेदारी बैंक की होगी।

## तरुण तेजपाल को 10 साल की सजा

■ बोले- 'राजनीतिक साजिश का शिकार हूं', सुप्रीम कोर्ट जाऊंगा



**पणजी।** 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा बेंच ने तहलका मैगजीन के संस्थापक तरुण तेजपाल को 10 साल जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। फैसले के बाद तेजपाल ने इसे निराशाजनक बताते हुए कहा कि वह खुद को निर्दोष मानते हैं और इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। गोवा पुलिस की जांच अधिकारी सुनीता सावंत के मुताबिक, तेजपाल को आत्मसमर्पण करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है।

अदालत के फैसले के बाद तरुण तेजपाल ने कहा कि वह इस निर्णय से बेहद निराश हैं। उनका दावा है कि मामले में उपलब्ध सबूतों पर उचित तरीके से विचार नहीं किया गया। तेजपाल ने कहा कि उन्हें पूरी तरह निर्दोष साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने मामले को राजनीतिक साजिश और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताते हुए कहा कि वह फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे।

इससे पहले भी फैसले के बाद तेजपाल ने सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही थी। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक बदले की भावना और तहलका के काम की वजह से उन्हें निशाना बनाया गया। तेजपाल के मुताबिक, उन्होंने ट्रायल कोर्ट में करीब साढ़े सात साल तक मामले का सामना किया और वहां उन्हें बरी कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले 13 वर्षों से उनके खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है।

# युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप बनेगी यूपी की नई युवा नीति : सीएम योगी

■ 16 से 35 वर्ष के युवाओं से लिया जाएगा फीडबैक



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि राज्य की एकीकृत युवा नीति को सूबे के युवाओं की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा है कि युवा नीति तैयार करने से पहले 16 से 35 वर्ष के युवाओं की अपेक्षाओं, आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को समझा जाएगा और उसके बाद ही नीति को आकार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा नीति शिक्षा, कौशल, रोजगार, स्वास्थ्य और नेतृत्व विकास को एकीकृत करेगी।

बयान के मुताबिक, आदित्यनाथ ने युवाओं के समग्र विकास की निगरानी के लिए विशेषज्ञों का स्वतंत्र आयोग बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए 'सरदार वल्लभभाई पटेल औद्योगिक एवं रोजगार जोन' की स्थापना शीघ्र प्रारम्भ करने के भी निर्देश दिये। सीएम योगी ने मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना को और प्रभावी बनाने तथा हर विश्वविद्यालय और महाविद्यालय तक इसके विस्तार पर विचार करने को भी कहा।

### औद्योगिक एवं रोजगार जोन जल्द शुरू करने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 'सरदार वल्लभभाई पटेल औद्योगिक एवं रोजगार जोन' की स्थापना की प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। उनका मानना है कि इससे युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना को और अधिक प्रभावी बनाने तथा इसे प्रदेश के प्रत्येक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय तक विस्तारित करने की संभावनाओं पर विचार करने के निर्देश भी दिए।

## सड़क हादसे में माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे आबान की मौत

■ झांसी जेल में बंद अपने भाई से मिलने के लिए जा रहा था



**झांसी।** प्रदेश के झांसी जिले में एक भीषण सड़क दुर्घटना में माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे आबान अहमद और उसके दोस्त सोनू की गुरुवार को दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब उनकी कार अनियंत्रित होकर एक डिवाइडर से जा टकराई। इस दुर्घटना में वाहन में सवार तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें सुबह करीब 10:30 बजे दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। शुरुआती जांच के अनुसार, कार चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया था, जिसके परिणामस्वरूप वाहन डिवाइडर से टकरा गया।

इस हादसे में दो लोगों की मृत्यु हुई, जबकि तीन अन्य घायल हुए। मृतकों की पहचान प्रयागराज निवासी आबान अहमद और राजा के बेटे सोनू के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, आबान अहमद झांसी में अपने भाई से मिलने के लिए जा रहा था, जो वर्तमान में झांसी जेल में बंद हैं। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि यह दुर्घटना कानपुर-झांसी रोड पर पूंछ क्षेत्र में हुई। प्रारंभिक जांचों से पता चला है कि कार अत्यधिक तेज गति से चलाई जा रही थी।

## भारत ने किया अग्नि-4 मिसाइल का सफल परीक्षण, परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम

■ चीन-पाकिस्तान की टेंशन बढ़ना तय!



**नई दिल्ली।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज किया गया। परीक्षण का संचालन रणनीतिक बल कमान की निगरानी में हुआ, जिसमें मिसाइल के सभी परिचालन और तकनीकी मानकों को सफलतापूर्वक परखा गया।

रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा, 'छह अगस्त को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-4 का सफल परीक्षण किया गया। इस प्रक्षेपण के दौरान सभी परिचालन और तकनीकी मानकों का सफलतापूर्वक सत्यापन हुआ। यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।'

अग्नि-4 दो चरणों वाली ठोस ईंधन से चलने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। जिसकी मारक क्षमता करीब 4,000 किलोमीटर तक बताई जाती है। यह मिसाइल परमाणु हथियारों के साथ-साथ पारंपरिक हथियारों को भी अपने साथ ले जाने में सक्षम है। भारत की बढ़ती ताकत देख चीन और पाकिस्तान की टेंशन बढ़ना तय है।

### 2007 में शुरू हुआ था अग्नि-4 का विकास

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने साल 2007 में 5,000 किलोमीटर कैटेगरी की मिसाइल परियोजना पर काम शुरू किया था। साल 2011 में अग्नि-4 नाम उस उन्नत संस्करण को दिया गया, जिसे हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की एडवांस्ड मिसाइल लैब ने विकसित किया था। इस मिसाइल में अग्नि-2 प्राइम के मुकाबले कई तकनीकी सुधार किए गए हैं। इसमें ज्यादा शक्तिशाली पहला चरण मोटर, बेहतर दूसरा चरण मोटर, आधुनिक गाइडेंस सिस्टम और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली शामिल हैं।

# डीजीपी राजीव कृष्ण ने पिता को दी मुखाग्नि

■ भारी बरसात के बीच पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक



**लखनऊ।** डीजीपी राजीव कृष्ण ने गुरुवार को अपने दिवंगत पिता हरिकिशन मित्तल के पार्थिव शरीर का भैंसाकुंड में दाह संस्कार किया। भारी बरसात के बीच यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मुख्यसचिव एसपी गोयल सहित शासन और पुलिस के आलाधिकारी अंतिम दर्शन के लिए मौजूद रहे। इस दौरान डीजीपी के परिजन और रिश्तेदार भी पहुंचे हुए थे।

प्रशासन ने नेताओं, शासन और पुलिस के अधिकारियों के बैठने के लिए टेंट और कुर्सियां लगवाई थी। भीड़ अधिक होने के कारण भैंसाकुंड के चारों तरफ बैरिकेडिंग लगाना पड़ा, जिससे यातायात आंशिक रूप से बाधित रहा। डीजीपी राजीव कृष्ण, उनकी पत्नी मीनाक्षी सिंह, सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह एवं नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह शव वाहन से पार्थिव शरीर को लेकर भैंसाकुंड पहुंची। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप एवं शंकरी सिंह भी मौके पर पहुंच डीजीपी एवं उनके परिजनों को धांधस बंधाया। इस मौके पर पूर्व डीजीपी एके जैन, डीजी डीके ठाकुर, डीजी जेल पीसी मीना, आईएएस अभिषेक प्रकाश, लखनऊ के पुलिस कमिश्नर तरुण गॉबा सहित कई आलाधिकारी मौजूद रहे।

## सरकार का प्रचार तंत्र ही कर रहा है सीएम की बदमानी : अखिलेश

**लखनऊ।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आत्मप्रशंसा वाले विज्ञापनों पर प्रतिदिन 2.3 करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद उन्हें बदनामी के अलावा कुछ नहीं मिला। अखिलेश ने कहा कि बिना विचार के प्रचार से कुछ हासिल नहीं होता। मुख्यमंत्री अकेले में बैठकर सोचें तो उन्हें पता चलेगा कि उनका प्रचार तंत्र ही उनके अंत का कारण बन रहा है। अखिलेश यादव ने लखनऊ के अग्निकांड में बच्चे को खोने वाली महिला के साथ मुख्यमंत्री के कथित दुर्व्यवहार का जिक्र करते हुए कहा कि इसका वीडियो पूरी दुनिया ने देखा।

# हमेशा नफरत बनाए रखना समाधान नहीं : भागवत

■ संघ प्रमुख बोले, सभी पाकिस्तानी दिल से भारतीयों के दुश्मन नहीं



> कभी-कभी, टकराव खत्म होने के बाद हमें वहीं से आगे बढ़ना होता है जहां हमने छोड़ा था। इसलिए, हमेशा नफरत और दुश्मनी बनाए रखना समाधान नहीं है। जब कोई परेशानी आती है, तो हमें उसे संभालना होता है और उसे संभालने का एक तरीका भी होता है।
>
> **मोहन भागवत, संघ प्रमुख**

**मुंबई/नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि चीन और पाकिस्तान के साथ हमेशा के लिए बातचीत बंद नहीं किया जा सकता। संघ प्रमुख ने कहा, 'कभी-कभी, टकराव खत्म होने के बाद हमें वहीं से आगे बढ़ना होता है जहां हमने छोड़ा था। इसलिए, हमेशा नफरत और दुश्मनी बनाए रखना समाधान नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी पाकिस्तान दिल से भारतीयों के दुश्मन नहीं हैं, यही बात भारतीयों के साथ भी है कि भारतीय पाकिस्तानी लोगों के दुश्मन नहीं हैं। भागवत का यह बयान तब आया जब हाल ही में भारत और पाकिस्तान के करीब 100 से ज्यादा बुद्धिजीवियों और नागरिकों ने दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों को पत्र लिखकर भारत-पाकिस्तान के साथ रिश्तों को पटरी पर लाने की मांग की थी।

**बातचीत बंद नहीं होना चाहिए :** मुंबई में आयोजित छात्र संवाद कार्यक्रम में पाकिस्तान और चीन के साथ नागरिक समाज के संपर्क को लेकर पूछे गए सवाल पर भागवत ने कहा कि संघर्ष या युद्ध की स्थिति में ऐसे संवाद उचित नहीं हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान के साथ हमेशा के लिए संवाद बंद नहीं किया जा सकता। भागवत के मुताबिक युद्ध और आतंकवाद के समय भारत को अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्पष्ट रुख रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने कभी किसी देश पर कब्जा नहीं किया। संघ प्रमुख ने कहा, 'टकराव के समय हमें अपनी सरकार के फैसले के साथ चलना होता है। लेकिन इससे पहले से बने रिश्ते नहीं टूटने चाहिए। चीन के लोग कहते हैं कि 2000 साल पहले भारत ने उन्हें कुछ मूल्य दिए थे और पाकिस्तान 100 साल से भी कम समय पहले भारत का ही हिस्सा था।

## मौत की सजा पा चुकीं पूर्व प्रधानमंत्री 'घर वापसी' को तैयार

# बांग्लादेश में शेख हसीना के भाषण की रिपोर्टिंग पर प्रतिबंध



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस साल के अंत तक स्वदेश वापसी का ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि वह बांग्लादेश वापस लौटने पर गिरफ्तारी, जेल जाने या मौत का सामना करने के लिए भी तैयार हैं। इससे यह अंदेशा जताया जा रहा है कि उनकी बांग्लादेश वापसी से माहौल बिगड़ सकता है। उधर, बांग्लादेश की सरकार ने शेख हसीना के संबोधन पर तीखी प्रतिक्रिया दी है और इसे संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया है।

78 वर्षीय हसीना ने बुधवार को नई दिल्ली से पत्रकारों को दिए एक ऑडियो संदेश में कहा, 'मुझे पता है कि मुझे हिरासत में लिया जा सकता है, जेल भेजा जा सकता है। वे मनगढ़ंत मामलों में सुनाए गए फैसलों को लागू करने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन डर लोगों के प्रति मेरे कर्तव्य को तय नहीं कर सकता।' इस कार्यक्रम को फॉरेन कॉरेस्पोंडेंट्स क्लब ऑफ साउथ एशिया ने आयोजित किया था। इसका आयोजन बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर किया गया।

जब शेख हसीना प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं, तब ढाका में उनका पुतला फूंका जा रहा था। उधर, बांग्लादेश की सरकार ने शेख हसीना के भाषण की रिपोर्टिंग पर रोक लगाई हुई है। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सूचना और प्रसारण सलाहकार डॉ जाहेद उर रहमान ने कहा था कि अगर कोई शेख हसीना के भाषण की रिपोर्टिंग करता है तो निश्चित रूप से अदालत के आदेश का उल्लंघन होगा। इस संबंध में हम कार्रवाई करेंगे।

### जुलाई 2024 का विद्रोह जन आंदोलन नहीं

शेख हसीना ने जुलाई 2024 के विद्रोह के बारे में आम तौर पर मानी जाने वाली बातों को खारिज करते हुए कहा कि यह कोई जन-आंदोलन नहीं था, बल्कि उनकी सरकार को गिराने के लिए चलाया गया एक सुनियोजित अभियान था। उन्होंने कहा, वे मुझे जेल में डाल सकते हैं या मेरी हत्या भी कर सकते हैं। कुछ भी हो सकता है।

## बांग्लादेश में राष्ट्रपति चुनाव का ऐलान

■ 20 अगस्त को मतदान, पीएम तारिक रहमान ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की



**ढाका।** बांग्लादेश के निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को घोषणा की कि देश में राष्ट्रपति चुनाव 20 अगस्त को कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने यह घोषणा राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के इस्तीफे के बाद की है। मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कार्यकाल पूरा होने के दो साल पहले ही स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। शहाबुद्दीन हिंसक छात्र आंदोलन के बाद अपदस्थ की गई पीएम हसीना के लंबे समय से सहयोगी रहे हैं।

निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने बताया, 'मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरुद्दीन ने संसद के कार्यवाहक अध्यक्ष कैसर कमाल से विचार-विमर्श के बाद राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान की तारीख तय की है।' बांग्लादेश के संविधान के मुताबिक संसद सदस्य राष्ट्रपति का चुनाव करते हैं। प्रधानमंत्री रहमान की बीएनपी के पास 350 सदस्यों वाली संसद में दो-तिहाई बहुमत है। लेकिन राष्ट्रपति चुनाव के लिए अभी तक उसने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। माना जा रहा है कि मौजूदा कैबिनेट सचिव नसीमुल गनी नए राष्ट्रपति बन सकते हैं।

## पाक्सो एक्ट में फंसे अभिजीत दिपके

■ रिंकी चटर्जी ने सीजेपी संस्थापक के खिलाफ दर्ज कराई जीरो एफआईआर



**लखनऊ।** नीट पेपर लीक मामले में पिछले माह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के बाद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और उसके संस्थापक अभिजीत दिपके बड़ी मुश्किल में फंसते प्रतीत हो रहे हैं। दरअसल, दिपके के खिलाफ अधिवक्ता रिंकी चटर्जी की शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज किए जाने की जानकारी सामने आई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रदर्शन में एक नाबालिग की भागीदारी हुई, जिसके आधार पर दिपके के खिलाफ पाक्सो सहित अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत काररवाई की मांग की गई है।

जीरो एफआईआर ऐसी एफआईआर होती है, जिसे किसी भी पुलिस थाने में दर्ज किया जा सकता है, चाहे घटना उस थाने के अधिकार क्षेत्र में हुई हो या नहीं। इसका उद्देश्य संज्ञेय अपराध की सूचना मिलने पर तत्काल काररवाई सुनिश्चित करना है। बाद में इसे संबंधित क्षेत्र के पुलिस थाने को स्थानांतरित किया जाता है। शिकायतकर्ता ने इसी व्यवस्था का उपयोग करते हुए मामला दर्ज कराया। इससे जांच शुरू करने में देरी नहीं होती। हालांकि जीरो एफआईआर दर्ज होना किसी व्यक्ति के दोषी होने का प्रमाण नहीं है। आगे की जांच और साक्ष्यों के आधार पर ही पुलिस निर्णय लेती है। गौरतलब है कि पाक्सो एक्ट बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा देने के लिए बनाया गया विशेष कानून है और दिपके के खिलाफ की गई शिकायत का आधार प्रदर्शन में कथित रूप से एक नाबालिग की भागीदारी बताया गया है। शिकायत है कि कॉक्रोच जनता पार्टी के आंदोलन वाली जगह पर यौनांगो से जुड़ी अश्लील गालियों और भाषा का भरपूर प्रयोग हुआ।

### दिपके ने इसे राजनीति प्रेरित कार्रवाई बताया

एक अंग्रेजी समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार अभिजीत दिपके ने सार्वजनिक रूप से इन मामलों को राजनीतिक प्रेरित कार्रवाई बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध प्रदर्शन करने वालों को चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। उनके अनुसार आंदोलन लोकतांत्रिक अधिकारों के दायरे में था।

# नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान वाईडी कॉलेज में दिलाई शपथ




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नशे की जकड़न से दूर रहकर युवा अपनी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण में लगाएं। यही ऊर्जा विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत बनेगी। गुरुवार को वाईडी कॉलेज में आयोजित 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' कार्यक्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने युवाओं को यही संदेश दिया। मेरा युवा भारत (माई भारत) के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम ने प्राचार्य डॉ हेमंत पाल के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला युवा अधिकारी माय भारत संकल्प शुक्ला ने किया डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति की क्षमता, ऊर्जा और सकारात्मक सोच को कमजोर करता है। इससे बचने के लिए सबसे जरूरी है दृढ़ इच्छाशक्ति और मजबूत संकल्प। जो आदत आपको छिपाकर करनी पड़े, जो आपके आत्मसम्मान को प्रभावित करे और भविष्य को नुकसान पहुंचाए, उसे छोड़ देना ही समझदारी है।उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवावस्था जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव है। इसी समय बड़े लक्ष्य तय कर उन्हें पूरा करने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ मेहनत करनी चाहिए। नशा आपके उद्देश्य से भटका सकता है, इसलिए इससे हमेशा दूर रहें। यदि कोई युवा इसकी गिरफ्त में है तो वह मजबूत संकल्प लेकर इसे छोड़ सकता है डीएम ने कहा कि जब हौसले मजबूत और संकल्प अडिग होता है तो कोई भी बाधा लक्ष्य प्राप्ति के रास्ते में नहीं आ सकती। युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाएं और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा, जब देश का युवा स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार होगा इस दौरान डीएम ने छात्र-छात्राओं को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई। साथ ही नशा मुक्ति संकल्प दीवार पर संदेश लिखकर युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से नशा मुक्ति का प्रभावी संदेश दिया। चित्रकला, नृत्य, संगीत, नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, लघु फिल्म और स्लैम पोएट्री जैसी प्रतियोगिताओं में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## भाजपा के निर्वतमान प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया



**लखीमपुर-खीरी।** भारतीय जनता पार्टी के निर्वतमान प्रदेश महामंत्री एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता का जन्मदिन गुरुवार को जिले में सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकार की भावना के साथ धूमधाम से मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर वृद्धजनों, दिव्यांग बच्चों और स्कूली विद्यार्थियों के साथ जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। इस दौरान केक काटा गया, उपहार वितरित किए गए और सभी ने अनूप गुप्ता के स्वस्थ, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत वृद्धाश्रम से हुई, जहां भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वृद्धजनों के बीच पांच किलोग्राम का केक काटकर जन्मदिन मनाया। सभी बुजुर्गों का सम्मान किया गया और उनके साथ आत्मीयता से समय बिताते हुए उन्हें मिठाई वितरित की गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं का कारवां कारवां मूक-बधिर विद्यालय पहुंचा, जहां विशेष बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा की गई। बच्चों को उपहार भेंट किए गए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इसके उपरांत मिदनियाँ गढ़ी उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में भी अनूप गुप्ता का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ केक काटा गया तथा उन्हें उपहार वितरित किए गए। बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनुश्री जायसवाल, मनोज जायसवाल, आदित्य बारी, रामकिशन श्रीवास्तव, अनिल प्रताप सिंह, समस्त अध्यापकगण तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अनूप गुप्ता के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर जनसेवा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ जुड़कर खुशियां बांटना प्रेरणादायी कार्य है।

# सुप्रीम कोर्ट ने तिकुनियां हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत की शर्तों में और ढील देने से इनकार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** सुप्रीम कोर्ट ने तिकुनियां हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत की शर्तों में और ढील देने से इनकार कर दिया हिंसा के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत की शर्तों में और ढील देने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने आशीष मिश्रा की उस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने अपनी जमानत की शर्तों में और राहत देने तथा पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए अपने पैतृक स्थान पर जाने की अनुमति देने का अनुरोध किया था।आशीष मिश्रा के वकील ने अदालत से कहा कि मौजूदा प्रतिबंधों के कारण वह अपनी बेटियों के जन्मदिन जैसे पारिवारिक कार्यक्रमों में भी शामिल नहीं हो पा रहे हैं। इस पर सीजेआई ने कहा कि फिलहाल इस अनुरोध पर विचार करने का कोई आधार नहीं है। आवेदन खारिज किया जाता है। सुनवाई के दौरान पीड़ित किसान पक्ष की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने मुकदमे की सुनवाई के तरीके पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि कार्यवाही जल्दबाजी में चलाए जाने के कारण प्रत्यक्षदर्शियों सहित कई महत्वपूर्ण गवाहों को गवाहों की सूची से हटा दिया जा रहा है उन्होंने कहा कि समस्या यह है कि मुकदमे की सुनवाई जिस तरीके से हो रही है। कई महत्वपूर्ण गवाहों को केवल इसलिए छोड़ दिया गया, क्योंकि कार्यवाही बहुत तेजी और जल्दबाजी में चल रही है। उन्हें अगले ही दिन पेश होने के लिए बुलाया जाता है और यदि वे अगले दिन उपस्थित नहीं हो पाते, तो उन्हें गवाहों की सूची से हटा दिया जाता है। भूषण ने कहा कि वह इन चिंताओं को सामने रखते हुए एक आवेदन दायर करना चाहते हैं। इस पर सीजेआई ने कहा कि ऐसी शिकायतें पहले अधीनस्थ अदालत के समक्ष उठाई जानी चाहिए पीठ ने कहा कि ऐसे आवेदन पर सबसे पहले हम क्यों विचार करें? आपको पहले अधीनस्थ अदालत के समक्ष जाना चाहिए और बताना चाहिए कि ये कौन-से गवाह हैं, जो इस मामले के लिए महत्वपूर्ण हैं। भूषण ने यह भी कहा कि कुछ दस्तावेजों का अनुवाद किया जा रहा है। उन्होंने एक अलग मामले का भी उल्लेख किया, जिसमें एक व्यक्ति के खिलाफ कथित तौर पर एक गवाह को प्रभावित करने की कोशिश के आरोप में आरोपपत्र दाखिल किया गया है। आशीष मिश्रा के वकील ने इस बात पर आपत्ति जताई कि उस व्यक्ति को मिश्रा का समर्थक बताया जा रहा है। भूषण ने कहा कि जिस गवाह को कथित तौर पर धमकाया गया था, उसे बाद में गवाहों की सूची से हटा दिया गया और अब उसने मुकदमे की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति मांगते हुए एक आवेदन दायर किया है।पीठ ने कहा कि वह उस आवेदन पर विचार करेगी, लेकिन दोहराया कि किन गवाहों का बयान आवश्यक है और वे मामले के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, इसका निर्णय करने के लिए अधीनस्थ अदालत ही उचित मंच है पीठ ने कहा कि यह तय करने के लिए कि ये गवाह कितने महत्वपूर्ण हैं, अधीनस्थ अदालत सबसे उपयुक्त मंच है।

## खरीफ मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाएं कृषक बंधु, फसल सुरक्षा हेतु समय से कराएं बीमा

**बलरामपुर।** जिला कृषि अधिकारी उपेंद्र नाथ खरवार ने बताया कि खरीफ मौसम में कृषक बंधुओं को प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों से होने वाले संभावित नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। जनपद बलरामपुर में खरीफ मौसम के लिए इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को बीमा कंपनी के रूप में नामित किया गया है। योजना के अंतर्गत जनपद के सभी ऋणी एवं गैर-ऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। खरीफ मौसम में धान, केला एवं मिर्च फसलों को योजना के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है। गैर-ऋणी कृषकों के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 14 अगस्त, 2026 तथा ऋणी कृषकों के लिए अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2026 निर्धारित की गई है। योजना के तहत प्रति हेक्टेयर निर्धारित प्रीमियम में धान के लिए 1,644 रुपये, केला के लिए 7,500 रुपये तथा मिर्च के लिए 2,500 रुपये निर्धारित किया गया है। फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को बुवाई न हो पाने अथवा असफल बुवाई, फसल की मध्यावस्था में क्षति, प्राकृतिक आपदाओं, कीट एवं रोगों से नुकसान, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना, भूस्खलन एवं बिजली गिरने से होने वाली क्षति पर बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। इसके अतिरिक्त कटाई के बाद खेत में सुखाने हेतु रखी गई फसल को आगामी 14 दिनों तक ओलावृष्टि, चक्रवात तथा बेमौसम/चक्रवाती वर्षा से होने वाली क्षति भी योजना के अंतर्गत कवर की गई है। यह योजना स्वैच्छिक आधार पर लागू है। ऐसे ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं, उन्हें बीमा की अंतिम तिथि से कम से कम 7 दिन पूर्व अपनी संबंधित बैंक शाखा में लिखित रूप से योजना में प्रतिभाग न करने की सूचना देनी होगी।

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम

**बलरामपुर।** उप मुख्यमंत्री 08 अगस्त को दोपहर 13:55 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा पुलिस लाइन हेलीपैड, बलरामपुर पहुंचेंगे। इसके पश्चात, दोपहर 14:00 बजे पुलिस लाइन से कार द्वारा प्रस्थान कर 14:10 बजे शारदा कुंज (पुरनिया तालाब) पहुंचेंगे, जहां वे प्रदेश सरकार के भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री स्व0 हनुमंत सिंह के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

तत्पश्चात, दोपहर 14:30 बजे वहां से प्रस्थान कर 14:35 बजे जिला अस्पताल, बलरामपुर पहुंचेंगे और अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। जिला अस्पताल का निरीक्षण पूर्ण करने के बाद, दोपहर 15:20 बजे प्रस्थान कर 15:30 बजे पुनः पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचेंगे और 15:35 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# डीएम के निर्देशन में उर्वरक प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण, तीन विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस

*अवधनामा संवाददाता*

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन के निर्देशों के क्रम में जनपद में किसानों को निर्धारित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी, टैगिंग एवं अन्य अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा उर्वरक प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी श्री उपेन्द्र नाथ खरवार एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए (कृषि) श्री राकेश चन्द्र पाण्डेय को विकास खंड श्रीदत्तगंज क्षेत्र के विभिन्न उर्वरक प्रतिष्ठानों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मेसर्स जासवाल ट्रेडर्स, शुक्लागंज, श्रीदत्तगंज पर विक्रेता श्री रामसरन जायसवाल उपस्थित मिले। प्रतिष्ठान पर केवल 1.00 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध पाया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेख अपूर्ण मिले तथा रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड एवं दुकान का नाम पट्ट अद्यतन नहीं पाया गया। उक्त अनियमितताओं के संबंध में विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

इसी प्रकार मेसर्स आज्ञाराम मौर्या खाद बीज भण्डार, कोल्हुई बिनोहनी तथा मेसर्स शोभाराम वर्मा, रामपुर बगनहा के निरीक्षण के दौरान दोनों विक्रेता निरीक्षण की सूचना मिलते ही प्रतिष्ठान बंद कर चले गए। इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए दोनों विक्रेताओं के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में किसानों की आवश्यकता के अनुरूप उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। वर्तमान में जनपद में यूरिया 14,042.099 मीट्रिक टन (3,12,015 बोरी), डीएपी 4,186.254 मीट्रिक टन (83,725 बोरी), एनपीके 1,561.835 मीट्रिक टन (31,237 बोरी) तथा एसएसपी 10,295.562 मीट्रिक टन उपलब्ध है। विगत दिवस जनपद में 757.835 मीट्रिक टन यूरिया, 12.300 मीट्रिक टन डीएपी एवं 218.400 मीट्रिक टन एसएसपी का वितरण 8,965 कृषकों के मध्य किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसानों को उनकी जोत एवं खतौनी के अनुसार निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरकों का वितरण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की टैगिंग या अनावश्यक उत्पाद खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## वारण्टी अभियुक्तों की हुई गिरफ़्तारी

**लखीमपुर-खीरी।** थाना धौरहरा पुलिस द्वारा, वाद संख्या 157/2024 धारा 498ए भादवि व 3/4 डी0पी0 एक्ट से संबंधित वारण्टी अभियुक्त परशू पुत्र गनेश निवासी ग्राम टेंगनहा मजरा देवीपुरवा थाना धौरहरा तथा वाद संख्या 582/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित वारण्टी अभियुक्त रामस्वरूप पुत्र रामदयाल निवासी ग्राम कलुवापुर थाना धौरहरा को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष भेजा गया ।

## सड़क पर आया मगरमच्छ, ग्रामीण भयभीत

**लखीमपुर खीरी।** बिजुआ इलाके में भीरा वन रेंज के ग्राम पंचायत मंझोरा के मजरा कचनारा में एक मगरमच्छ सड़क पर आ गया। स्थानीय लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पिछले कई दिनों से यह मगरमच्छ कचनारा और दौलतापुर के बीच तालाबों, नदी किनारों और आबादी वाले क्षेत्रों में लगातार देखा जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, इस मगरमच्छ ने अब तक कई कुत्तों और बेसहारा पशुओं का शिकार किया है। रफीक अहमद के कई कुत्ते भी इसका शिकार बन चुके हैं। ग्रामीण भयभीत हैं, इससे बच्चे और पशुपालक तालाबों तथा सुनसान रास्तों पर जाने से बच रहे हैं। भीरा रेंजर रमाकांत सक्सेना ने बताया वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

## चित्रकूट के रानीपुर टाइगर रिजर्व में सुरक्षित छोड़ा गया तेंदुआ

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर निघासन रेंज के बेलरायां वन क्षेत्र के मूर्तिहा गांव में मंगलवार को रेस्क्यू अभियान के दौरान पकड़ी गई मादा तेंदुआ को बृहस्पतिवार सुबह करीब 350 किलोमीटर दूर चित्रकूट के रानीपुर टाइगर रिजर्व में सुरक्षित छोड़ दिया गया। आबादी क्षेत्र में लगातार आवाजाही और पालतू पशुओं का शिकार करने से ग्रामीणों में फैली दहशत के बाद वन विभाग ने उसे पिंजरे में कैद किया थावन विभाग के अनुसार, मादा तेंदुआ पिछले करीब एक माह से मूर्तिहा और आसपास के गांवों में घूम रही थी। इस दौरान उसने कई पालतू पशुओं को अपना शिकार बनाया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग ने मंगलवार को पिंजरे में बकरी बांधकर रेस्क्यू अभियान चलाया, जिसमें तेंदुआ सुरक्षित पकड़ लिया गया। बकरी को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा।बृहस्पतिवार तड़के उत्तर निघासन के क्षेत्रीय वनाधिकारी और दुधवा नेशनल पार्क के पशु चिकित्सक डॉ. की देखरेख में तेंदुए को विशेष वाहन से चित्रकूट ले जाया गया। वहां रानीपुर टाइगर रिजर्व के मानिकपुर प्रथम के क्षेत्रीय वनाधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने कल्याणपुर बीट के जंगल में उसे सुरक्षित छोड़ दिया वन अधिकारियों ने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व में कैमरा ट्रैप के जरिए अब तक 82 तेंदुओं की मौजूदगी दर्ज की गई थी। इस मादा तेंदुए के छोड़े जाने के बाद संख्या बढ़कर 83 हो गई है। इससे क्षेत्र की जैव विविधता को मजबूती मिलने के साथ वन्यजीव पर्यटन को भी लाभ मिलने की उम्मीद है वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि गांव के आसपास कोई जंगली जानवर दिखाई दे तो उससे दूरी बनाए रखें और तत्काल वन विभाग को सूचना दें। किसी भी स्थिति में वन्यजीव को पकड़ने या भगाने का प्रयास न करें।

## मां को कंधों पर कांवड़ के आसन पर बैठाकर शुरू की यात्रा

**लखीमपुर-खीरी।** सावन माह में जहां लाखों श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ यात्रा निकाल रहे हैं, वहीं एक युवक ने अपनी अनूठी भक्ति और मां के प्रति समर्पण का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। मुड़ा बुजुर्ग के अलियाबाद गांव निवासी दिनेश ने अपनी वृद्ध मां जगपति को कंधों पर कांवड़ के आसन पर बैठाकर यात्रा शुरू की। पूरी यात्रा के दौरान वह बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच आगे बढ़ता जा रहा है। इस दृश्य को देखकर श्रद्धालुओं ने युवक की जमकर सराहना की और उसे कलयुग का श्रवण कुमार बताया यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह युवक पर पुष्पवर्षा कर उसका उत्साहवर्धन किया। स्थानीय लोगों का कहना था कि आज के दौर में जहां लोग अपने माता-पिता की सेवा से विमुख हो रहे हैं, वहीं इस युवक ने मां को कंधों पर बिठाकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। दिनेश ने बताया कि माता-पिता की सेवा करना ही उसका सबसे बड़ा धर्म है।

# नम आंखों से विदा हुए सागर गुप्ता, बड़े भाई ने दी मुखाग्नि

**कानपुर।** यूक्रेन के ड्रोन हमले में जान गंवाने वाले मर्चेंट नेवी के चीफ अफसर सागर गुप्ता का गुरुवार सुबह भैरोघाट पर पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके बड़े भाई मनीष गुप्ता ने मुखाग्नि दी। अंतिम यात्रा और अंतिम संस्कार में परिवार, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही। पूरे माहौल में गम और शोक का माहौल छाया रहा।

बुधवार शाम दिल्ली से एंबुलेंस के जरिए सागर गुप्ता का पार्थिव शरीर शास्त्री नगर स्थित उनके आवास पहुंचा था। ताबूत देखते ही पत्नी शालू गुप्ता, मां रामादेवी, बहन पूजा, भाभी ज्योति, भतीजी लक्ष्मी समेत अन्य परिजन फूट-फूटकर रो पड़े। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की।

गुरुवार सुबह शास्त्री नगर से अंतिम यात्रा निकाली गई, जो भैरोघाट पहुंची, जहां पूरे राजकीय सम्मान की मांग के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया। हालांकि परिजनों ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन का कोई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए काकादेव थाना पुलिस मौजूद रही।

अंतिम संस्कार के दौरान परिजनों ने सरकार के प्रति नाराजगी भी जताई। उनका आरोप है कि घटना के 18 दिन बाद पार्थिव शरीर घर पहुंचा और उसे तिरंगे में लपेटकर भी नहीं भेजा गया। परिजनों का कहना है कि उन्हें स्वयं पार्थिव शरीर पर तिरंगा ओढ़ाना पड़ा। उनका यह भी आरोप है कि अब तक उनकी किसी भी मांग पर सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। परिवार ने सागर गुप्ता को 'बलिदानी' का दर्जा, दो करोड़ रुपये का मुआवजा तथा उनकी पत्नी शालू गुप्ता को सरकारी नौकरी देने की मांग एक बार फिर दोहराई है। परिजनों का कहना है कि देश के लिए जान गंवाने वाले सागर को सम्मान और परिवार को न्याय मिलना चाहिए।

# अभ्युदय निशुल्क कोचिंग में सिविल सर्विसेज एवं यूपीपीएससी अभ्यर्थियों से डीएम का संवाद, सफलता के दिए प्रेरक मंत्र



*अवधनामा संवाददाता*

**बलरामपुर।** जनपद में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग योजना के अंतर्गत डायट (जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) में सिविल सर्विसेज एवं उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के साथ जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन ने संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर उन्होंने अभ्यर्थियों की तैयारी, अध्ययन पद्धति एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें पूरे मनोयोग, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सीमित संसाधनों को कभी अपनी कमी न समझें, बल्कि उन्हें अपने संघर्ष और सफलता का सबसे बड़ा अवसर बनाएं। । उन्होंने विद्यार्थियों से हर परिस्थिति में सकारात्मक सोच बनाए रखने और धैर्य के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। दूसरों से तुलना करने के बजाय स्वयं को प्रतिदिन बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, उत्तर लेखन अभ्यास, समसामयिक घटनाओं के अध्ययन एवं समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को यह भी सुझाव दिया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी रोबोटिक तरीके से नहीं, बल्कि एक संतुलित एवं सामान्य जीवन शैली के साथ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मानसिक और शारीरिक संतुलन बनाए रखते हुए निरंतर मेहनत करने वाले अभ्यर्थी लंबे समय तक बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं।

उन्होंने तैयारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक दबाव एवं भटकाव जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान अभ्यर्थियों को तनाव से बचते हुए सकारात्मक वातावरण, आत्मविश्वास और अनुशासित दिनचर्या बनाए रखनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डायट बलरामपुर में एक आधुनिक स्टडी रूम विकसित किया जाएगा।

## सरसावा पुलिस ने दो शराब तस्कर दबोच, 48 हाफ चंडीगढ़ मार्का अंग्रेजी शराब बरामद

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो शातिर नशा तस्करों को दबोचकर उनके कब्जे से भारी मात्रा में चंडीगढ़ मार्का शराब बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी अभिनंदन के निर्देश पर अवैध शराब की बिक्री/तस्करी एवं इस धंधे में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना सरसावा पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक प्रवेश कुमार व उपनिरीक्षक अतुल कुमार के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान दो शातिर शराब तस्करों सावेज पुत्र अनवर निवासी एकता कालोनी थाना कुतुबशेर सहारनपुर व मोबीन पुत्र गुलाब नबी निवासी टीचर कालोनी कस्बा व थाना सरसावा को नकुड़ रोड़ से बुढेड़ा जाने वाले पर ट्यूबवैल के पास से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 48 हाफ अंग्रेजी शराब इम्पीरियल ब्लू प्रीमियर ग्रीन व्हिस्की चंडीगढ़ मार्का बरामद कर ली।

# कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर भीषण टक्कर, तीन की मौत, 21 घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** कानपुर-हमीरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने तीन लोगों की जान ले ली, जबकि 21 यात्री घायल हो गए। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के कुंडौरा गांव के पास महोबा डिपो की रोडवेज बस और सामने से आ रहे टैंकर के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और बस तथा टैंकर के चालक स्टेयरिंग में बुरी तरह फंस गए।

जानकारी के अनुसार कानपुर से महोबा जा रही रोडवेज बस शाम करीब सात बजे कुंडौरा गांव के पास एक कार को ओवरटेक कर रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे टैंकर से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। कई यात्री खिड़कियों और दरवाजों से बाहर निकलकर अपनी जान बचाने का प्रयास करते दिखाई दिए।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देने के साथ राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद बस चालक निसार और टैंकर चालक को स्टेयरिंग से बाहर निकाला गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। टैंकर चालक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी।हादसे में बस में सवार महोबा निवासी 60 वर्षीय नंदकिशोर नायक की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं बस के परिचालक सहित कुल 21 यात्री घायल हुए हैं। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से दस से अधिक गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए रेफर कर दिया गया।

टक्कर के बाद पीछे से आ रही एक कार भी बस से जा टकराई। हालांकि कार के एयरबैग खुल जाने से उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गए।

## 500 वर्षों से चली आ रही परंपराः सहारनपुर के अखाड़े में डाली गई हल्दी, तेल और मट्ठा, पहलवानों के लिए तैयार हुई औषधीय मिट्टी

**सहारनपुर।** धसीटू महाराज फुलवारी आश्रम स्थित श्री ठाकुर जी महाराज फुलवारी आश्रम चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षण में संचालित व्यायामशाला (अखाड़े) में आज पारंपरिक तरीके से अखाड़े की मिट्टी तैयार करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरु जगमोहन भारद्वाज के नेतृत्व में अखाड़े की मिट्टी में 50 किलो हल्दी, 75 किलो सरसों का तेल और 5 क्विंटल मट्ठा मिलाया गया। गुरु जगमोहन भारद्वाज ने बताया कि यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि अखाड़े की मिट्टी में हल्दी, तेल और मट्ठा मिलाने का उद्देश्य मिट्टी को मुलायम और अभ्यास के लिए अनुकूल बनाना है। उनका कहना है कि जब पहलवान कुश्ती का अभ्यास करते हैं तो कई बार शरीर पर खरोंच या हल्की चोट लग जाती है।

# गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना देवबंद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार देवबंद कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव व उपनिरीक्षक रोबिल्स कुमार के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे तीन आरोपियों साफवान पुत्र आरिफ निवासी भायल रोड मौहल्ला नेचलगढ़, अजीम पुत्र अख्तर निवासी मौहल्ला पठानपुरा एवं शाहनवाज पुत्र हनीफ निवासी मौहल्ला नेचलगढ़ सभी कस्बा व थाना देवबंद को रणखंडी फाटक से गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को वादी प्रभारी निरीक्षक कपिल देव ने दबोचे गए आरोपियों के खिलाफ आर्थिक व भौतिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से गिरोह बनाकर अनुचित रूप से अपराध कारित कर जनता व आमजन में भय व्याप्त करने के आरोप में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू की थी। दबोचे गए आरोपी शातिर किस्म के अभ्यस्थ अपराधी हैं जिनके खिलाफ क्रमशः विभिन्न थानों में अलग-अलग धाराओं में छह, सात व छह मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# गंगोह पुलिस की गौकशों से मुठभेड़, एक घायलावस्था में गिरफ्तार, चार अन्य फरार

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** गंगोह कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर गौकश को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके चार साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर, गौकशी के उपकरण एवं एक जिंदा गौवंश बरामद करने में सफलता हासिल कर ली। मिली जानकारी के अनुसार गंगोह कोतवाली पुलिस देर रात्रि प्रभारी निरीक्षक इंद्रेश कुमार, उपनिरीक्षक बिलेश कुमार व उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में सिराजपुर तिराहे पर वाहन चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिशनगढ़ चोरी से यमुना नदी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते की ओर चार-पांच व्यक्ति एक गौवंश को ले जा रहे हैं। पुलिस मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंची तो वहां चार-पांच व्यक्ति एक गौवंश को रस्सी से बांधकर उसकी हत्या करने की फिराक में थे। पुलिस ने गौकशों को ललकारते हुए टोका तो गौकशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने जान की परवाह किए बगैर आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें एक बदमाश दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे पुलिस ने बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसके चार अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे जिनकी तलाश में पुलिस क्ाफी देर तक काम्बिंग करती रही परंतु उनका कुछ नहीं चल सका। दबोचे गए घायल गौकश की पहचान इखलाख पुत्र अल्लाह बंदा निवासी ग्राम हलवाना थाना गंगोह के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर गौकशी के उपकरण एवं गौवंश जिंदा बरामद कर लिया। दबोचे गए घायल बदमाश ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि वह व उसके साथी मिलकर जंगल में घूमते आवारा पशुओं को पकड़ लेते हैं और जंगल में सुनसान जगह ले जाकर उनका कटान कर उनके मांस को मुस्लिम बस्तियों में बेच देते हैं।

# कजली मेला की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

- सुरक्षा व्यवस्था व भीड़ नियंत्रण के लिए दिए सख्त निर्देश
- मेला परिसर के भीतर वाहनों के प्रवेश पर रहेगा प्रतिबंध



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** बुंदेलखंड के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए महोबा पुलिस और प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह और उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडेय ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मेला स्थल का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने पूरे परिसर का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिक स्तर पर रखते हुए अधिकारियों ने मेला परिसर और उसके आसपास के संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के आदेश दिए। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। इसके अलावा, महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष महिला पुलिस बल की तैनाती और जगह-जगह हेल्प डेस्क स्थापित करने पर जोर दिया गया है। मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं और दुकानदारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यातायात प्रबंधन को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं। मेला परिसर के भीतर वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही दुकानों के बीच रास्तों को चौड़ा रखने, वैकल्पिक पार्किंग स्थलों के निर्माण और रूट डायवर्जन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति पैदा न हो सके। अधिकारियों ने मेला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्रकाश, साफ-सफाई, पेयजल और आपातकालीन सुविधाओं का भी जायजा लिया। उपजिलाधिकारी सदर एवं एएसपी ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था और जनसुविधाओं में किसी भी प्रकार की चूक या अव्यवस्था कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को समय सीमा के भीतर तैयारियां पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

# मूंगफली बीज वितरण में बड़ी धांधली का आरोप, जय जवान जय किसान एसोसिएशन का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** जिले में मूंगफली बीज के आवंटन और उनके वितरण कार्य में अनियमितताओं के विरोध में गुरूवार को सदर तहसील परिसर में जय जवान जय किसान एसोसिएशन के बैनर तले किसानों प्रदर्शन कर विरोध जताया। प्रदर्शन दौरान किसानों ने वित्तीय 2026-27 खरीफ फसल में मूंगफली धांधली में विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

प्रदर्शन दौरान जय जवान जय किसान एसोसिएशन के अध्यक्ष गुलाब सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिले में किसानों के साथ मूंगफली बीज वितरण के नाम पर विभाग ने तमाम अनियमितताएं बरती गई है, जिससे किसानों में अंतोष व्याप्त है। कहा कि जिले के किसानों के लिए लभगभ दस हजार क्विंटल मूंगफली बीत प्राप्त हुआ था, लेकिन संबन्धित पोर्टल पर इस बीज का किसानवार ग्रामवार व ब्लाकवार वितरण का डाटा उपलब्ध नहीं है। वहीं दूसरी ओर मिनीकिट योजना के अंतर्गत 438 किसानों ने 87.60 क्विंटल मूंगफली बीज की आनलाइन बुकिंग की थी, लेकिन लगभग 48 क्विंटल बीज का ही आनलाइन वितरण पदर्शित हो रहा है, जो विभागीय अनियमितताओं को दर्शाती है।

कहा कि दस हजार क्विंटल मूंगफली बीज का वितरण वास्तव में ईपास मशीनों के माध्यम से किया गया है तो प्रत्येक लाभार्थी किसान का डिजिटल रिकार्ड, वितरण की मात्रा और तिथि व स्थान आनलाइन पोर्टल पर होना चाहिए, लेकिन इस मामले में कोईग् समुचित विवरण उपलब्ध नहीं किया गया।

# अमेरिकी कलाकारों की कुचिपुड़ी प्रस्तुति से सजी घाट संध्या, शिवमय हुई सुबह-ए-बनारस

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** अस्सी घाट स्थित सुबह-ए-बनारस के मंच पर गुरुवार को आयोजित घाट संध्या भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक छटा से सराबोर हो उठी। अमेरिका से आई कलाकार डॉ. रम्या राव, रूपा राव और कन्ना राव ने दक्षिण भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली कुचिपुड़ी की आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी भावपूर्ण अभिव्यक्ति, सधी हुई मुद्राओं और उत्कृष्ट नृत्य शैली ने घाट पर मौजूद दर्शकों को देर तक तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ 'प्रणवाकारम्' की प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद कलाकारों ने 'नमः शिवायते', 'शिवाष्टकम्', 'भज गोविन्दम्', 'नटेश कौतुवम्', 'शिव तांडव स्तोत्रम्' और 'मरकत तरंगम्' जैसी भगवान शिव को समर्पित रचनाओं की मनोहारी प्रस्तुति दी। नृत्य के माध्यम से भक्ति, अध्यात्म और भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। कार्यक्रम का समापन 'मदनगोपालते मंगलम्' से हुआ।

मुख्य अतिथि काशी के प्रख्यात वैदिक विद्वान के. वेंकटरमण घनपाठी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपरा संपूर्ण विश्व को एक सूत्र में जोड़ने की अद्भुत क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि विदेशों में रहने वाले कलाकार जब भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य को अपनाकर उसे वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करते हैं, तो यह भारत की सांस्कृतिक विरासत के विस्तार का जीवंत प्रमाण है।

के. वेंकटरमण घनपाठी ने कहा कि, भारतीय शास्त्रीय नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि ईश्वर की आराधना,आध्यात्मिक साधना और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विदेशों में भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में लगे कलाकारों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर अमेरिका से आई कलाकारों ने कहा कि काशी की पावन धरती पर प्रस्तुति देना उनके लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से प्रेरित होकर वे निरंतर भारतीय शास्त्रीय कलाओं का अभ्यास कर रहे हैं और विश्वभर में भारतीय संस्कृति का संदेश पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन सीमा केसरी ने किया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं राष्ट्रभावना के अनुरूप मनाया जाए : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में आगामी 79वें स्वतंत्रता दिवस के आयोजन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव एवं देशभक्ति का पर्व है। इसके आयोजन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित कार्यक्रमों का सफल संचालन सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक कार्यक्रम गरिमामय, अनुशासित एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के अनुरूप संपन्न कराया जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि 15 अगस्त प्रातः 6:30 बजे प्रभात फेरी का आयोजन जनपद के समस्त विकास खंडों, तहसील मुख्यालयों एवं नगर क्षेत्रों में किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा शहरी क्षेत्र में स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम से प्रभात फेरी का आयोजन किया जाए। प्रभात फेरी मार्गों पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने बताया गया कि प्रातः 7:00 बजे फिट इंडिया रन का आयोजन किया जाएगा, जबकि 7:30 बजे महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं स्वच्छता अभियान संचालित होगा। इसके उपरांत प्रातः 8:00 बजे समस्त शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, विद्यालयों तथा संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ध्वजारोहण कार्यक्रम भारत सरकार एवं राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराया जाए।

# इंद्र विक्रम सिंह ने किया मण्डलायुक्त का पदभार ग्रहण

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश कैडर के 2009 बैच के आईएएस अधिकारी एवं गोरखपुर के नवागत मंडलायुक्त इंद्र विक्रम सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले जनपद आगमन पर सर्किट हाउस में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी के साथ अभिनंदन करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

सर्किट हाउस पहुंचने पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त अजय जैन, गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल, अपर आयुक्त जय प्रकाश, एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार, एडीएम प्रशासन डॉ. वैभव शर्मा, सीआरओ हिमांशु वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव, ओएसडी प्रखर उत्तम,एसडीएम सदर ज्ञान प्रताप सिंह, तहसीलदार सदर सूर्य प्रकाश गुप्ता, नायब तहसीलदार देवेंद्र यादव एवं अरविंद पांडेय सहित अन्य अधिकारियों ने मंडलायुक्त का स्वागत किया। अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नवागत मंडलायुक्त का अभिनंदन किया और गोरखपुर मंडल में उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इसके उपरांत उन्हें औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल गरिमामय हो गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने विश्वास जताया कि इंद्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में गोरखपुर मंडल में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। मंडलायुक्त के रूप में उनका अनुभव और कार्यशैली जनपद के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# अब गैस के लिए नहीं करना होगा लंबा इंतजार तीन घंटे में घर पहुंचेगा 'इंडेन एक्स्ट्रालाइट' सिलेंडर

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए राहत और सुविधा की नई शुरुआत करते हुए इंडियनऑयल ने वाराणसी में गुरुवार को अत्याधुनिक 'इंडेन एक्स्ट्रालाइट नाउ' सिलेंडर लॉन्च कर दिया। इस नई व्यवस्था के तहत अब उपभोक्ताओं को नए सिलेंडर या अतिरिक्त कनेक्शन के लिए लंबे इंतजार की जरूरत नहीं होगी। कंपनी ने दावा किया है कि बुकिंग के महज तीन घंटे के भीतर सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। इतना ही नहीं, पारंपरिक स्टील सिलेंडरों की तुलना में करीब 50 प्रतिशत हल्का यह कंपोजिट सिलेंडर न केवल उठाने में आसान होगा, बल्कि इसकी पारदर्शी बॉडी के कारण उपभोक्ता बिना किसी अनुमान के बाहर से ही यह देख सकेंगे कि सिलेंडर में कितनी गैस बची है।

इंडियनऑयल के कार्यकारी निदेशक एवं उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय-1 के राज्य प्रमुख संजय भंडारी ने वाराणसी में आयोजित समारोह में इस नई सेवा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (एलपीजी) भोद्रो लाकरा, वरिष्ठ अधिकारी, गैस वितरक तथा बड़ी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे।

संजय भंडारी ने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे वाराणसी जैसे शहर के लिए यह उत्पाद आधुनिक जीवनशैली की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि हल्का होने के कारण इसे महिलाएं और बुजुर्ग भी आसानी से उठा सकेंगे। कंपोजिट बॉडी जंग-मुक्त है, इसलिए फर्श पर जंग के निशान नहीं पड़ेंगे और सिलेंडर लंबे समय तक सुरक्षित रहेगा। सबसे बड़ी खासियत इसकी पारदर्शी बनावट है, जिससे उपभोक्ता गैस खत्म होने का अनुमान लगाने के बजाय वास्तविक स्तर देख सकेंगे और समय रहते रिफिल की योजना बना सकेंगे।

# जिला कार्यक्रम अधिकारी की उदासीनता, आंगनवाड़ी केंद्रों से मिल रहा सड़ा खाद्यान्न

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी की उदासीनता कहे या लापरवाही जिले में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों से गर्भवती महिला तथा कुपोषित बच्चों को प्रदेश सरकार द्वारा फ्री खाद्यान्न वितरण कराया जा जाता है। देखने में मिला है कि इन केंद्रों से गर्भवती महिलाओं को रिफाइंड, दाल तथा अन्य सामग्री का वितरण कराया जाता है। इसी के साथ नवजात बच्चे जिनकी उम्र 3 से 6 वर्ष तक होती हैं उनको दलिया, पंजीरी आदि सामान का वितरण किया जा रहा है। वही आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा दलिया और पंजीरी जो वितरित की जा रही है उसमें कीड़े पड़े हुए है।

इस सामान को इंसान तो क्या जानवर भी नहीं खा रहे। ऐसा लगता है कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए जा रहे बजट का बंदरबाट करते हुए सड़ा हुआ सामान वितरण कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कांत राय से अनेको बार की गई परंतु अधिकारी की उदासीनता और घोर लापरवाही देखने को मिली और उन्होंने भ्रष्ट आंगनवाड़ी संचालकों के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं की।

यह भी देखा गया कि अधिकांश खाद्यान्न को गर्भवती महिलाएं और कुपोषित बच्चों को वितरण न कर बाजार में बेच देते है। इससे साफ जाहिर है कि जिले के कार्यक्रम अधिकारी का आंगनवाड़ी संचालिकाओं को पूरा सहयोग प्राप्त है जिस कारण यह हो रहा है।

# खलिहान से निर्माण सामग्री हटाने को लेकर मारपीट, मां-बेटी व नाबालिग पुत्र घायल

**महोबा।** महोबकंठ थाना के कनकुआ गांव के खलिहान में रखी निर्माण सामग्री हटाए जाने को लेकर हुए पारिवारिक विवाद पैदा हो गया। इस विवाद में मां, बेटी और नाबालिग बेटे की कुछ लोगों ने मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस एक महिला सहित तीन लोगों पर रिपार्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कनकुआ गांव निवासी रामजानकी (55) ने बताया कि उसके खलिहान में परिवार के कुछ लोग ईंट बालू गिट्टी आदि रखे हुए थे और बारिश होने से पानी निकासी और कीड़े आदि आने का भय बढ़ जाने के कारण उसने निर्माण सामग्री को हटाए जाने की बात कही तो उपरोक्त लोगों ने विवाद शुरू कर दिया। बताया कि जब इसका विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी।

# अकीदत के साथ निकाला गया चेहल्लुम का ताजिया जुलूस, 'या हुसैन' की सदाओं से गूंजा शहर



- हल्की बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में शामिल हुए अकीदतमंद, जगह-जगह बांटा गया लंगर

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** मोहर्रम के चालीसवें दिन यानी चेहल्लुम के मौके पर बुधवार को रात करीब साढ़े बजे शहर के विभिन्न इमाम चैकों से परंपरागत तरीके से ताजियों को निकाला गया जो रात दस बजे के करीब ऊदल चैक पहुंचकर एक बड़े जलसे में तब्दील हो गया। ताजिया जुलूस दौरान लोगों की भारी भीड़ जुटी, जुलूस दौरान या अली, या हुसैन की सदाएं सुनाई दे रही थी, जहां लोगों ने शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश की।

चेहल्लुम पर्व के मौके पर भटीपुरा, मकनियापुरा, पाठनपुरा, कसौरा, ढपलयाना सहित शहर के विभिन्न इमामबाड़ों में जुलूस से पूर्व ताजियों को तैयार किया गया और मंगलवार को शहर का गश्त लगाकर वापस अपने अपने इमाम चैक पर ताजियों को वापस लाया गया। इसके बाद बुधवार की शाम से सभी ताजियों को अकीदत के साथ उठाते हुए अन्य मोहल्लों के इमाम चैक से होते हुए सभी ताजिये पठानपुरा, मिल्कीपुरा होते हुए रात दस बजे ऊदल चैक में एकत्रित हुए, जहां पर कई घंटों तक जलसा होता रहा। जुलूस में अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए नम आंखों से ताजियों का गश्त कराया।

हल्की बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में अकीदतमंद जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान या अली या हुसैन की सदाओं से पूरा इलाका गूंज उठा। अकीदतमंदों ने शहीदों को नम आंखों से दुआ-ए-मगफिरत पेश की। जुलूस में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर हजरत इमाम हुसैन की याद में अपनी अकीदत पेश की। जुलूस दौरान जगह जगह लोगों ने पानी, चाय के अलावा बिरयानी आदि लंगर का वितरण किया, जिसे पाने के लिए लोगों की खासी भीड़ जुटी। ताजिया जुलूस ऊदल चैक से काजीपुरा मैदान, भीतरकोट होते हुए देर रात हवेली दरवाजा मैदान पहुंचने के बाद ताजिये अपने अपने इमाम चैकों के लिए रवाना हो गए।

# 9 अगस्त को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में गूंजेगा 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' का संकल्प

**गोरखपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'माय भारत केंद्र गोरखपुर के तत्वावधान में 9 अगस्त 2026 दिन रविवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत भव्य नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उनकी रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा समाज में नशा मुक्त वातावरण के निर्माण के लिए जनभागीदारी बढ़ाना है। माय भारत केंद्र गोरखपुर की जिला युवा अधिकारी सीमा पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिताओं में केवल वही युवा प्रतिभाग कर सकेंगे, जिन्होंने 'माय भारत' पोर्टल पर पूर्व पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि पंजीकृत युवाओं को ही 9 अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान वाद-विवाद, रील एवं शॉर्ट फिल्म निर्माण, संगीत एवं रैप प्रस्तुति, स्लैम पोएट्री (कविता पाठ), नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, स्लोगन लेखन, थीम आधारित नृत्य तथा नशा मुक्ति ऑनलाइन क्विज़ जैसी आकर्षक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से युवा नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाएंगे।

# श्रावण में शिवतत्त्व को समझें, तभी सार्थक होगी साधना : जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ



**वाराणसी।** श्री काशीधर्म पीठ रामेश्वर मठ, अस्सी में चल रहे चातुर्मास महाव्रत के अष्टम दिवस पर काशीधर्म पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री नारायणानंद तीर्थ जी महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रावण मास में शिवतत्त्व को समझने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान शिव केवल पूजन के देवता नहीं, बल्कि त्याग, करुणा, वैराग्य, समरसता और परम चेतना के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि श्रावण मास केवल व्रत और अभिषेक तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने अंतःकरण को शुद्ध करने और शिव के आदर्शों को जीवन में उतारने का श्रेष्ठ अवसर है। जब मनुष्य शिवतत्त्व को समझकर जीवन में धारण करता है, तभी उसकी साधना सार्थक होती है और वह आध्यात्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होता है। चातुर्मास महाव्रत के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातःकाल पादुका पूजन, गुरुदेव के दर्शन, सत्संग और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। कार्यक्रम में श्री काशीधर्म पीठ के व्यवस्थापक आनंदस्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज, आचार्य अनुज मिश्रा, प्रवक्ता एडवोकेट विनय तिवारी, देवमणि शुक्ला (मिर्जापुर), राकेश शेखड़ी, ब्रजेश पुरी (जालंधर) सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

# चेतमनी गेस्ट हाउस मे पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ

**वाराणसी।** गेल इंडिया ने अर्दली बाजार स्थित चेतमनी गेस्ट हाउस मे पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क से सफलतापूर्वक जोड़ दिया है। गेल ने बताया कि, यह कार्य गेल की प्रोजेक्ट्स टीम द्वारा किया गया। पूर्व में प्रतिष्ठान की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति मुख्य रूप से एलपीजी सिलेंडरों के माध्यम से की जाती थी तथा यहां लगभग (30) एलपीजी सिलेंडरों प्रति माह की खपत होती थी। अब पीएनजी आपूर्ति प्रारंभ होने के पश्चात प्रतिष्ठान को चौबीसों घंटे निरंतर, सुरक्षित एवं विश्वसनीय प्राकृतिक गैस उपलब्ध होगी, तथा एलपीजी के स्थान पर पीएनजी को अपनाए जाने से प्रतिमाह उपयोग होने वाले लगभग (30) एलपीजी सिलेंडरों की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। परिणामस्वरूप ये सिलेंडर अन्य क्षेत्रों एवं उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उपलब्ध कराए जा सकेंगे। खेलने बताया कि कंपनी का विश्वास है कि स्वच्छ ऊर्जा अवसंरचना के निरंतर विस्तार से न केवल उपभोक्ताओं को सुविधाजनक एवं विश्वसनीय ऊर्जा उपलब्ध होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष एवं राजस्व अभिलेखागार का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष एवं राजस्व अभिलेखागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष में स्थापित संचार व्यवस्था, प्राप्त होने वाली सूचनाओं के संकलन, रजिस्टरों के संधारण तथा विभिन्न तहसीलों एवं संबंधित विभागों से समन्वय की स्थिति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बाढ़ संबंधी प्रत्येक सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए उसका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्ष 24म7 सक्रिय रहे तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जलस्तर, राहत एवं बचाव कार्यों तथा प्रभावित क्षेत्रों की अद्यतन जानकारी नियमित रूप से संकलित एवं प्रेषित की जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष में तैनात कार्मिकों को जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपात स्थिति के समय बाढ़ पीड़ित का कॉल आने पर संबंधित ग्राम प्रधान, लेखपाल एवं उप जिलाधिकारी से तुरंत संपर्क कर पीड़ित को बाढ़ शरणालय स्थल तक पहुंचाएं, इसके साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रत्येक तीन दिवस की अवधि के अंतराल में शिविर आयोजित कराएं, जिससे आपदा पीड़ित व्यक्ति एवं उनके पशुओं को चिकित्सा उपचार का लाभ प्राप्त हो सके एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर संबंधित बाढ़ प्रभावित गांवों में शिक्षकों के माध्यम से बच्चों का अध्ययन कार्य पूर्ण कराएं। बाढ़ प्रभावित गांवों में हर संभव प्रशासनिक सहायता हेतु निरंतर ग्राम प्रधानों के संपर्क में रहें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव, संरक्षण एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों के सुरक्षित संरक्षण, आवश्यक अभिलेखों के डिजिटलीकरण तथा अभिलेखागार में स्वच्छता एवं व्यवस्थित रिकॉर्ड प्रबंधन बनाए रखने के निर्देश दिए।

# टीनशेड में गमछे से फंदा लगाकर किसान ने की खुदकुशी, मचा कोहराम



**महोबा।** थाना पनवाड़ी क्षेत्र के तुर्रा गांव में एक ग्रामीण ने छत पर बने टीनशेड पर गमछे के सहारे फांसी लगा ली। परिजनों के देखने पर आनन फानन में उसे नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मियो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद परिजनों से मौत के कारणों के बावत पूछताछ कर जांच शुरू कर दी है। तुर्रा गांव निवासी सुधीर राजपूत (30) पुत्र महेशचंद्र खेती किसानी का काम करता था। आठ साल पहले उसकी शादी हुई थी और चार साल का पुत्र है। परिजनों ने बताया कि सुधीर ने खाना खाया और छत पर बने टीनशेड पर थोडा आराम करने की बात कहकर चला गया।

# रेल परियोजना में अधिग्रहित भूमि पर अवैध प्लॉटिंग करने वालों को अंतिम अवसर, 11 अगस्त तक दें साक्ष्य

अवधनामा संवाददाता

- जमालपुर सिया में अधिग्रहित गाटों पर अवैध प्लॉटिंग के मामले में प्रशासन सख्त, आपत्तियां 11 अगस्त तक आमंत्रित

**अलीगढ़।** उप जिलाधिकारी गभाना ने विशेष रेल परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित ग्राम जमालपुर सिया की भूमि के संबंध में संबंधित भू-स्वामियों एवं प्लॉट धारकों को महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गाटा संख्या 428, 425, 429, 430, 433, 434 एवं 435 का भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि अधिग्रहण प्रक्रिया के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अधिसूचना जारी होने से पूर्व कुछ व्यक्तियों एवं प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा विकास प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराए बिना और भूमि को आबादी घोषित कराए बिना अवैध रूप से प्लॉटिंग कर दी गई थी। इन गाटों में अनेक लोगों द्वारा प्लॉट भी क्रय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित गाटे अब आधिकारिक रूप से विशेष रेल परियोजना के लिए अधिग्रहित हो चुके हैं। ऐसे में प्रभावित व्यक्तियों की पात्रता एवं दावों के परीक्षण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति को इन गाटों के संबंध में कोई दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करनी है तो वह 11 अगस्त 2026 मंगलवार तक किसी भी कार्य दिवस में तहसील गभाना स्थित रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में अपने साक्ष्यों सहित उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उप जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि के भीतर साक्ष्य प्रस्तुत न करने की स्थिति में प्रशासन उक्त प्लॉटिंग को अवैध मानते हुए नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा। इसके बाद प्राप्त होने वाले किसी भी दावे अथवा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी के झांसे में न आएं और समय रहते अपने अभिलेखों के साथ प्रशासन के समक्ष उपस्थित होकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# लूट और चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नगर कोतवाली पुलिस ने लूट और चोरी के दो अलग-अलग मामलों का खुलासा करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी और लूट का लाखों रुपये मूल्य का सामान, नकदी, वाहन तथा अन्य सामग्री बरामद की गई है।नगर कोतवाली में आयोजित प्रेस वार्ता में क्षेत्राधिकारी नगर श्रेयस त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देशन एवं उनके पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में की गई। उपनिरीक्षक अशोक कुमार और उनकी टीम ने गुरुवार तड़के करीब 4:55 बजे जीआईसी तिराहा से जेल के पीछे स्थित मर्चरी हाउस होते हुए रेलवे स्टेशन मालगोदाम के पास घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवम गौड़ उर्फ अमित गौड़ (20 वर्ष) निवासी खानपुर मसौधा, थाना पूराकलंदर, हिमांशु गौड़ (35 वर्ष) निवासी गायत्री नगर कॉलोनी, सहादतगंज, थाना कैंट तथा अनुराग यादव उर्फ गोलू (21 वर्ष) निवासी खोजनपुर अमौना, रानीबाजार, थाना पूराकलंदर के रूप में हुई है।सीओ सिटी ने बताया कि तीनों आरोपी नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 257/2026 एवं मुकदमा संख्या 466/2026 में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के साथ ही दोनों मामलों का सफल अनावरण किया है

।आरोपियों के कब्जे से बरामद सामान में एक पल्सर मोटरसाइकिल, एक ई-रिक्शा, दो जोड़ी सोने की बालियां, एक जोड़ी चांदी की पायल, 12 हजार रुपये नकद, कॉपर तार, दो हिल्टी ड्रिल मशीन, तीन सबमर्सिबल मोटर, एक क्रॉम्प्टन कंपनी की इलेक्ट्रिक मोटर, एक एलईडी टीवी, डीवीआर, इंडेन गैस सिलेंडर, चार शीशी इत्र, एक जोड़ी जूते तथा 201 रुपये की नकदी सहित अन्य सामान शामिल है। बरामद माल की कुल कीमत लाखों रुपये आंकी गई है।

## तीर्थपुरोहितों की समस्याओं के समाधान का महापौर ने दिया भरोसा



**अयोध्या।** गुरुवार को अयोध्या तीर्थपुरोहित समाज के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी से उनकी आवाज तीन कलश तिवारी मंदिर में मुलाकात कर तीर्थपुरोहितों की समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने घाटों पर कार्य करने वाले तीर्थपुरोहितों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उनकी पहचान सुनिश्चित करने की मांग रखी। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि नगर निगम की ओर से तीर्थपुरोहितों का विधिवत पंजीकरण कराया जाएगा तथा उन्हें पहचानपत्र जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि घाटों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाएगी और तीर्थपुरोहितों के बैठने के लिए छाजन के रूप में छतरियों की व्यवस्था भी कराई जाएगी, ताकि उन्हें धूप और बारिश से राहत मिल सके। महापौर ने तीर्थपुरोहितों से अपेक्षा की कि वे श्रद्धालुओं की सुविधा और घाटों की सुव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए अपनी गद्दी (तख्त) निर्धारित स्थानों पर व्यवस्थित ढंग से लगाएं। उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नगर निगम और तीर्थपुरोहित समाज को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। बैठक के दौरान नगर निगम के जोनल अधिकारी ज्वाला प्रसाद भी उपस्थित रहे। महापौर से मिलने वाले तीर्थपुरोहितों में नंदकुमार मिश्र उर्फ बर्फी महाराज, दुर्गा प्रसाद पांडे, राजेश पांडे, बल्लभपीठ पांडे, राजू पांडे, लल्लू पांडे, जोगेंद्र प्रसाद, दयासिंधु पांडेय, बुच्चन महाराज, रामनाथ पांडे, राजकुमार पांडे सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल रहे।

## प्रेस से मिलिए- कार्यक्रम में विकास, पर्यटन, यातायात और मीडिया सेंटर सहित कई मुद्दों पर डीएम ने रखी प्रशासन की कार्ययोजना

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** प्रेस क्लब सिविल लाइन में आयोजित 'प्रेस से मिलिए' कार्यक्रम में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनपद की प्रमुख विकास परियोजनाओं, पर्यटन, यातायात व्यवस्था और प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए शासन लगातार संसाधन और बजट उपलब्ध करा रहा है तथा सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है।

जिलाधिकारी ने बताया कि चौदह कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण जनपद की सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है। पंचकोसी परिक्रमा शुरू होने से पहले निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है और अब केवल फिनिशिंग का काम शेष है, जिसकी लगातार निगरानी की जा रही है।पर्यटन सुविधाओं के संबंध में उन्होंने कहा कि सरयू नदी में जलस्तर लगातार बदलने के कारण वाटर मेट्रो, क्रूज और अन्य जल पर्यटन गतिविधियों के संचालन में व्यावहारिक कठिनाइयां आती हैं। उन्होंने बताया कि नदी पर प्रस्तावित बांध परियोजना शासन स्तर पर लंबित है। सिंचाई विभाग की इस परियोजना को स्वीकृति मिलने के बाद जल पर्यटन सुविधाओं का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुचारु रूप से किया जा सकेगा।मीडिया सेंटर के उपयोग से जुड़े सवाल पर जिलाधिकारी ने कहा कि उपनिदेशक सूचना को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं और शीघ्र ही मीडिया सेंटर का प्रभावी संचालन शुरू कराया जाएगा, जिससे पत्रकारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।सावन झूला मेले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह अयोध्या की अनूठी सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपरा है, जिसकी जानकारी उन्हें यहां आने के बाद विस्तार से मिली। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासन व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है।रामपथ पर पार्किंग और यातायात व्यवस्था के संबंध में जिलाधिकारी ने बताया कि दो से तीन स्थानों पर पार्किंग विकसित की जा रही है तथा अन्य उपयुक्त स्थलों की भी पहचान की जा रही है। इन व्यवस्थाओं के लागू होने से अव्यवस्थित पार्किंग और जाम की समस्या में काफी सुधार होगा।

## मंडलों को आत्मनिर्भर बनाने पर भाजपा का जोर, नियमित बैठकों से बूथ तक पहुंचेगा संगठनः अन्नू श्रीवास्तव



*अवधनामा संवाददाता*

**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर गुरुवार को खागा विधानसभा क्षेत्र के धाता और विजयीपुर मंडल में आत्मनिर्भर मंडल बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव शामिल हुए और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए नियमित मंडल बैठकों की आवश्यकता पर बल दिया। धाता मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को प्रभावी ढंग से बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए मंडल की नियमित बैठकें बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और उसकी सक्रिय भागीदारी से ही पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 'हर घर तिरंगा' अभियान, डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम तथा संत शिरोमणि रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाली कलश यात्रा को पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता समर्पण भाव से संगठन के कार्यक्रमों को सफल बनाते हुए भाजपा को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करें। जिला मीडिया प्रभारी एवं धाता मंडल प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पार्टी के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 1 से 7 तारीख के बीच मंडल बैठकों का आयोजन किया जाता है।

# जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा ने रक्तदान कर दिया मानवता का संदेश

*अवधनामा संवाददाता*




**फतेहपुर।** जिला अस्पताल में रक्त की कमी को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा के मार्गदर्शन में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी फतेहपुर द्वारा विकास भवन सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन रेडक्रॉस सोसाइटी के संयोजक एवं चेयरमैन फतेहपुर तथा उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुआ। शिविर के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विकास अधिकारी साधना दीक्षित उपस्थित रहीं। शिविर में कुल 6 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि 15 लोगों ने भविष्य में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में रक्तदान करने के लिए अपना पंजीकरण कराया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। रक्तदान करने वालों में सबसे पहले प्रगति मिश्रा (जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी) ने रक्तदान कर दूसरों को प्रेरित किया। इसके बाद सूरज सविता, रामेश्वर, अखिलेश कुमार, रंजीत सिंह तथा सुधांशु श्रीवास्तव ने भी मानवता की सेवा के उद्देश्य से रक्तदान किया। अत्यधिक वर्षा के कारण कुछ इच्छुक रक्तदाता शिविर में नहीं पहुंच सके। इसे देखते हुए रेडक्रॉस सोसाइटी ने शीघ्र ही पुनः रक्तदान शिविर आयोजित करने की घोषणा की। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए संगठन का उत्साहवर्धन किया। वहीं डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने विकास भवन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की।

## प्रधानमंत्री को छह सूत्रीय मांगपत्र, 20 अक्टूबर तक निर्णय की मांग

**अयोध्या।** सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित छह सूत्रीय मांगपत्र जिलाधिकारी के माध्यम से नगर मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए 20 अक्टूबर तक मांगों पर विचार करने की अपील की। मांगों में सवर्ण आयोग का गठन, अक्षय तृतीया पर सार्वजनिक अवकाश, अयोध्या के राम मंदिर परिसर में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण तथा यूजीसी से जुड़े कथित 'काला कानून' को वापस लेने सहित अन्य मांगें शामिल हैं।सवर्ण समाज के नेता पंडित कृपा निधान तिवारी ने कहा कि यदि निर्धारित समय तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो 24 अक्टूबर से पटना से दिल्ली तक 'चाणक्य रथ यात्रा' निकाली जाएगी और संसद का घेराव किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सवर्ण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## बहेरा सादात में अकीदत के साथ मना चेहल्लुम, करबला के शहीदों को दिया गया पुरसा

### देर रात तक चला मजलिस व जुलूस-ए-अरबईन का दौर



**फतेहपुर।** खागा तहसील क्षेत्र के बहेरा सादात गांव में बुधवार को चेहल्लुम के अवसर पर मजलिस व जुलूस-ए-अरबईन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बड़ा इमामबाड़ा, नासिर हुसैन साहब से मजलिस के बाद जुलूस निकालकर हुआ। इस दौरान प्रसिद्ध शिया धर्म गुरु मौलाना अली अब्बास छपरवी (बिहार) की रूह को झकझोर देने वाली मजलिस और सुप्रसिद्ध नौहा ख्वान रेहान जलालपुरी (अंबेडकर नगर) व अन्य नौहा ख्वानों के नौहे और मातम पेश किए गए। कार्यक्रम के आयोजक साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) के उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार शहंशाह आब्दी रहे। उन्होंने बताया कि बुधवार की शाम से शुरू हुआ प्रोग्राम देर रात तक कुशलतापूर्वक प्रशासन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस विशेष आयोजन में बिहार के प्रसिद्ध शिया धर्मगुरु मौलाना अली अब्बास छपरवी मुख्य वक्ता (खिताबत) के रूप में मजलिस सुनाकर लोगों को ग़मे हुसैन में डूबने को मजबूर किया तथावहीं आब्दी मंजिल पर मशहूर नौहाख्वान रेहान जलालपुरी के नौहे ने लोगों को अश्कबार किया। कार्यक्रम में कई अन्य नौहा ख्वानों और अंजुमनों ने नौहा व मातम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की निज़ामत मौलाना नय्यर बहिश्ती जलालपुरी ने किया। जबकि तिलावत और पेशख्वानी मरजान हाशमी आज़मगढ़ी ने किया। इस अवसर पर शमशुल भाई बांदवी के नेतृत्व में अंजुमन अब्बासिया बांदा, हुसैन वारसी की अगुवाई में अंजुमन वारसी, जेहिदपुर (कौशाम्बी) और उस्मान अली की अगुवाई में अंजुमन अब्बासिया अहले सुन्नत नजरगंज बड़ागांव, कौशाम्बी ने अपनी अंजुमन के साथ शानदार नौहे और मातम पेश किया। साथ ही नौहाख्वानी के लिए हिन्दुस्तान के मशहूर नौहाख्वान मुदस्सिर जौनपुरी और मख़सूस नौहा ख्वान आशू कानपुरी ने भी अपने नौहे पेश किए।

# पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

## समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश




*अवधनामा संवाददाता*

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न तथा अन्य कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों को लेकर बड़ी संख्या में लोग पुलिस कार्यालय पहुंचे।

पुलिस अधीक्षक ने सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याएं विस्तार से सुनकर संबंधित क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष जांच के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से भी अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य लोगों को त्वरित न्याय दिलाना और पुलिस के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करना है।

यदि किसी प्रकरण में अतिरिक्त जांच की आवश्यकता हो तो निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच पूरी कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतने, पीड़ितों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने तथा कानून के अनुरूप निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यालय के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# 35 क्लस्टरों में आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जनपद में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के समग्र विकास तथा प्रारम्भिक अवस्था में विकासात्मक बाधाओं एवं संभावित दिव्यांगताओं की समय रहते पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित 'प्रोजेक्ट पहचान' के अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण अभियान के चौथे दिन जनपद के 35 क्लस्टरों में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही अब तक कुल 185 क्लस्टरों में ग्राउंड स्टाफ के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा चुका है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं व्यवहारिक विकास के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विकासात्मक विलंब, सीखने में कठिनाई, सुनने, देखने, बोलने, चलने-फिरने अथवा मानसिक विकास से जुड़ी संभावित समस्याओं के प्रारम्भिक संकेतों की पहचान करने के व्यावहारिक तरीके बताए गए। अभिभावकों की प्रभावी काउंसलिंग, बच्चों के विकास संबंधी डेटा का संकलन, स्क्रीनिंग प्रक्रिया तथा संदिग्ध बच्चों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने की प्रक्रिया पर भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण संबंधित क्लस्टर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) एवं एएनएम द्वारा प्रदान किया गया। प्रोजेक्ट पहचान का उद्देश्य केवल विकासात्मक बाधाओं अथवा दिव्यांगता की पहचान करना नहीं, बल्कि समय रहते उपचार एवं पुनर्वास उपलब्ध कराकर बच्चों के समुचित विकास को सुनिश्चित करना है। इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी 222 क्लस्टरों में आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं एएनएम का चरणबद्ध प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद गांव-गांव सर्वेक्षण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें घर-घर जाकर 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। स्क्रीनिंग के दौरान बच्चों के बोलने, सुनने, समझने, सीखने, चलने, व्यवहार एवं सामाजिक सहभागिता सहित विभिन्न विकासात्मक मानकों का आकलन किया जाएगा।

## पीएमएस संघ के अध्यक्ष बने डॉ. आशाराम, सचिव पद पर डॉ. विपिन वर्मा निर्विरोध निर्वाचित

**अयोध्या।** प्रांतीय चिकित्सा सेवा (पीएमएस) संघ, जनपद शाखा अयोध्या के वर्ष 2026-27 के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। रेड क्रॉस भवन, जिला चिकित्सालय में आयोजित चुनाव प्रक्रिया में सभी पदों पर एक-एक वैध नामांकन प्राप्त होने के कारण सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव परिणाम की घोषणा गुरुवार अपराह्न 2 बजे जिला चुनाव अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी की मौजूदगी में की गई।चुनाव प्रक्रिया प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार संपन्न कराई गई। मुख्य चिकित्साधिकारी के आदेश पर डॉ. रामकिशोर को जिला चुनाव अधिकारी तथा डॉ. मोहम्मद अकरम को रिटर्निंग अधिकारी नामित किया गया था। नामांकन 27 से 29 जुलाई तक, जांच 30 जुलाई को तथा नाम वापसी की प्रक्रिया 31 जुलाई से 1 अगस्त तक पूरी की गई। सभी पदों पर केवल एक-एक नामांकन वैध पाए जाने के बाद मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ी।चुनाव परिणाम के अनुसार डॉ. आशाराम (जिला महिला चिकित्सालय) अध्यक्ष, डॉ. प्रियंका जैन उपाध्यक्ष (महिला), डॉ. मदन कुमार बरनवाल एवं डॉ. आलोक कुमार यादव उपाध्यक्ष (सामान्य), डॉ. विपिन कुमार वर्मा सचिव, डॉ. विजय हरि आर्या सदस्य केंद्रीय कार्यकारिणी, डॉ. मोहम्मद शादिक वित्त सचिव तथा डॉ. राकेश कुमार राय संपादक पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।निर्वाचित पदाधिकारियों ने संघ के सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की एकजुटता, चिकित्सकों के हितों की रक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे।

# सड़क पर जलजमाव से दुर्घटना की आशंका, बनवाने की मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय नगर पालिका के चौधरी चरण सिंह नगर वार्ड में ब्लॉक रोड से उत्तर तरफ स्थित आबादी के तरफ जाने वाले सड़क की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। चौधरी चरण सिंह वार्ड के सभासद रघुबर यादव ने अधिशासी अधिकारी को दिए गए पत्र में कहा है कि सिसवा से ब्लॉक रोड जाने वाली सड़क के उत्तर तरफ स्थित आबादी में जाने वाली सड़क बृजेश मद्धेशिया के दुकान से मानवेंद्र मिश्रा के घर तक सड़क एवं नाली के ऊपर तक पानी भरा है जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। उक्त प्रकरण में अधिशासी अधिकारी विंध्याचल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जल्द ही इसका उचित समाधान करा दिया जाएगा।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा मंडल कमेटी की बैठक संपन्न

### हर घर तिरंगा कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** पनियरा विधानसभा के परतावल में गुरुवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान की मंडल कार्यशाला और मासिक बैठक सिसवा मुंशी में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता विवेक पटेल ने की, जबकि महामंत्री अजय गौतम और शंभू पटेल ने इसका संचालन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण तथा वंदेमातरम् गायन के साथ हुआ। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अजय कुमार श्रीवास्तव ने 'हर घर तिरंगा' अभियान को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, एकता और देश के वीर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाला जनआंदोलन बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का यह दायित्व है कि वह हर घर तक तिरंगे का संदेश पहुंचाए और समाज के प्रत्येक वर्ग को इस अभियान से जोड़े। श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 10 अगस्त को ब्लॉक परिसर परतावल स्थित शहीद स्मारक से निकलने वाली तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें। उनका उद्देश्य था कि यह यात्रा राष्ट्रभक्ति और जनभागीदारी का भव्य प्रतीक बने। मासिक बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी निर्धारित की गई। निर्णय लिया गया कि 23 अगस्त को मंडल के सभी शक्ति केंद्रों पर एक साथ बैठकें आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, 30 अगस्त को सुबह 10 बजे सभी बूथों पर बैठकें होंगी। इन बैठकों के समापन के बाद, कार्यकर्ता और आमजन सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनेंगे। इस दौरान वे कार्यक्रम के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी लेंगे। अंत में, विवेक पटेल ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नदी मे कूदी महिला की पुलिस की सतर्कता ने बचाई जान

**सोहावल अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र ढेमवा पुल से सरयू नदी मे महिला ने छलांग लगा दी।आसपास खडे लोगो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस बल के साथ पहुंचे उपनिरीक्षक बालेंद्र सिंह ने तत्काल स्टीमर की व्यवस्था कर तालाश शुरू की। उपनिरीक्षक का प्रयास रंग लाया।मगलसी के पास सकुशल जिंदा निकाला।बताया जाता है कि इसी थाना क्षेत्र निवासी संजय गंज गांधी नगर 27 वर्षीय अंजली का पति अजय दूबे से मामूली विवाद हो गया।पैर के घाव का इलाज नही कराने से घरेलू विवाद चल रहा था।तंग होकर लगभग 10 बजे ढेमवा पुल से आत्महत्या के प्रयास मे कूद गयी. जिसकी जानकारी उपनिरीक्षक बालेंद्र सिंह को मिलते ही स्टीमर लेकर तालाश मे जुट गये।

# बेलवाकाजी पुल पर मोरंग लदा ट्रेलर पलटा, रेलिंग क्षतिग्रस्त

## चालक ने बैट्री चोरी का लगाया आरोप



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कोतवाली क्षेत्र के बागापार चौकी अंतर्गत बेलवाकाजी पुल पर मंगलवार देर रात मोरंग से लदा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने चालक को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिलाया। जानकारी के अनुसार, ट्रेलर बागापार से फुरसतपुर की ओर जा रहा था। रात करीब 11 बजे बेलवाकाजी पुल पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे ट्रेलर रेलिंग तोड़ते हुए पलट गया। सूचना मिलते ही बागापार चौकी पुलिस, डायल-112 और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। किसी के दबे होने की आशंका पर पुलिस ने करीब एक घंटे तक तलाशी अभियान चलाया, लेकिन बाद में सभी के सुरक्षित होने की पुष्टि हो गई। बुधवार सुबह चालक ने आरोप लगाया कि रात के अंधेरे में कुछ अज्ञात लोग दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर से बैट्री और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है। बागापार चौकी प्रभारी नागेंद्र मणि ने बताया कि दुर्घटना और कथित चोरी दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री योगी आज जनपद में पहुंच देंगे 706.81 करोड़ की 194 परियोजनाओ की सौगात

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को जनपद अम्बेडकरनगर का दौरा करेंगे। वे अम्बेडकरनगर तहसील आलापुर अंतर्गत विकासखंड रामनगर स्थित पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन स्थल गोविंद साहब पहुंचेगे। यहां वे टांडा, आलापुर और जलालपुर विधानसभा क्षेत्रों में कुल 706.81 करोड़ रुपये की लागत वाली 194 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

इनमें 158 कार्यों का लोकार्पण 560.83 करोड़ रुपये की लागत से होगा, जबकि 36 नई परियोजनाओं का शिलान्यास 145.98 करोड़ रुपये की लागत पर किया जाएगा। टांडा विधानसभा क्षेत्र में 69 परियोजनाओं पर 217.69 करोड़ रुपये, आलापुर में 75 परियोजनाओं पर 312.18 करोड़ रुपये तथा जलालपुर में 50 परियोजनाओं पर 176.93 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

इन परियोजनाओं से सड़क, पेयजल, बिजली, पर्यटन, लोक निर्माण और कौशल विकास समेत कई क्षेत्रों को नई गति मिलेगी। स्थानीय लोगों को बेहतर सड़कें, स्वच्छ पेयजल, बिजली आपूर्ति और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रमाणपत्र वितरित करेंगे। ओझानगर बड़ी पण्डौली पिच से कठवत कोल गांव तक सम्पर्क मार्ग, एनएच-233 के किमी-162 से दाएं कनकपुर होते हुए रुस्तमपुर तक सम्पर्क मार्ग, मंझरिया सम्पर्क मार्ग, चकमसेना हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग, बधईपुर खास सम्पर्क मार्ग, रन्नूपुर बगिया खास सम्पर्क मार्ग, समैसा सोनहू सम्पर्क मार्ग, जैती हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग, गंगासागर खास सम्पर्क मार्ग, नसीरपुर छितौना हरिजन बस्ती, किन्नूपुर हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग, जोलहापुर हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग आदि शामिल हैं।

राजस्व ग्राम सेमरा नसीरपुर के डिहवा सम्पर्क मार्ग, राजस्व ग्राम लखनपुर के पण्डौलिया सम्पर्क मार्ग, राजस्व ग्राम वाहिद पट्टी के खास सम्पर्क मार्ग, राजस्व ग्राम नौरहनी रामपुर बिहारी का पुरवा सम्पर्क मार्ग, राजस्व बीबीपुर के उसरा भरौटी सम्पर्क मार्ग आदि का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। बन्दीपुर रोड से जैतपुर दक्षिण पुरवा मार्ग का पुनर्निर्माण, नेवादा अमोला से उदया सम्पर्क मार्ग का पुनर्निर्माण, आजनपारा से चकिया सम्पर्क मार्ग, जमलापुर चमरौट सम्पर्क मार्ग, मालीपुर धमरूआ नेमपुर घाट मार्ग, मालीपुर जलालपुर रामगढ़ मार्ग आदि प्रमुख हैं।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल से लेकर सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की लगातार समीक्षा की गई है। सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं और अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रयास है कि कार्यक्रम का सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित हो तथा आमजन और लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## छात्र अमित यादव से मारपीट मामले में अभाविप ने जाना हाल, परिजनों से की मुलाकात

**गोंडा।** नगर पंचायत परसपुर स्थित बेनी माधव जंग बहादुर इंटर कॉलेज के छात्र अमित कुमार यादव के साथ हुई मारपीट की घटना को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय बताया है। घटना के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अमित के पैतृक निवास ग्राम खरिकवा के मजरे डेहरास पहुंचे और अमित एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने परिजनों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके बाद परिषद कार्यकर्ताओं ने विद्यालय पहुंचकर अमित के सहपाठियों एवं अन्य विद्यार्थियों से बातचीत की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इस मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोंडा के विभाग संयोजक आदर्श तिवारी आजाद ने परसपुर थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी से भी वार्ता की। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपित छात्रों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा मामले में शीघ्र विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट को लेकर बैठक

**5 से 7 और 15 से 17 वर्ष के बीच बायोमेट्रिक अपडेट नहीं कराया तो निष्क्रिय हो सकता है आधार**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** बच्चों के आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट हेतु राज्यव्यापी अभियान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि 5 वर्ष और 15 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर बच्चों के आधार में बायोमेट्रिक अपडेट हेतु अभियान को सम्पन्न कराये। अगर पहला अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट 5 से 7 और दुसरा 15 से 17 वर्ष के बीच नहीं कराया गया तो आधार निष्क्रिय हो सकता है, एवं बच्चे सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते है। अभियान के अंतर्गत उन बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पूरा करने पर बल दिया जा रहा है जो 7 वर्ष और 17 वर्ष के हो चुके हैं लेकिन अभी तक अपने आधार में अनिवार्य बायोमेट्रिक् अपडेट नहीं कराया हैं। यह अपडेट आधार के अंतर्गत आवश्यक है। बच्चों के आधार में अनिवार्य अपडेट हेतु स्कूलों में विशेष आधार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त माता-पिता या अभिभावक किसी भी आधार सेवा केंद्र या निर्दिष्ट आधार केंद्र पर जाकर अपने बच्चे का अनिवार्य बायोमेट्रिक् अपडेट करवा सकते हैं। वर्तमान नियमों के अनुसार बच्चे के आधार में 5 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर पहला और 15 वर्ष की आयु प्राप्त होने पर दुसरा बायोमेट्रिक् अपडेट (फिंगरप्रिंट, आईरिस और फोटोग्राफ) अनिवार्य रूप से अपडेट किया जाना चाहिए। यह अपडेट स्कूल में प्रवेश, प्रवेश परीक्षाओं के लिए पंजीकरण, छात्रवृत्ति का लाभ उठाने, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने में आधार के निर्बाध उपयोग को सुनिश्चित करता है। स्कूलों में कैम्प लगाकर बच्चों का आधार अपडेट करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही फैमिली आईडी बनाने में प्रगति लाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। नजदीकी आधार केंद्र का पता लगाने के लिए httpsÑ//bhuvan-appx.nrsc.gov.in/aadhaar/ पर लॉग इन करें। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सऊदी अरब में मृत युवक के परिवार की सपा ने की आर्थिक मदद 50 हजार का चेक सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** जनपद के भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के सुपासी गांव निवासी युवक शिवम पाल की सऊदी अरब में हुई मौत के बाद समाजवादी पार्टी ने पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव गुरुवार को मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ?50 हजार की सहायता राशि का चेक सौंपा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और सऊदी अरब से शिवम पाल का शव भारत लाने के लिए चल रही प्रक्रिया की जानकारी भी ली। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में समाजवादी पार्टी परिवार के साथ खड़ी है। परिजनों के अनुसार, शिवम पाल रोजगार के सिलसिले में सऊदी अरब में कार्यरत थे। 30 जुलाई को उनका असामयिक निधन हो गया। हालांकि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी उनका शव भारत नहीं पहुंच सका है, जिससे परिवार गहरे मानसिक आघात से गुजर रहा है। परिजन लगातार प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से शव जल्द भारत लाने की मांग कर रहे हैं ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके। परिजनों ने बताया कि शिवम के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में उनकी मां और दो छोटी बहनें हैं। घर की आर्थिक जिम्मेदारी शिवम ही संभालते थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और आर्थिक संकट भी गहरा गया है।सपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने कहा कि सहायता राशि परिवार के दुख की भरपाई नहीं कर सकती, लेकिन पार्टी हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी रहेगी।

## 7 अगस्त को कजपुरा में एतिहासिक अमारी का जुलूस

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** तहसील क्षेत्र के कजपुरा में आगामी 7 अगस्त को प्रातः 5 बजे हुसैनी कमेटी के तत्वावधान में अमारी का एतिहासिक जुलूस निकलेगा। जुलूस में मौलाना सैयद कल्बे रूशैद रिज़वी, मौलाना सैयद गजनफर अब्बास तूसी दिल्ली, मौलाना शाहिद हसन रिजवी, मौलाना सैयद ज़ीशान अली आज़मी तकरीर करेंगे। जुलूस का आगाज मौलाना सैयद नुरुल हसन रिजवी मछली गांव की मजलिस से होगा। जुलूस में अंजुमन हैदरी रजिस्टर सांखनी बुलंदशहर, अंजुमन दस्त- ए -हुसैनी मेरठ, अंजुमन मीसम- ए -अजा सिरसी मुरादाबाद, अंजुमन असगरिया कदीम अमहट, अंजुमन हैदरिया हल्लौर, अंजुमन इमामिया नगपुर शिरकत करेंगी।

# संगठन को और अधिक मजबूत बनाने व हर घर तिरंगा अभियान तैयारी लिए निरंतर बनायें जनसंपर्क : पूर्व मंत्री

**विधानसभा क्षेत्र 305 इटवा में भाजपा की मासिक बैठक एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारी कार्यशाला संपन्न**

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र 305 इटवा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सतीश द्विवेदी ने इटवा स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित मंडल इटवा की मासिक बैठक एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारी कार्यशाला में पार्टी के मंडल पदाधिकारियों, सभी शक्ति केंद्र संयोजकों तथा बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक सशक्त बनाना तथा आगामी 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका सुनिश्चित करना रहा।

अपने संबोधन में डॉ. सतीश द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित और अनुशासित कार्यकर्ता हैं। संगठन की मजबूती बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही संभव होती है। उन्होंने सभी बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र संयोजकों से आह्वान किया कि वे प्रत्येक घर तक पहुंच बनाकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर जनसंपर्क बनाए रखें। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय एकता का महापर्व है। यह अभियान प्रत्येक नागरिक में देश के प्रति सम्मान, गर्व और कर्तव्य की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों को अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करें तथा युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

मंडल स्तर से लेकर बूथ स्तर तक संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। कार्यकर्ताओं को सदस्यता विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा का सशक्त प्रतिनिधि है और उसकी सक्रियता ही संगठन की सफलता का आधार है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मिश्रा भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हैया विश्वकर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा को लेकर समन्वय बैठक, तस्करी रोकने पर बनी रणनीति



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने तथा सीमा पार होने वाली अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए गुरुवार को खुनुवां स्थित एसएसबी सीमा चौकी के बॉर्डर चेकिंग पोस्ट भवन में भारत और नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों की समन्वय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता 43वीं वाहिनी एसएसबी के उप कमांडेंट विजय बहादुर सिंह ने की।

बैठक में एसएसबी, एपीएफ नेपाल, नेपाल पुलिस, खुनुवां पुलिस और कस्टम विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने सीमा सुरक्षा, नशीले पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, गो-तस्करी और भारत-नेपाल सीमा से अन्य देशों के नागरिकों के अनधिकृत प्रवेश को रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की।

अधिकारियों ने सीमा चौकियों की सुरक्षा, जवानों की तैनाती और निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। साथ ही दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर तालमेल कायम रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों से जुड़ी सूचनाओं का तेजी से आदान-प्रदान करने पर सहमति बनी। बैठक में संवेदनशील सीमा क्षेत्रों की पहचान कर वहां निगरानी बढ़ाने और सुरक्षात्मक कदम उठाने पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त प्रयासों और समन्वय के जरिए तस्करी समेत अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

## आगामी 8 अगस्त को रसूलपुर बाकरगंज में जुलूस अमारी का होगा आयोजन

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मालीपुर थाना अंतर्गत रसूलपुर बाकरगंज में 8 अगस्त को प्रातः 5 बजे 29 वें दौर का वार्षिक अमारी का जुलूस शान शौकत के साथ निकलेगा। अंजुमन इमामिया के तत्वावधान में निकलने वाले जुलूस का आगाज मौलाना सैयद अली मनसब रिजवी की मजलिस के साथ होगा। जुलूस में ऊंटों पर सजी अमारियां 18 बनी हाशिम के शबीह व ताबूत, जुलजनाह ,अलम की जियारत कराई जाएगी। जुलूस में मौलाना सैयद नूरुल हसन, मौलाना सैयद शारिब अब्बास, मौलाना सैयद आदिल अब्बास रिजवी मिर्जापुर, मौलाना सैयद साबिर रज़ा झारखंड, मौलाना सैयद बाकर सज्जाद जैदी तकरीर करेंगे। जुलूस के संयोजक डॉ इमरान हैदर ने बताया कि अंजुमन गुलशन- ए- हैदरी आज़मगढ़ अंजुमन जाफरिया रजिस्टर मुस्तफाबाद, अंजुमन हुसैनिया जाफराबाद, अंजुमन जफरुल ईमान उस्मानपुर,अंजुमन रौनक- ए -अजा जाफराबाद, अंजुमन हैदरिया नगपुर नौहा मातम करेगी।

# बीजेपी झंडा लगी कार के बोनट पर खतरनाक स्टंट, वायरल वीडियो के बाद पुलिस की कार्रवाई, वाहन सीज



अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कर्नलगंज कस्बे में गोंडा-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलती कार के बोनट पर युवक को लटकाकर खतरनाक स्टंट करने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने पुलिस और परिवहन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए। वीडियो सामने आने के बाद हरकत में आई करनैलगंज पुलिस ने संबंधित वाहन को सीज कर दिया है।

वायरल वीडियो में एक युवक तेज रफ्तार कार के बोनट पर लटका दिखाई दे रहा है, जबकि कार हाईवे पर दौड़ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह खतरनाक स्टंट करीब दो किलोमीटर तक किया गया। इस दौरान सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों में अफरा-तफरी का माहौल रहा और कई लोगों को संभावित दुर्घटना से बचने के लिए अपने वाहन किनारे करने पड़े।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह स्टंट सोशल मीडिया पर रील बनाने के उद्देश्य से किया गया था। संबंधित कार पर बीजेपी का झंडा भी लगा हुआ था, जिससे वीडियो ने और अधिक चर्चा बटोरी। पुलिस के अनुसार कार वर्तमान में तीसरे मालिक के पास है तथा स्टंट करने वाले युवक करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।

प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि थाना कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र में चलती कार के बोनट पर व्यक्ति के लटकने का वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि चलती गाड़ी पर इस प्रकार का स्टंट यातायात नियमों का गंभीर उल्लंघन है और इससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने के लिए अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले ऐसे कृत्यों से बचने की अपील की है।

## ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग फायर बिग्रेड ने समय रहते काबू पाया

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के नई सब्जी मंडी मोहल्ले के पश्चिमी हिस्से में गुरुवार दोपहर लगभग तीन बजे विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लेते हुए आग बुझाने का अभियान शुरू किया। ट्रांसफार्मर में लगातार आग धधकने के कारण कुछ समय तक स्थिति गंभीर बनी रही, लेकिन फायर कर्मियों ने पूरी सतर्कता और सूझबूझ के साथ आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास की दुकानों, मकानों और अन्य विद्युत उपकरणों को किसी बड़े नुकसान से बचा लिया गया। आग बुझाने के अभियान में फायर प्रभारी सुभाष पाठक के नेतृत्व में फायर कर्मी राम आसरे, रामविलास, जगन्नाथ गुप्ता तथा राम आशीष गौड़ सहित अन्य कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत की। टीम के प्रयासों से कुछ ही देर में आग पूरी तरह नियंत्रित कर ली गई।

## 16 वर्षीय किशोरी का शव फंदे से लटका मिला



**उन्नाव।** जिले के अचलगंज थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक 16 वर्षीय किशोरी का शव घर की दूसरी मंजिल पर फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान वार्ड संख्या-1 लोहचा निवासी जगन्नाथ की 16 वर्षीय पुत्री रिया के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, रिया बुधवार शाम घर की दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे में गई थी। काफी देर तक बाहर न आने पर परिवार के लोगों ने उसे आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद कमरे में पहुंचने पर उसका शव फंदे से लटका मिला।घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर अचलगंज थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।परिजनों ने बताया कि रिया दो भाइयों और एक बहन में सबसे बड़ी थी। उसकी अचानक मौत से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, युवक की मौत तीन गंभीर रूप से घायल



**उन्नाव।** जिले के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। पिलखना गांव के सामने रात करीब 3 बजे तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में बांगरमऊ निवासी 26 वर्षीय आदर्श शुक्ला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही यूपीडा और हसनगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार में फंसे घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और एम्बुलेंस से उन्हें लोक बंधु अस्पताल, लखनऊ भेजा।अस्पताल मेंचिकित्सकों ने आदर्श शुक्ला को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अंकित, हिमांशु और चंदन का उपचार जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चारों युवक देर रात लखनऊ से बांगरमऊ लौट रहे थे, तभी उनकी कार आगे चल रहे ट्रक से पीछे जा टकराई। हसनगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि देर रात एक्सप्रेसवे पर कार ट्रक से पीछे टकरा गई थी।

# चिलबिला खत्तीपुर में वर्षों से लंबित सड़क एवं विद्युत समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** ग्राम पंचायत चिलबिला खत्तीपुर के ग्राम चिलबिला डिहवा, चिलबिला खत्तीपुर एवं बनकटी में लंबे समय से लंबित संपर्क मार्गों तथा विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र उर्फ अज्जू पंडित ने जिलाधिकारी महोदया को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि लगभग एक वर्ष पूर्व भी इन समस्याओं को लेकर तत्कालीन स्तर पर संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए प्राथमिक विद्यालय से विनोद यादव की दुकान तक लगभग 250 मीटर मार्ग, गंगाधाम रेलवे स्टेशन से गोंडा-बहराइच हाईवे की लिंक रोड तक लगभग 250 मीटर मार्ग, तीरथ राज तिवारी के घर से पक्की डामर लिंक रोड को जोड़ने वाला मार्ग, प्राथमिक विद्यालय से नहर होते हुए गोंगई प्रजापति के घर तक का मार्ग तथा बनकटी में काली माता मंदिर से अनोखे लाल यादव के घर तक लगभग 50 मीटर मार्ग के निर्माण की मांग की गई है। अजय कुमार मिश्र ने कहा कि इन मार्गों की स्थिति खराब होने के कारण ग्रामीणों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों एवं मरीजों को आवागमन में काफी परेशानी होती है। ज्ञापन में विद्युत समस्या का भी प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। बृजराज तिवारी के घर के आसपास लगभग 4-5 घरों को 500 मीटर दूर से केबल के माध्यम से विद्युत आपूर्ति किए जाने के कारण कम वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। वहीं मंजू देवी जायसवाल के आसपास लगभग 10 घरों को भी लगभग 300 मीटर दूर से विद्युत आपूर्ति की जा रही है। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से मांग की कि सभी प्रस्तावित मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कराकर निर्माण कार्य की निश्चित समय-सीमा तय की जाए तथा दोनों स्थानों पर विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित कराने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि ज्ञापन प्राप्त होने के 15 दिवस के भीतर समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई और निर्माण कार्य एवं ट्रांसफार्मर स्थापना से अवगत नहीं कराया गया, तो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक तरीके से अनशन/धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

## शिक्षा और डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देती है संस्था : शिफिया मित्तल

**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा चौधरी में गुरुवार को दिल्ली से आई स्माइल फाउंडेशन की डोनर शिफिया मित्तल ने विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने हेतु उपलब्ध कराए गए सोलर, विद्युत उपकरण, टीवी, स्मार्ट बोर्ड, किचेन उपकरण इन्वर्टर आदि के उपयोग, उपभोग एवं रख रखाव का पर्यवेक्षण किया। पर्यवेक्षण के दौरान स्प्रेडिंग हैपीनेस इण्डिया फाउंडेशन की डोनर शिफिया मित्तल ने बताया कि संस्था, ग्रामीण भारत में सौर ऊर्जा के माध्यम से शिक्षा और डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देती है। इसीलिए चिह्नित विद्यालय में विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षा के वातावरण हेतु सोलर पैनल, विद्युत उपकरण, स्मार्ट बोर्ड, टीवी, किचेन उपकरण आदि डोनेट किया जा रहा है। और संस्था द्वारा विजिट कर उपकरण के उपयोग उपभोग एवं रख रखाव का पर्यवेक्षण भी किया जाता है, संस्था का मानना है कि शिक्षा से ही व्यक्ति,समाज एवं देश की उन्नति संभव है।

# शराब के नशे में पति ने पत्नी को चप्पलों से पीटा, सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** जिले के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के प्रेमनगर मोहल्ले में एक पति द्वारा अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है। वीडियो में आरोपी पति अपनी पत्नी को चप्पलों से पीटता हुआ दिखाई दे रहा है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब 11 बजे प्रेमनगर निवासी चंद्रशेखर जायसवाल का अपनी पत्नी प्रीति जायसवाल से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि चंद्रशेखर शराब के नशे में घर पहुंचा था। कहासुनी बढ़ने पर उसने पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के बाद महिला सड़क पर बेसुध होकर गिर गया।

गुरुवार दोपहर घटना का वीडियो तेजी से वायरल होने पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पूछताछ में पीड़िता की पहचान प्रीति जायसवाल, पत्नी चंद्रशेखर जायसवाल, निवासी प्रेमनगर (राजू कॉस्मेटिक के सामने) के रूप में हुई।पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद हुआ था। घटना के बाद आरोपी पति घर छोड़कर फरार हो गया है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। गंगाघाट पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो को जांच का हिस्सा बनाया गया है। पुलिस पीड़िता से भी बातचीत कर रही है। यदि पीड़िता की ओर से तहरीर दी जाती है या जांच में मारपीट की पुष्टि होती है, तो आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संसद में 'भगवा' स्वांग

संसद भवन कोई नाटक खेलने या स्वांग रचने का मंच नहीं है। वह देश के गणतंत्र का सर्वोच्च, पवित्र, गरिमामय और मर्यादित मंच है। बेशक हमारे माननीय सांसदों ने ही इसकी गरिमा, छवि सवालिया की है। बेशक संसद परिसर में सांसद और राजनीतिक समूह विरोध-प्रदर्शन कर सकते हैं, धरने भी दिए जाते रहे हैं, लेकिन ऐसे ढोंग, नौटंकी पर उन्हें ही विचार करना चाहिए कि ये देशहित, जनहित और असंख्य आस्थाओं के पक्ष में है अथवा नहीं! बिहार से निर्दलीय सांसद (कांग्रेस समर्थक) पप्पू यादव ने संसद परिसर में जो कुछ भी किया, निश्चित रूप से वह सनातन-विरोधी था। प्रभु श्रीराम का अपमान भी था। मिथ्या, खोखले आरोपों का नाटकीय मंचन भी था। पप्पू यादव संसद भवन को 'राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय' का प्रतीक भी नहीं दे सकते। साधु-संतों ने अयोध्या के राम मंदिर में चंदा-चढ़ावे की चोरी-डकैती की, ऐसा कोई साक्ष्य, आरोप या जांच-दल का निष्कर्ष नहीं है। इस मुद्दे पर संसद के भीतर विचारोत्तेजक, आरोपिया बहस की जानी चाहिए और मोदी सरकार-भाजपा को जवाब देने को बाध्य किया जाना चाहिए। पप्पू यादव का साधु-वेश धारण करना और चंदा-चोरी का प्रतीकात्मक अभिनय करना कमोबेश संसद भवन में नहीं किया जाना चाहिए था। पूर्णिया के लाखों लोगों ने उन्हें इसलिए निर्वाचित नहीं किया है। संविधान लागू हुए 76 वर्ष बीत चुके हैं और 18वीं लोकसभा अभी अस्तित्व में है, लेकिन ऐसी अपमानजनक राजनीति का नाटक हमने नहीं सुना और बीते तीन दशकों से देखा भी नहीं है। सचमुच प्रभु श्रीराम के मंदिर में यह चोरी-डकैती अत्यंत नीच, घटिया किस्म का भ्रष्टाचार है। जब चोरी के पैसे से बनाई गई संपत्तियों पर बुलडोजर चलाए जाएंगे, तो भी राजनीतिक दल चिल्ल-पौं करेंगे।

बहरहाल इस संदर्भ में जो कार्रवाई की जानी चाहिए थी, वह की गई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय बंसल का इस्तीफा मंजूर हो चुका है और नए महासचिव पदासीन हो रहे हैं। जो चेहरे सवालिया और कलंकित हैं, उनसे पुलिस और जांच-दल ने पूछताछ की है। पप्पू ने ऐसे कुछ जिम्मेदार लोगों को 'चोर' कहा है, जो कानूनन उचित नहीं है। जांच अभी जारी है। सर्वोच्च अदालत तक मामला पहुंच चुका है और अदालत ने एसआईटी की रपट का अभी तक का ब्यौरा मांगा है। कई कलंकित, भ्रष्ट चेहरे अब भी जेल में हैं और पुलिस उनसे सिलसिलेवार पूछताछ कर रही है। यकीनन राम मंदिर के भीतर का यह अपराध एक आस्थावान वर्ग के लिए 'आध्यात्मिक आघात' से कम नहीं है। यदि यह अपराध कुछ कुकर्मी न करते, तो यह मुद्दा ही न बनता, सनातन अपमानित न होता और पप्पू यादव जैसे सांसद संसद भवन में ही नाटक न करते, लेकिन अब यह राजनीतिक, चुनावी मुद्दा बना दिया गया है। पप्पू यादव के ड्रामे में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, अयोध्या-फैजाबाद के सपा सांसद अवधेश प्रसाद, सपा सांसद डिंपल यादव आदि विपक्ष के कई चेहरे सम्मिलित थे। पप्पू नाटक कर रहे थे और चंदे के रुपए अपनी जेब में डाल रहे थे। चंदा चोरी का नाटकीय मंचन किया जा रहा था। उनके सहयोगी सांसदों ने 'प्रतीकात्मक' तौर पर उनकी पिटाई भी की। पप्पू चंदे की पेटी लेकर भागने लगे, तो उनसे वह पेटी छीनने का प्रयास भी किया गया। यकीनन इस नाटक ने कुछ हिंदूवादी संगठनों, साधु-संतों और सांसदों को भी आक्रोशित किया। साधु-संतों ने अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ जैसे शहरों में जुलूस निकाले, पप्पू के स्वांग की भर्त्सना की और प्राथमिकियां दर्ज कराई गईं। इनके नतीजतन पप्पू यादव के सरकारी आवास में घुस कर हमलावरों ने सांसद पर हमला किया। जूते-चप्पल उनकी ओर उछाले और टीवी चैनलों पर एक बड़ा-सा चाकू दिखाया गया। सांसद का कहना था कि हमलावर उन्हें मारने आए थे। आज जनता न होती, तो कुछ भी अनिष्ट हो सकता था।

## गिरता भाषाई स्तरः संस्कृति, संस्कार और सामाजिक बोध का संकट


डॉ स्नेहलता श्रीवास्तव

मनुष्य का निर्माण केवल रक्त-मांस और अस्थियों से नहीं होता। उसका वास्तविक गठन उन सूक्ष्म संस्कारों, अनुभूतियों और सांस्कृतिक संकेतों से होता है जो पीढ़ियों के जीवन-अनुभव से छनकर उसकी चेतना में उतरते हैं। इसीलिए किसी समाज को समझने के लिए उसकी भाषा को पढ़ना अनिवार्य माना गया है। भाषा मनुष्य के संस्कारों, संवेदनाओं और सांस्कृतिक अनुशासन का दर्पण है।

किसी सभ्यता की आत्मा उसकी भाषा में निवास करती है। शब्द केवल ध्वनियाँ नहीं होते; वे इतिहास की स्मृतियाँ, संस्कृति की परंपराएँ और समाज के नैतिक मूल्य अपने भीतर सँजोए रहते हैं। किसी व्यक्ति की भाषा उसके पारिवारिक संस्कारों, सामाजिक परिवेश, अध्ययन, संवेदनशीलता और मानसिक परिपक्वता का परिचय देती है। वह वक्ता के आंतरिक संसार का प्रतिबिम्ब है। भारतीय चिंतन में शब्द को ब्रह्म और वाणी को सरस्वती का आसन माना गया। यह केवल आध्यात्मिक कल्पना नहीं थी; उसके पीछे गहरी मनोवैज्ञानिक समझ थी। हमारे ऋषि जानते थे कि मनुष्य जैसा सोचता है, वैसा बोलता है और जैसा बोलता है, धीरे-धीरे वैसा ही बनता जाता है। शब्द केवल विचारों की अभिव्यक्ति नहीं करते, वे विचारों का निर्माण भी करते हैं। इसीलिए सभ्यता का प्रारंभ वाणी के अनुशासन से होता है। जब कोई बालक बोलना सीखता है तो वह केवल शब्द नहीं सीखता, वह सम्मान करना, संबोधन करना, संबंधों का मूल्य समझना और सामाजिक मर्यादाओं का पालन करना भी सीखता है। उसकी भाषा में घर का वातावरण बोलता है, माता-पिता की संवेदना बोलती है, पीढ़ियों का अनुभव बोलता है। भाषा संस्कृति का वह अदृश्य सेतु है जो व्यक्ति को समाज से और समाज को अपनी परंपरा से जोड़ता है। किन्तु आज इसी सेतु में दरारें पड़ती दिखाई देने लगी हैं। सार्वजनिक जीवन, राजनीति, मनोरंजन और विशेष रूप से सोशल मीडिया ने भाषा के स्वरूप को गहराई से प्रभावित किया है। संवाद की जगह प्रतिक्रियाएँ ले रही हैं, विचार-विमर्श की जगह आरोप-प्रत्यारोप और तर्क की जगह उत्तेजना। शब्दों की गरिमा से अधिक उनके प्रहार की क्षमता को महत्त्व मिलने लगा है। कटुता को स्पष्टवादिता, अभद्रता को निर्भीकता और अपमान को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पर्याय माना जाने लगा है। मनोविज्ञान बताता है कि भाषा का स्तर कभी अकेला नहीं गिरता; उसके पीछे मन की कोई टूटन, कोई असंतुलन, कोई कुंठा सक्रिय होती है। जब व्यक्ति के भीतर आत्मानुशासन क्षीण होता है, जब उसे अपनी बात को विचार के बल पर स्थापित करने का विश्वास नहीं रह जाता, तब वह शब्दों को हथियार बना लेता है। असभ्य भाषा प्रायः शक्ति का नहीं, भीतर की असुरक्षा का संकेत होती है। जो व्यक्ति स्वयं से संतुलित होता है, उसकी वाणी भी संतुलित दिखाई देती है।

चिंतनीय है कि आज भाषा का अवमूल्यन केवल कुछ व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहा। वह धीरे-धीरे सामाजिक स्वीकृति प्राप्त कर रहा है। सोशल मीडिया की त्वरित लोकप्रियता ने शालीनता की अपेक्षा सनसनी को अधिक मूल्यवान बना दिया है। जितना तीखा कथन, उतनी अधिक प्रतिक्रिया; जितना अशिष्ट शब्द, उतनी अधिक दृश्यता। परिणामस्वरूप शब्दों की गरिमा का स्थान शब्दों की आक्रामकता लेती जा रही है। यह स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि भाषा का पतन अंततः संवेदना के पतन में परिणत होता है। हाल ही में जंतर-मंतर के आंदोलनों से लेकर संसद जैसे सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंचों तक, ऐसी भाषा सुनाई दी है जो मर्यादा की सभी सीमाओं का अतिक्रमण करती हुई माता-पिता की परवरिश पर प्रश्न चिह्न बन गई है। ऐसे संवाद सामाजिक अवनति का संकेत हैं। जब सार्वजनिक जीवन के प्रतिष्ठित मंचों पर भाषा का स्तर गिरता है, तब उसका प्रभाव अनिवार्य रूप से समाज की सामूहिक भाषा पर भी पड़ता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**पिछले कुछ वर्षों से यह चिंताजनक प्रवृत्ति लगातार बढ़ी है कि संसद सत्र प्रारंभ होने से पहले ऐसे मुद्दे राजनीतिक रूप से उछाले जाते हैं, जिनके आधार पर पूरे सत्र को बाधित किया जा सके। परिणामस्वरूप अनेक महत्वपूर्ण विधेयक बिना पर्याप्त चर्चा के पारित हो जाते हैं अथवा कई विधेयक लंबित रह जाते हैं। इससे सबसे अधिक नुकसान देश को होता है। संसद का प्रत्येक मिनट करोड़ों रुपये की सार्वजनिक धनराशि से संचालित होता है। यदि वह समय केवल शोर-शराबे और नारेबाजी में बीत जाए तो यह करदाताओं के धन और लोकतांत्रिक विश्वास-दोनों का अपमान है।**

# संसदीय-गतिरोध से नहीं चलेगा लोकतंत्र, संवाद ही है समाधान


ललित गर्ग

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संसद है। यही वह सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है जहां राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य से जुड़े विषयों पर गंभीर विमर्श होता है, सरकार जवाबदेह बनती है, विपक्ष जनभावनाओं को स्वर देता है और कानूनों के माध्यम से देश के विकास की दिशा तय होती है। लेकिन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज संसद संवाद और सहमति का मंच बनने के बजाय टकराव, आरोप-प्रत्यारोप, नारेबाजी और राजनीतिक हठधर्मिता का अखाड़ा बनती जा रही है। मानसून सत्र में जिस प्रकार लगातार गतिरोध बना हुआ है, उससे केवल संसदीय कार्यवाही ही बाधित नहीं हो रही, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा भी आहत हो रही है। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बीच गतिरोध समाप्त करने के लिए हुई बातचीत भी किसी ठोस निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी। यह स्थिति बताती है कि दोनों पक्ष अपने-अपने राजनीतिक आग्रहों में इतने उलझ गए हैं कि राष्ट्रहित पीछे छूट गया है। विपक्ष की ओर से यह शर्त रखी जा रही है कि जब तक कुछ विशेष मुद्दों पर सरकार सदन में बयान और चर्चा के लिए तैयार नहीं होती, तब तक संसद की कार्यवाही नहीं चलने दी जाएगी। दूसरी ओर सरकार भी अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने पर अडिग है। परिणाम यह है कि संसद का बहुमूल्य समय निरर्थक विवादों की भेंट चढ़ रहा है।

लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, किंतु असहमति को अराजकता में बदल देना लोकतांत्रिक संस्कृति नहीं है। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव देना भी है। सरकार को कठघरे में खड़ा करना विपक्ष का अधिकार है, परंतु संसद को ठप कर देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। लोकतंत्र में विरोध की भी मर्यादा होती है। जब विरोध संसद को चलने ही न दे, तब वह लोकतांत्रिक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक दायित्वों की उपेक्षा बन जाता है। पिछले कुछ वर्षों से यह चिंताजनक प्रवृत्ति लगातार बढ़ी है कि संसद सत्र प्रारंभ होने से पहले ऐसे मुद्दे राजनीतिक रूप से उछाले जाते हैं, जिनके आधार पर पूरे सत्र को बाधित किया जा सके। परिणामस्वरूप अनेक महत्वपूर्ण विधेयक बिना पर्याप्त चर्चा के पारित हो जाते हैं अथवा कई विधेयक लंबित रह जाते हैं। इससे सबसे अधिक नुकसान देश को होता है। संसद का प्रत्येक मिनट करोड़ों रुपये की सार्वजनिक धनराशि से संचालित होता है। यदि वह समय केवल शोर-शराबे और नारेबाजी में बीत जाए तो यह करदाताओं के धन और लोकतांत्रिक विश्वास-दोनों का अपमान है।

लोकतंत्र में संवाद ही समाधान का सबसे प्रभावी माध्यम है। महात्मा गांधी से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक भारतीय राजनीति की श्रेष्ठ परंपरा संवाद, सहमति और संवेदनशीलता की रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पक्ष और विपक्ष दोनों अपने-अपने दुराग्रह छोड़कर संवाद की मेज पर बैठें। संसद की गरिमा इस बात में नहीं कि कौन किसे अधिक कठघरे में खड़ा करता है, बल्कि इस बात में है कि राष्ट्रहित के प्रश्नों पर कितनी गंभीरता से विचार किया जाता है। विशेष रूप से कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी को यह समझना होगा कि लोकतंत्र केवल आंदोलन और विरोध का नाम नहीं है। विपक्ष की भूमिका सरकार को गिराने की नहीं, बल्कि लोकतंत्र को संभालने की होती है। यदि प्रत्येक मुद्दे पर संसद को बाधित करने की रणनीति अपनाई जाएगी तो जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि विपक्ष के पास वैकल्पिक नीति और दृष्टि का अभाव है। लोकतंत्र में जनता केवल विरोध नहीं, समाधान भी चाहती है। यदि विपक्ष स्वयं संवाद से दूरी बनाएगा तो 'संवाद से समाधान' का आदर्श केवल नारा बनकर रह जाएगा।




सरकार की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। लोकतंत्र में बहुमत का अर्थ मनमानी नहीं होता। सरकार को भी विपक्ष की उचित मांगों को सुनना चाहिए और जहां संभव हो, सहमति का मार्ग निकालना चाहिए। संसद किसी एक दल की नहीं, पूरे राष्ट्र की संस्था है। इसलिए सरकार को भी संवेदनशीलता, धैर्य और व्यापक दृष्टिकोण का परिचय देना होगा। किंतु यदि संवाद का प्रत्येक प्रयास केवल राजनीतिक शर्तों और हठधर्मिता में उलझ जाए तो समाधान की संभावनाएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं। आज सबसे बड़ी आवश्यकता राजनीतिक परिपक्वता की है। दुर्भाग्य से भारतीय राजनीति में आग्रह, पूर्वाग्रह और दुराग्रह का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। हर मुद्दे को चुनावी लाभ-हानि के चश्मे से देखा जा रहा है। संसद में बहस कम और राजनीतिक संदेश अधिक दिए जा रहे हैं। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र को कमजोर करती है। संसद का उद्देश्य जनकल्याणकारी नीतियों पर विचार करना है, न कि चुनावी रणनीतियों का मंच बन जाना।

देश आज आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति, रोजगार, शिक्षा, कृषि, राष्ट्रीय सुरक्षा, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और सामाजिक समरसता जैसी अनेक चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय संसद का प्रत्येक दिन अत्यंत मूल्यवान है। यदि यह समय केवल राजनीतिक टकराव में व्यतीत होगा तो विकास की गति अवश्य प्रभावित होगी। कानूनों में विलंब, नीतिगत निर्णयों की देरी और संसदीय अस्थिरता का सीधा प्रभाव आम नागरिक के जीवन पर पड़ता है। भारतीय लोकतंत्र की मजबूती इस बात में नहीं कि संसद में कितना शोर हुआ, बल्कि इस बात में है कि वहां कितने सार्थक विचार सामने आए। स्वस्थ लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष प्रतिद्वंद्वी अवश्य होते हैं, किंतु शत्रु नहीं। दोनों का अंतिम लक्ष्य राष्ट्रहित होना चाहिए। यदि राजनीतिक दल इस मूल भावना को भूल जाएंगे तो लोकतंत्र केवल संख्या का खेल बनकर रह जाएगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि सभी राजनीतिक दल आत्ममंथन करें। विपक्ष अपने विरोध को रचनात्मक बनाए, सरकार अपने संवाद को व्यापक बनाए और दोनों मिलकर संसद की प्रतिष्ठा पुनः स्थापित करें। लोकतंत्र का भविष्य टकराव में नहीं, संवाद में सुरक्षित है। संसद की गरिमा नारेबाजी से नहीं, विचार-विमर्श से बढ़ती है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में यदि संसद ही गतिरोध का प्रतीक बन जाएगी तो जनता का विश्वास कमजोर होगा, जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं है। समय की पुकार है कि राजनीति चुनावों की सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रनिर्माण की दिशा में आगे बढ़े। पक्ष और विपक्ष दोनों यह स्मरण रखें कि वे किसी दल के नहीं, पहले भारत के प्रतिनिधि हैं। संसद की प्रत्येक घड़ी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उसे हठ, अहंकार और राजनीतिक स्वार्थ की भेंट चढ़ाना भविष्य की पीढ़ियों के साथ अन्याय होगा। यदि लोकतंत्र को सशक्त बनाना है, संसद की प्रतिष्ठा पुनर्स्थापित करनी है और भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो केवल एक ही मार्ग है-संवाद, सहमति और राष्ट्रहित। यही भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति है और यही संसदीय मर्यादा का सर्वोच्च आदर्श।

# वार्षिक हेल्थ इंश्योरेंस रिव्यू आपका सबसे स्मार्ट इन्वेस्टमेंट क्यों है

भारत में हेल्थ इंश्योरेंस मार्केट गतिशील है, इंश्योरेंस कंपनियां नियमित रूप से नए प्लान पेश करती हैं या मौजूदा प्लान को ही बेहतर बनाती रहती हैं। इन अपडेट में व्यापक कवरेज, कम प्रतीक्षा अवधि या वेलनेस प्रोग्राम और प्रिवेंटिव हेल्थ चेक-अप जैसे अतिरिक्त लाभ शामिल हो सकते हैं। अगर आप अपने प्लान को रिव्यू नहीं करते हैं, तो इन बेहतर सुविधाओं का लाभ पाने से वंचित हो सकते हैं।


अमरनाथ सक्सेना

हम चाहे कितनी भी सावधानी से प्लान कर लें, ज़िंदगी हमें हैरान करने का कोई न कोई तरीका ढूंढ़ ही लेती है। अचानक बीमारी, अवांछित दुर्घटना, और कभी-कभी तो नियमित चेक-अप भी बड़ा फाइनेंशियल बोझ बन सकता है। साल दर साल बढ़ते मेडिकल खर्चों के बीच, हेल्थ इंश्योरेंस केवल एक सुरक्षात्मक कवच नहीं है, बल्कि एक आवश्यकता बन चुका है। और क्योंकि हमारे जीवन में लगातार बदलाव आ रहे हैं, चाहे नए बच्चे का स्वागत करना हो, बुजुर्ग माता-पिता को सपोर्ट करना हो या जीवन की नई पारी की शुरुआत हो, इसलिए हमारे इंश्योरेंस कवरेज में भी बदलाव होना चाहिए। यही कारण है कि अपनी पॉलिसी का हर वर्ष रिव्यू करना समझदारी ही नहीं, एक बड़ी आवश्यकता भी है; ताकि सुनिश्चित हो सके कि आपकी सुरक्षा आपकी आज की ज़िंदगी के साथ कदम मिलाकर चल रही है।

**अपने हेल्थ इंश्योरेंस को वार्षिक रूप से रिव्यू करने का महत्व :** अपनी लाइफस्टाइल के अनुसार प्लान को एडजस्ट करें: आपकी हेल्थ इंश्योरेंस आवश्यकताएं हमेशा एक जैसी नहीं रहती हैं; वे आपकी लाइफस्टाइल में बदलाव के कारण बदलती रहती हैं। तनाव के स्तर, खानपान की आदतें, कामकाज का वातावरण, यात्रा की फ्रीक्वेंसी और आयु जैसे कारक आपके स्वास्थ्य जोखिमों को प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए, अक्सर यात्रा करने वाले किसी व्यक्ति के लिए ऐसे कवरेज की आवश्यकता हो सकती है जिसमें इंटरनेशनल मेडिकल खर्च शामिल हों, जबकि हाई-स्ट्रेस जॉब करने वाले लोग हाइपरटेंशन या डायबिटीज़ जैसी लाइफस्टाइल संबंधित स्थितियों के लिए अधिक कवरेज लेना चाहेंगे। अपना प्लान वार्षिक रूप से रिव्यू करके, आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपका कवरेज इन बदलावों के अनुसार बना रहे और बढ़ते मेडिकल खर्चों से पर्याप्त फाइनेंशियल सुरक्षा प्रदान करने वाला हो।




**नए प्रोडक्ट और विशेषताओं के बारे में जानें :** भारत में हेल्थ इंश्योरेंस मार्केट गतिशील है, इंश्योरेंस कंपनियां नियमित रूप से नए प्लान पेश करती हैं या मौजूदा प्लान को ही बेहतर बनाती रहती हैं। इन अपडेट में व्यापक कवरेज, कम प्रतीक्षा अवधि या वेलनेस प्रोग्राम और प्रिवेंटिव हेल्थ चेक-अप जैसे अतिरिक्त लाभ शामिल हो सकते हैं। अगर आप अपने प्लान को रिव्यू नहीं करते हैं, तो इन बेहतर सुविधाओं का लाभ पाने से वंचित हो सकते हैं। जानकारी से अपडेट रहकर, आप अपने मौजूदा प्लान की तुलना नए विकल्पों के साथ कर सकते हैं और यह तय कर सकते हैं कि स्विच या अपग्रेड करने से आपको बेहतर वैल्यू और सुरक्षा मिलेगी या नहीं।

**संचयी बोनस (सीबी) का लाभ पाएं :** अधिकतर इंश्योरेंस कंपनी कोई क्लेम नहीं करने वाले पॉलिसीधारकों को हर साल संचयी बोनस के साथ रिवॉर्ड देती हैं। यह बोनस प्रति वर्ष 10% से 100% तक हो सकता है और यह आपकी कवरेज राशि को बढ़ाकर या प्रीमियम को घटाकर लागू किया जाता है। उदाहरण के लिए, अगर आपके पास 5 लाख के सम इंश्योर्ड वाली पॉलिसी है, तो 20% संचयी बोनस बिना किसी अतिरिक्त लागत के इसे 6 लाख तक बढ़ा सकता है। हालांकि, अगर आपने अपनी पॉलिसी को रिव्यू करने पर ध्यान नहीं दिया तो इस तरह के अधिकतम लाभ पाने से वंचित रह सकते हैं और आपको आवश्यकता से अधिक भुगतान भी करना पड़ सकता है। वार्षिक रिव्यू आपको अपने एनसीबी को प्रभावी रूप से ट्रैक करने और इनका उपयोग करने में मदद करता है।

**पहले से मौजूद बीमारियों के लिए कवरेज :** हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में अक्सर मोतियाबिंद, डायबिटीज़ या हृदय रोग जैसी पहले से मौजूद बीमारियों के लिए प्रतीक्षा अवधि शामिल होती है। ये प्रतीक्षा अवधि अलग-अलग इंश्योरेंस कंपनी में अलग-अलग होती है। वार्षिक रूप से अपने प्लान को रिव्यू करके, आप यह जान सकते हैं कि कोई अन्य इंश्योरेंस कंपनी उन्हीं शर्तों के लिए कम प्रतीक्षा अवधि या बेहतर लाभ प्रदान करती है या नहीं। उदाहरण के लिए, अगर आपके मौजूदा प्लान में मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए प्रतीक्षा अवधि दो वर्ष है, लेकिन एक अन्य प्लान समान राशि के प्रीमियम पर एक वर्ष के बाद कवरेज प्रदान करता है, तो स्विच करने से आपका समय और पैसा दोनों बचेंगे। नियमित रिव्यू आपको सोच-समझकर यह निर्णय लेने में सक्षम बनाता है कि आपको अपनी मौजूदा इंश्योरेंस कंपनी के साथ ही पॉलिसी जारी रखनी है या दूसरा बेहतर विकल्प अपनाना है।

**बढ़ते हेल्थकेयर खर्चों के बारे में जानें :** भारत में हेल्थकेयर की लागत लगातार बढ़ रही है, विशेष रूप से कैंसर, हृदय रोग या अंग प्रत्यारोपण जैसे मामलों में इलाज खर्च कई लाख तक पहुंच सकता है। अगर मेडिकल खर्च बढ़ते हैं लेकिन आपकी कवरेज राशि समान रहती है, तो आपको अपनी जेब से काफी अधिक खर्च वहन करना पड़ सकता है, जो आपकी फाइनेंशियल प्लानिंग बिगाड़ सकते हैं। अपने प्लान को वार्षिक रूप से रिव्यू करने पर आपको अपना सम इंश्योर्ड बढ़ाने या क्रिटिकल इलनेस कवर जैसे राइडर जोड़ने का अवसर मिलता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आपकी पॉलिसी भविष्य के मेडिकल खर्चों को पूरा करने के लिए पर्याप्त रहे।

वार्षिक हेल्थ इंश्योरेंस चेक-अप केवल एक रुटीन नहीं है, बल्कि कवरेज को आपको जीवन में आ रहे बदलाव के अनुसार बनाने का एक व्यावहारिक चरण है। हेल्थ इंश्योरेंस ऐसी चीज नहीं है जिसे आप एक बार खरीदें और बस भूल जाएं; यह आपकी आर्थिक और व्यक्तिगत सुख-शांति के लिए एक मज़बूत सुरक्षा कवच है। हर साल अपने प्लान की समीक्षा करके, आप सुनिश्चित कर सकते हैं कि यह जीवन के अहम पड़ावों, बढ़ते मेडिकल खर्चों और आधुनिक हेल्थकेयर विकल्पों के साथ तालमेल बनाए रखना वाला हो। यह छोटी-सी आदत आपको अपने परिवार की सुरक्षा करने, अपने कवरेज की वैल्यू को अधिकतम करने और अप्रत्याशित खर्चों के लिए तैयार रहने में मदद करती है। आखिरकार, वार्षिक रिव्यू करना केवल एक अच्छी आदत भर नहीं है, बल्कि यह आपके हेल्थ इंश्योरेंस को प्रासंगिक, विश्वसनीय और वास्तव में आपकी आवश्यकताओं के अनुसार बनाए रखने का एक समझदारी भरा तरीका है।

# कहां से आ रही है समाज में बढ़ती अमानवीयता बर्बरता?

2 अगस्त को 'बालाघाट' (मध्यप्रदेश) में एक व्यक्ति को अपनी कुंवारी बेटी का रहस्य छिपाने के लिए उसके नवजात बच्चे को गोबर के ढेर में जिंदा दफनाने के बाद स्वयं आत्महत्या करने की कोशिश करने के आरोप में पकड़ा गया और अब 2 अगस्त को ही 'समालखा' (हरियाणा) में अपनी विवाहित प्रेमिका के साथ भागे एक व्यक्ति द्वारा अपनी प्रेमिका की बेटी के हाथ और होंठ बीड़ी से दागने और गलत ढंग से छूने के आरोप में बच्ची के पिता ने आरोपी के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।


मनोज अग्रवाल

भारत में बढ़ती अमानवीय और हिंसक घटनाएं एक गंभीर सामाजिक चिंता हैं, जो नैतिक मूल्यों में गिरावट और कानून-व्यवस्था के समक्ष मौजूद चुनौतियों को दर्शाती हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के हालिया आंकड़ों और मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, देश के विभिन्न हिस्सों से महिलाओं, बच्चों और समाज के कमजोर वर्गों के खिलाफ क्रूरता की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इन अमानवीय घटनाओं के मुख्य रूप और उनके पीछे के कारणों का विवरण नीचे दिया गया है: अमानवीय घटनाओं के प्रमुख प्रकारमहिलाओं के खिलाफ अपराधः देश में महिलाओं के खिलाफ बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और हत्या जैसी नृशंस घटनाएं गंभीर रूप ले चुकी हैं। बच्चों के साथ क्रूरताः कम उम्र के मासूमों के साथ यौन उत्पीड़न और हैवानियत के मामले लगातार रिपोर्ट हो रहे हैं। भीड़ द्वारा हिंसा (मॉब लिंचिंग): अफवाहों या आपसी विवाद के चलते कानून हाथ में लेकर सरेआम हत्या कर देना। घरेलू और नृजातीय हिंसाः पारिवारिक झगड़ों या विभिन्न समुदायों के बीच आपसी संघर्ष के कारण चरम क्रूरता का प्रदर्शन।इन घटनाओं के बढ़ने के मुख्य कारणमानसिकता और सामाजिक मूल्यों में गिरावटः इंटरनेट और सोशल मीडिया पर हिंसा का बढ़ता प्रदर्शन लोगों को असंवेदनशील बना रहा है।कानून का डर कम होनाः अदालती मामलों में देरी और न्याय मिलने की धीमी प्रक्रिया अपराधियों के हौसले बढ़ाती है। नशा और मादक पदार्थः शराब और ड्रग्स के अत्यधिक सेवन के कारण लोग अपनी सुध-बुध खोकर जघन्य अपराधों को अंजाम देते हैं। जागरूकता की कमीः मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही और समाज में बढ़ता अकेलापन या अवसाद भी आक्रामक व्यवहार का कारण बनता है।प्राचीन काल से ही भारत को उच्च नैतिकता, अहिंसा और मानवीय मूल्यों के ध्वजारोही के रूप में जाना जाता है परंतु आज चंद लोग अपने उच्च प्राचीन आदर्शों को भूल दरिंदगी की हदें पार कर रहे हैं। स्थिति कितनी गंभीर हो चुकी है, इस को हाल ही में सुर्खियों में रही कुछ वारदातों के जरिए समझने की कोशिश करते हैं :18 जनवरी को 'झालावाड़' राजस्थान में एक 18 वर्षीय युवक 'सोनू' को एक लड़की के परिवार वालों ने बंधक बना कर तीन दिनों तक अमानवीय यातनाएं दीं, बेरहमी से पीटा और एक बीयर की बोतल में पेशाब भरकर जबरन उसे पीने के लिए मजबूर किया। 19 मार्च को 'लातेहार' (झारखंड) में 'नेत्रहाट' के 'दोनो' नामक गांव में अंधविश्वास और जादू-टोने के शक में एक बुजुर्ग को जबरन पेशाब पिलाने के आरोप में पुलिस ने 4 आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया।



13 अप्रैल को 'बाड़मेर' (राजस्थान) के 'शिव थाना' क्षेत्र में एक लड़की से चैटिंग करने पर युवक को जबरन पेशाब पीने और गंदगी खाने के लिए मजबूर करने के आरोप में पुलिस द्वारा 2 युवकों को गिरफ्तार किया गया। 17 मई को 'अजमेर' (राजस्थान) के 'गगवान' गांव में पारिवारिक विवाद के चलते चंद लोगों द्वारा एक युवक 'जीतू' का अपहरण करके उसे जूतों की माला पहनाने और जबरन पेशाब पिलाने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया।

11 जून को 'बेगूसराय' (बिहार) में शौच के लिए निकली एक महिला के हाथ-पैर बांधकर उसके शरीर पर ब्लेड से घाव करने के बाद उसके साथ गैंगरेप करने और फिर उसके प्राइवेट पार्ट में लकड़ी के टुकड़े और 'रोड़े' डालने के आरोप में पुलिस द्वारा 5 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। 14 जून को 'पंडोपाड़ा' छत्तीसगढ़ में चरित्र पर शक के चलते एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी को सरेआम घसीटा, बेरहमी से पीटा, उसका सिर मुंडवा दिया और उसके मुंह पर कालिख पोत दी। 3 जुलाई को 'गुरुग्राम' (हरियाणा) में एक युवक ने अपनी शादी का राज खुलने के डर से अपनी प्रेमिका को जिंदा जलाकर मार डाला।

19 जुलाई को 'लुधियाना' (पंजाब) में रंजिश के चलते कुछ बदमाशों द्वारा एक छात्र का अपहरण करके किसी सुनसान स्थान पर ले जाकर उसे बेरहमी से पीटने, जबरदस्ती पेशाब पिलाने और थूक चटवाने के आरोप में पुलिस द्वारा 10 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। 27 जुलाई को 'वाराणसी' (उत्तर प्रदेश) के एक प्राइवेट स्कूल में 'प्रीति कुशवाहा' नामक अध्यापिका द्वारा क्लास में एक बच्चे का पैंट में ही पेशाब निकल जाने पर उसे एक खाली कमरे में ले जाकर गैस स्टोव पर चाकू गर्म करके उसके प्राइवेट पार्ट को दागने के आरोप में पुलिस ने अध्यापिका के विरुद्ध केस दर्ज किया। 28 जुलाई को 'दिल्ली' में पुलिस ने एक कैब चालक विजय कुमार की हत्या के आरोप में एक नाबालिग सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी चलती कार में चाकू से कैब चालक की हत्या करने के बाद उसकी लाश पर बैठ कर तब तक कार चलाते रहे जब तक कि वह एक खम्भे से टकरा कर रुक न गई। 30 जुलाई को 'जामनगर (गुजरात) में अपने प्रेमी और एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर शराब में सायनाइड (सबसे तीखा जहर) मिला कर अपने पति को मार डालने के आरोप में पुलिस द्वारा एक महिला को गिरफ्तार किया गया। 2 अगस्त को 'बालाघाट' (मध्यप्रदेश) में एक व्यक्ति को अपनी कुंवारी बेटी का रहस्य छिपाने के लिए उसके नवजात बच्चे को गोबर के ढेर में जिंदा दफनाने के बाद स्वयं आत्महत्या करने की कोशिश करने के आरोप में पकड़ा गया और अब 2 अगस्त को ही 'समालखा' (हरियाणा) में अपनी विवाहित प्रेमिका के साथ भागे एक व्यक्ति द्वारा अपनी प्रेमिका की बेटी के हाथ और होंठ बीड़ी से दागने और गलत ढंग से छूने के आरोप में बच्ची के पिता ने आरोपी के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। गुस्सा, भावनाओं की प्रबलता और अव्यावहारिक इच्छाएं लोगों पर जिस तरह हावी हो रही हैं, उसका परिणाम इस तरह की घटनाओं के रूप में सामने आता है। अतः इस तरह की घटनाओं में शामिल लोगों को कठोरतम दंड देने की आवश्यकता है। आवश्यक सुधारात्मक कदमकड़े कानून और त्वरित न्यायः अपराधियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने के लिए फास्ट-ट्रैक कोर्ट की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।पुलिस व्यवस्था में सुधारः गश्त बढ़ाना और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करना। नैतिक शिक्षाः बच्चों को स्कूलों और परिवारों में नैतिक मूल्यों तथा दूसरों के प्रति सम्मान की भावना सिखाना चहिए।

# रोजगार मेले में युवाओं की भागीदारी करें सुनिश्चितः डीएम

अवधनामा संवाददाता



■ डीएम ने की आईटीआई और कौशल विकास विभाग की समीक्षा

**देवरिया।** देवरिया जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में कौशल विकास एवं आईटीआई से जुड़े विभागों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि कौशल विकास एवं आईटीआई युवाओं के रोजगार से जुड़े महत्वपूर्ण विभाग हैं। इनकी सभी गतिविधियां प्रभावी ढंग से संचालित हों तथा अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

जिलाधिकारी ने आईटीआई के प्रधानाचार्यो को सभी ट्रेडों का प्रशिक्षण प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा युवाओं को अपने-अपने ट्रेड में दक्ष एवं कौशलयुक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त करेंगे, इसलिए प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

कौशल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट प्रवीण कार्यक्रम से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की छात्राओं को भी जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आईटीआई प्रधानाचार्यो, अनुदेशकों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ 8 अगस्त को गूगल मीट आयोजित करने के निर्देश दिए और कहा कि सभी अधिकारी बैठक में पूरी तैयारी के साथ प्रतिभाग करें।

उन्होंने कहा कि कौशल विकास विभाग की प्रमुख जिम्मेदारी युवाओं को रोजगारोन्मुखी एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। इसके लिए अधिक से अधिक युवाओं को योजनाओं से जोड़ते हुए नए ट्रेड विकसित किए जाएं, ताकि कोई भी कौशलयुक्त युवा बेरोजगार न रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने भी युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़कर रोजगारोन्मुखी बनाने तथा योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया।

# अध्यापिका को कार में घसीटा, दुराचार का प्रयास

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार युवक ने 20 साल की टीचर को लिफ्ट देने के बहाने किडनैप कर लिया। आरोपी उसे रामबाग स्टेशन के पास ले गया। जहां उसके चार दोस्त कार लेकर खड़े थे। आरोपी ने टीचर को जबरन कार के अंदर खींच लिया। जबकि उसके चारों दोस्त कार के बाहर खड़े रहे। टीचर ने विरोध किया तो आरोपी ने चाचा के विधायक होने की धमकी देते हुए निकाह करने को कहा। इसके बाद आरोपी ने टीचर के साथ रेप करने की कोशिश की तो टीचर चीखने लगी। चीख सुनकर कबाड़ बीनने वाले मौके पर पहुंचे तो आरोपी मौके से कार और स्कूटी लेकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर कीडगंज पुलिस ने बुधवार को आरोपियों के खिलाफ स्नद्धक्रदर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि लड़की ट्यूशन पढ़ाकर घर आ रही थी। तभी उसका किडनैप कर लिया गया। आरोपी की पहचान हो गई है। वह मुट्ठीगंज क्षेत्र के रहने वाले व्यापारी का बेटा है। उसकी तलाश की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित अध्यापिका मुट्ठीगंज की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि लह बाई का बाग मोहल्ले में रहकर पढ़ाई करती हूं। खर्च चलाने के लिए ट्यूशन भी पढ़ाती हूं। रोजाना शाम छह से आठ बजे तक ट्यूशन पढ़ाने जाती हूं। 3 अगस्त की रात करीब 8 बजे ट्यूशन पढ़ाने के बाद कमरे पर लौट रही थी। तेज बारिश हो रही थी और कोई साधन नहीं दिख रहा था। मैं सड़क पर खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक मुस्लिम युवक स्कूटी से आया। उसने लिफ्ट देने की बात कहकर मुझे बैठा लिया।

वह मुझे जीवन ज्योति अस्पताल और रामबाग पुल के नीचे के रास्ते से जाने लगा।

# 18 साल बाद मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण लॉन्च करेगा आवासीय योजना

अवधनामा संवाददाता




■ 117 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाली आवासीय योजना के लिए भूमि का अधिग्रहण लगभग पूरा

■ कोकिलावन शनिधाम, बरसाना और नंदगांव के निकट होने से लंबे समय से था इंतजार

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण (एमवीडीए) जल्द ही छाता स्थित बहुप्रतीक्षित आवासीय योजना लॉन्च करने जा रहा है। 18 साल बाद के बाद यह प्राधिकरण की सबसे बड़ी आवासीय योजना है। योजना के लिए 102 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा हो चुका है।

गौरतलब है कि दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप एमवीडीए ने सितंबर 2024 में 117 हेक्टेयर क्षेत्रफल की छाता आवासीय योजना को विकसित करने की प्रक्रिया शुरू की थी। करीब 15 माह के दौरान दिसंबर 2025 तक 60 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया। इसके बाद वर्तमान उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन के नेतृत्व में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाई गई, जिसके परिणामस्वरूप सिर्फ 7 माह में अब 102 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा हो चुका है। इस योजना की शेष भूमि का अधिग्रहण भी अगले कुछ समय में पूरा होने की संभावना है। भूमि अधिग्रहण की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने योजना को लॉन्च करने की तैयारियां तेज कर दी हैं।

मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि छाता आवासीय योजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। रुक्मिणी विहार आवासीय योजना, वृंदावन के बाद करीब 18 साल उपरांत प्राधिकरण छाता में सबसे बड़ी आवासीय योजना लॉन्च करने की तैयारी में है। इस योजना के लिए करीब 350 किसानों की सहमति प्राप्त की गई है। 117 हेक्टेयर में विकसित होने वाली इस आधुनिक आवासीय योजना में आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंडों के साथ-साथ विद्यालय, महाविद्यालय, ग्रुप हाउसिंग, होटल, सुपर मार्केट, अस्पताल, ईडब्ल्यूएस भूखंड/ आवास निकट भी अतिरिक्त शॉपिंग काम्प्लेक्स सहित अन्य सामुदायिक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि योजना का स्थान कोकिलावन शनिधाम, बरसाना और नंदगांव जैसे प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के निकट होने के कारण इसे भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जाएगा।

# 'सुपर स्पेशलिटी अस्पताल व कारपेट म्यूज़ियम बने'

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** भदोही के भाजपा सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद ने लोकसभा में नियम 377 के तहत भदोही में आधुनिक कारपेट म्यूजियम की स्थापना की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि इससे विश्व प्रसिद्ध कालीन उद्योग की ब्रांडिंग मजबूत होगी, इतिहास और विरासत को संरक्षित किया जा सकेगा तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। सांसद ने बताया कि प्रयाग और काशी के बीच स्थित भदोही में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, ऐसे में कारपेट म्यूजियम से स्थानीय कारीगरों और उद्योग को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी।

उन्होंने कहा कि भदोही जनपद के कंधिया क्षेत्र में औद्योगिक विकास की योजना के तहत बड़े पैमाने पर भूमि का अधिग्रहण किया गया था किंतु प्रस्तावित योजना अपेक्षित रूप से अभी तक आगे नहीं बढ़ पाई है 2002 से यह मामला लंबित पड़ा हुआ है ऐसे में संसद में नियम 377 के तहत सांसद ने उपरोक्त भूमि पर एम्स की तर्ज पर एक आधुनिक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना की मांग की है। संसद में नियम 377 के तहत सांसद ने सुझाव देते हुए कहा कि लंबे समय से उपरोक्त प्रस्तावित योजना अपेक्षित रूप से आगे नहीं बढ़ पा रही है जिसकी वजह से कंधिया क्षेत्र की जो भूमि है उसका उपयोग जनहित में अभी तक नहीं हो पा रहा है ऐसे में उन्होंने वहां आधुनिक अस्पताल की मांग की है ,अगर अस्पताल बनता है तो भदोही, वाराणसी, जौनपुर समेत आसपास के जनपदों के लाखों लोगों को उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगे।

### श्रमदान कर बना लिया सड़क



**रुद्रपुर देवरिया।** उपनगर के बथुआ रिवर फ्रन्ट स्थित कालोनीमें सड़क मार्ग का निर्माण न होने सेकानूनी के लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थीजहां लोगों नेनगर पंचायत सेकई बारबनवाने की मांग की थीकिंतु नगर पंचायत द्वारा बताया गया केउक्त कॉलोनीग्राम सभा में पड़ता हैइसके कारण सड़क का निर्माण नहीं हो सकता हैआज जाकर कॉलोनी के लोगों नेश्रमदान करसड़क निर्माण कार्य करायाजो लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ हैलोगों ने कहा कि अगर स्थानीय शासन प्रशासन द्वाराकोई कार्य नहीं किया जाता है तोलोगों के सहयोग सेकार्य हो सकता हैजिसको लेकरवार्ड के लोगों नेडॉक्टर जितेंद्र सहितअन्य लोगों के सहयोग सेसाथ मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया।

# शिक्षा में प्रतिस्पर्धा और अनुशासन ही सफलता की कुंजी - डॉ. प्रत्युष कुमार

अवधनामा संवाददाता



■ यूनिट टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों का हुआ सम्मान

**रुद्रपुर (देवरिया)।** स्थानीय ग्राम रामचक में स्थित विद्यालय प्रत्युष विहार में बुधवार को जुलाई माह के यूनिट टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रत्युष कुमार भारत ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित मूल्यांकन अत्यंत आवश्यक है। यूनिट टेस्ट जैसी व्यवस्था बच्चों में अध्ययन के प्रति गंभीरता, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने का आह्वान करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही सफलता का आधार है। विशिष्ट अतिथि प्रवक्ता ब्रह्मानन्द गोंड ने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का पालन करने की अपील की। वहीं सभासद पुनीता भारती ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। यदि बच्चों को सही दिशा, प्रेरणा और प्रोत्साहन मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की पहल की सराहना की।

## संक्षिप्त समाचार

### आटा मिलों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

**देवरिया (अवधनामा संवाददाता)।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को जनपद की दो आटा मिलों पर छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान पहाड़पुर स्थित श्री गणपति रोलर फ्लोर मिल तथा पुरवा स्थित प्रकाश ट्रेडर्स फ्लोर मिल में लेबलिंग संबंधी अनियमितताएं पाए जाने पर दोनों प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया। कार्रवाई के दौरान दोनों आटा मिलों से आटा, मैदा एवं सूजी के कुल तीन नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### भारतीय पत्रकार महासंघ ने राज्यपाल से किया मांग

**आजमगढ (अवधनामा संवाददाता)।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की जिला इकाई ने महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ की स्थापना के लिए हुए जनआंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आंदोलनकारियों को उचित सम्मान दिए जाने की मांग की है। महासंघ की जिला इकाई द्वारा कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की अधिसूचना आज ही के दिन 5 अगस्त वर्ष 2019 में जारी हुई तथा विश्वविद्यालय का प्रथम शैक्षणिक सत्र वर्ष 2021-22 से प्रारंभ हुआ। विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए लंबे समय तक संघर्ष चला,जिसका नेतृत्व बीएचयू आईआईटी के पूर्व छात्र नेता अजीत कुमार सोनकर के नेतृत्व में हस्ताक्षर महाअभियान, धरना-प्रदर्शन तथा 13 दिनों तक आमरण अनशन किया गया आंदोलन के दौरान अनेक सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों तथा जनप्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त हुआ।

# पशुपालकों को मिली आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी

अवधनामा संवाददाता



**चन्दौली।** दुग्धशाला विकास विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास भवन सभागार में 'जनपद स्तरीय डेयरी कॉन्क्लेव 2026' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन, दुग्ध विकास विभाग तथा पशुपालन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीसी मनरेगा रवींद्र चतुर्वेदी ने की।

कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य जनपद में डेयरी व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाना, उन्नत नस्ल सुधार, पशु पोषण, आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण और पशुपालकों को सरकारी योजनाओं व वित्तीय सहायता से जोड़ना रहा। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र रघुवंशी ने साइलेज निर्माण, संतुलित पशु आहार, पशु रोग नियंत्रण और कृत्रिम गर्भाधान पर व्यावहारिक जानकारी दी। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. योगेश कुशवाहा एवं उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. रंजीत पाल ने पशु रोगों की पहचान, रोकथाम, टीकाकरण और विभागीय योजनाओं के बारे में बताया। इंडियन बैंक के अधिकारी राजीव सिंह ने 'राष्ट्रीय गोकुल मिशन', 'किसान क्रेडिट कार्ड' और स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी साझा की।

योजनाओं का विवरण व चयन पत्र वितरणः वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक ज्वाला कुमार यादव, राजकीय दुग्ध पर्यवेक्षक मनोज पटेल व मगन सिंह ने 'नन्द बाबा दुग्ध मिशन', 'मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना', 'मिनी नंदिनी' व 'नंदिनी कृषक समृद्धि योजना' के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान 'मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना 2026-27' में चयनित 14 महिला और 14 पुरुष लाभार्थियों को चयन व अनुमति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि डेयरी उद्योग केवल कृषि का पूरक नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। आधुनिक तकनीक अपनाकर किसान कम लागत में बेहतर दुग्ध उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। इस आयोजन में जनपद भर से सैकड़ों किसानों, दुग्ध उत्पादक समितियों के प्रतिनिधियों, पशु चिकित्सकों और कृषि वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

# नंदबाबा के आंगन से गूंजे श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के स्वर

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** ब्रज के प्रमुख तीर्थ नंदगांव स्थित श्री नंदबाबा मंदिर परिसर से गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति को लेकर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट के दिशा-निर्देश में आयोजित इस अभियान के तहत मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों को भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि प्रकरण, न्यायालय में चल रही कानूनी प्रक्रिया तथा ऐतिहासिक साक्ष्यों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान घर-घर संपर्क कर हस्ताक्षर कराए गए तथा विषय से संबंधित पुस्तिकाएं और पंपलेट वितरित किए गए। श्री नंदबाबा मंदिर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में संत श्री श्यामानंद जी महाराज ने इस विषय से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों और न्यायालय में चल रही प्रक्रिया की जानकारी दी। बताया कि हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट लंबे समय से न्यायालय में इस मामले की पैरवी कर रहे हैं और जनसमर्थन के माध्यम से समाज को इस विषय के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंदिर के सेवायतों एवं अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि जनजागरण का उद्देश्य समाज को ऐतिहासिक तथ्यों एवं न्यायालयीन प्रक्रिया से अवगत कराना है। उन्होंने सेवायतों से आग्रह किया कि वे प्रत्येक घर तक पहुंचकर लोगों को उपलब्ध दस्तावेजों और ऐतिहासिक प्रमाणों की जानकारी दें तथा अधिक से अधिक लोगों को हस्ताक्षर अभियान से जोड़ें।

इसके बाद सेवायतों एवं कार्यकर्ताओं की टोली ने नंदगांव के विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया।

# भाजपा सरकारों के सभी वादे निकले झूठे, किसान हैं बेहद परेशान : जुनेद

अवधनामा संवाददाता




**मुरादाबाद।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय सतपाल मलिक की प्रथम पुण्यतिथि को किसान दिवस के रूप मे मनाया है। महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पैतृक गांव हिसावदा मे पहुंचकर श्रध्दांजलि अर्पित की है। इस मौके पर अध्यक्ष जुनेद इकराम ने कहा है कि भाजपा सरकारों ने किसानों की आय दोगुना करने समेत तमाम वादे किए थे, लेकिन एक पर भी अमल नहीं किया है जिससे किसान बेहद परेशान है।

महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने बताया कि पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय सत्यपाल मलिक एक प्रमुख भारतीय राजनेता थे, छात्र जीवन से ही वे राजनीति में सक्रिय हो गए थे। वह विधानसभा व लोकसभा के सदस्य रहे तथा केन्द्रीय मंत्री बनने के अलावा बिहार, जम्मू-कश्मीर, गोवा और मेघालय जैसे महत्वपूर्ण राज्यों के राज्यपाल के रूप में सेवाएं दीं। किसान आंदोलन के दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की और किसानों का खुलकर समर्थन किया था।

पुलवामा हमला और केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर सरकार को आईना दिखाने मे उन्होंने बिल्कुल संकोच नही किया। उनकी बेबाकी हमेशा चर्चा मे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की किसानों, गरीबों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, दलितों, व्यापारियों, उद्मियों की हमदर्द है और देश का विकास करा सकती है।

इस दौरान नजाकत ठेकेदार, मुशाहिद चौधरी, मौहम्मद शादान, रिजवान रईस, अफसर अंसारी, फहीम, उवैस, दानिश कुरैशी, शमशेर खान, बन्ने पहलवान, समीर खान, शकील सिद्दीकी, हाजी युसुफ अंसारी, हाजी कासिम, मेराज, हाजी राशिद, हाजी बाबू, हाजी जावेद आदि उपस्थित रहे।

# सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस की डीएम ने की समीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआरएस की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत योजनाओं की प्रगति, सहित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, समाज कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति एवं पेंशन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी महाविद्यालयों के साथ समन्वय बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसील स्तर पर भी बैठकें आयोजित कर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को योजनाओं से संबंधित प्रगति का समयबद्ध रूप से पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए जिन विभागों को असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ, उन पर नाराजगी व्यक्त की तथा अधिकारीगण को असंतुष्ट फीडबैक की समीक्षा की निर्देश दिए।

### गोवर्धन में बनाया जा रहा शिशु गृह और रूम

**मथुरा।** अब गोवर्धन परिक्रमा लगाने वाली महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए असहज नहीं होना पड़ेगा। परिक्रमा में चाहे कितनी ही भीड़ हो, लेकिन एक ऐसा फीडिंग रूम और शिशु गृह तैयार किया गया है, जहां महिलाएं बिना किसी संकोच के अपने बच्चों को स्तनपान करा सकेंगी।

इस शिशु गृह में छोटे बच्चों के लिए झूले और पालने भी लगाए जाएंगे, ताकि किसी महिला के साथ एक से अधिक बच्चे हों तो भी कोई परेशानी न हो। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले में महिला सशक्तीकरण और शिशु देखभाल की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर अब परिक्रमा करने के दौरान भी माताएं अपने बच्चों को स्तनपान करा सकेंगी। इसके लिए परिक्रमा मार्ग पर स्थित आन्यौर के पंचायत घर में महिलाओं के लिए एक आधुनिक फीडिंग रूम और शिशु गृह तैयार कराया जा रहा है।

# भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के प्रयास रहेंगे जारी : डा. राकेश

अवधनामा संवाददाता



■ आठ अगस्त तक इंडिया एक्सपो मार्ट में इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो का आयोजन

**मुरादाबाद।** हॉस्पिटैलिटी एवं होरेका क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप हस्तनिर्मित उत्पादों की एक विशिष्ट श्रृंखला का प्रदर्शन इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो कर रही है। इस प्रदर्शनी का आयोजन आठ अगस्त तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड माट में जारी रहेगा। ईपीसीएच के महानिदेशक व मुख्य संरक्षक तथा आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि भातयी हस्तशिल्प उत्पादों के विकास के लिए प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

ईपीसीएच पवेलियन का अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना, आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, कार्यकारी निदेशक राजेश रावत द्वारा किया गया। डॉ. राकेश कुमार ने कहा, मेला आज एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक मंच के रूप में स्थापित हो चुका है, जो आपूर्तिकताओं को उन निर्णयकताओं से जोड़ता है। देश के तेजी से विकसित हो रहे आतिथ्य अवसंरचना क्षेत्र को दिशा दे रहे हैं। सोर्सिंग विशेषज्ञों, होटल मालिकों, इंटीरियर डिजाइनरों, वास्तुकारों एवं परियोजना सलाहकारों की उपस्थिति हस्तशिल्प निमार्ताओं को संस्थागत खरीद आवश्यकताओं को समझने तथा नवाचारी, अनुकूलित एवं बड़े पैमाने पर उपलब्ध कराए जा सकने वाले समाधान प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती है। अतिथि कक्षों, रेस्तरां, लॉबी, बैंक्वेट हॉल, वेलनेस स्पेस एवं आउटडोर क्षेत्रों के लिए भारतीय हस्तशिल्प की अनुकूलित समाधान विकसित करने की क्षमता प्रस्तुत कर रहे हैं। यह भागीदारी हमारे निर्यातकों एवं कारीगरों को संस्थागत खरीदारों से सीधे जुड़ने तथा अग्रणी हॉस्पिटैलिटी ब्रांडों के साथ दीर्घकालिक सोर्सिंग संबंध विकसित करने का अवसर प्रदान करेगी। नीरज खन्ना ने कहा है कि हॉस्पिटैलिटी उद्योग भारतीय हस्तशिल्प निमार्ताओं, निर्यातकों एवं कारीगरों के लिए व्यापक संभावनाएँ प्रदान करता है।

# 9 से 17 अगस्त तक ग्राम पंचायतों में हर घर तिरंगा अभियान

अवधनामा संवाददाता

■ 15 अगस्त तक लगाएं जाएंगी हर घर पर तिरंगा

**मथुरा।** लोगों में देश भक्ति की भावना जाग्रत करने के उद्देश्य से जनपद की 495 ग्राम पंचायतों में 9 से 17 अगस्त के बीच वंदे मातरम के तृतीय चरण के साथ हर घर तिरंगा अभियान 2026 का आयोजन जनभागीदारी के साथ संचालित करायेगा। जिसका शासन ने कार्यक्रम आयोजन के लिए समय सारणी जारी कर दी है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक घरों पर 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा फैराया जाएगा। ग्राम पंचायतों के मुख्य मार्गो/शासकीय भवनों एवं अमृत सरोवर के आस पास सफाई और चूना का छिड़काव किया जाएगा।

जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने बताया कि 9 अगस्त से पूर्व प्रशासक की अध्यक्षता में सचिव/पंचायत सहायक द्वारा ग्रामीणों एवं मुख्य व्यक्तियों के साथ ग्राम सभा की बैठक करेंगे। जिसमें 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर एवं संस्था पर तिरंगा लगाने हेतु चर्चा कर वातावरण सृजन किया जायेगा। बैठक में ग्राम पंचायत के वार्डवार/मौहल्ला वार/मजरावार आशा/ आंगनवाडी/ पंचायत सहायक/ चौकीदार/ उचित दर विक्रेता को जिम्मेदारी देकर प्रत्येक भवन झण्डा फहराना सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने सफाई कर्मी को निर्देशित किया है कि ग्राम पंचायत के मुख्य मार्गो/शासकीय भवनों एवं अमृत सरोवर के आस-पास सफाई सुनिश्चित करायी जायेगी। 15 अगस्त को चूना छिड़काव कराया जायेगा। स्वयं सहायता समूह द्वारा उपलब्ध कराये गये झण्डों को ग्राम पंचायत के वार्ड में ऐसे परिवारों को निःशुल्क वितरित किया जायेगा, जिनके पास पुराना झण्डा उपलब्ध नहीं है। ग्राम पंचायत के पंचायत सचिवालय पर झण्डे की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर इच्छुक व्यक्तियों को झण्डे की ब्रिकी की जायेगी।

# मुरैया बुजुर्ग आयुष्मान आरोग्य मंदिर का जायजा लिया

■ स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन मिशन के सीईओ ने स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन मिशन मनोज कुमार सिंह ने उपकेंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर, मुरैया बुजुर्ग का निरीक्षण कर वहां संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीमित संसाधनों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर स्वास्थ्य टीम की सराहना की।

गुरुवार को निरीक्षण के दौरान सीईओ ने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) प्रबंधन सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अमिता कटारिया एवं स्वास्थ्य स्टाफ ने सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए।

केंद्र पर प्रतिमाह 28 से 30 सुरक्षित प्रसव कराए जाने की जानकारी मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना सराहनीय है। निरीक्षण में डिलीवरी प्वाइंट पर सभी आवश्यक मानकों की उपलब्धता पाई गई। अधिकारियों को बताया गया कि यह केंद्र लगभग 10 हजार की आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। साथ ही करीब 35 वर्षों तक सेवा देने वाली सेवानिवृत्त एएनएम, जो वर्तमान में सपोर्टिंग स्टाफ के रूप में कार्यरत हैं, उनके समर्पण और अनुभव की भी मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रशंसा की। इस दौरान केंद्र पर उपलब्ध एआई आधारित ईसीजी मशीन की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि इसके प्रभावी संचालन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे मरीजों को आधुनिक एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस सफल मॉडल का अध्ययन किया गया है और इसे प्रदेश के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी लागू करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं जनहितकारी बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, आईएएस अक्षत वर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## मंडल आयोग की सिफारिशें लागू कराने हेतु आसपा का मण्डल जन आंदोलन आज

**प्रयागराज।** मंडल आयोग की सभी सिफारिशों को लागू कराने, पिछड़े वर्गों को राजनीतिक आरक्षण दिलाने तथा सामाजिक न्याय और समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग को लेकर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) एक ओर जहां लखनऊ में स्थित मान्यवर कांशीराम इको गार्डन में विशाल धरना-प्रदर्शन आज केन्द्र और राज्य की शासन सत्ता का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु आयोजित करेगा। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना के सांसद चन्द्रशेखर आजाद 07 अगस्त को मंडल दिवस के अवसर पर लखनऊ के मान्यवर कांशीराम ईको गार्डन में भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) द्वारा आयोजित मंडल दिवस-जन आंदोलन इसी बदलते राजनीतिक परिदृश्य का संकेत माना जा रहा है।

# हर घर तिरंगा अभियान में रहें सक्रिय

■ तालग्राम ब्लॉक में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व भाजपा जिला मंत्री ने ली बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आगामी हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक घर पर राष्ट्रध्वज फहराने के उद्देश्य से विकासखंड तालग्राम परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने और राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

गुरुवार को तालग्राम ब्लॉक कार्यालय में आयोजित बैठक में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह उर्फ पुच्ची ठाकुर एवं भाजपा जिला मंत्री संजीव गुप्ता उर्फ संजू ने संयुक्त रुप से कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का जनआंदोलन है। सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को अभियान से जोड़ें तथा प्रत्येक परिवार को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर तेराजाकेट मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार, मंडल महामंत्री अनूप दुबे सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का संकल्प लेते हुए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया। बैठक के अंत में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने तिरंगे के सम्मान, राष्ट्र की एकता-अखंडता तथा देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरे उत्साह के साथ अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

फोटो परिचय 06जीयूआर02-ब्लाक कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते राजीव सिंह व संजू गुप्ता।

# प्रदेश के विकास के लिए अखिलेश यादव का नेतृत्व जरूरी है



दिव्यांग एवं ग्रामीणों से हाल लेते एवं वार्ता करते पूर्व विधायक

■ पूर्व विधायक ने ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर कार्यकर्ताओं और आमजन से मुलाकात कर पार्टी की नीतियों से अवगत करानें का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने अपने पुराने एवं समर्पित दिव्यांग कार्यकर्ता रघुवीर शाक्य निवासी नगला नुनार से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

क्षेत्रीय भ्रमण दौरान पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को परिवार का सदस्य मानती हैं और उनके सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी रहती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में अधिक से अधिक समर्थन जुटाने की अपील भी की। इससे पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी की नीतियों और पूर्ववर्ती सरकार के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास के लिए अखिलेश यादव का नेतृत्व आवश्यक है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव, शिल्पी यादव, सरवन अली, अनुज यादव, पूर्व प्रधान बादाम कठेरिया, पूर्व प्रधान सुरेश कठेरिया, दिनेश यादव, राहुल यादव, विपिन यादव, चंद्रमोहन शर्मा, मुजफ्फर खान, मो. शान खान, मोहम्मद आकिल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## तालाब में डूबे युवक के परिजनों को मिलेगी 4 लाख की सहायता

**संभल।** तालाब में डूबने से हुई एक युवक की मृत्यु के उपरांत जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशानुसार पीड़ित परिवार को शासन की निर्धारित व्यवस्था के अंतर्गत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। तहसील सम्भल क्षेत्र के ग्राम रजाकपुर निवासी रंजीत पुत्र रामरतन सिंह (आयु 38 वर्ष) की दिनांक 05 अगस्त 2026 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। घटना के उपरांत आवश्यक पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई नियमानुसार संपन्न कराई गई। उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित राज्य आपदा मोचक निधि (SDRF) तथा राष्ट्रीय आपदा मोचक निधि (NDRF) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मृतक के आश्रित परिवार को 4,00,000 (चार लाख रुपये) की अनुग्रह सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इसी क्रम में जिलाधिकारी की स्वीकृति उपरांत मृतक की पत्नी श्रीमती पूनम के पक्ष में 4 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है तथा राहत राशि के भुगतान की आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के गठन में तेजी लाने के निर्देश

■ पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को समूहों से जोड़ने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने पर जोर

**अवधनामा संवाददाता**



**संभल (बहजोई)** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के गठन तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को समूहों से जोड़ने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी राम आशीष ने एजेंडा बिंदुओं एवं जनपद में स्वयं सहायता समूहों के गठन की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की कि जनपद में उचित दर विक्रेताओं (राशन कोटेदारों) के माध्यम से अब तक कितने स्वयं सहायता समूह गठित कराए गए हैं तथा इस कार्य की वर्तमान प्रगति क्या है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी राशन कोटेदार स्वयं सहायता समूहों के गठन की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारक परिवारों को समूहों से जोड़ने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि समूह सखियां भी उचित दर की दुकानों पर आने वाले पात्र परिवारों से संपर्क स्थापित कर उन्हें स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिससे अधिकाधिक महिलाओं को स्वरोजगार एवं आजीविका से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि समूह गठन की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए ब्लॉक मिशन प्रबंधकों (बीएमएम) एवं समूह सखियों के साथ बैठक आयोजित करें तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूहों का गठन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक पहुंचाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छात्रावास में आवासीय सुविधा के लिए 15 अगस्त तक करें आवेदन

**प्रयागराज।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में निर्धन एवं मेधावी छात्र/छात्राओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्नातक छात्रों हेतु संचालित डा. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास (बालक) चांदपुर सलोरी, बी.टेक. एवं डिप्लोमा के छात्राओं हेतु, राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (बालिका) आई.ई.आर.टी. परिसर प्रयागराज व राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास (बालक) चैथम लाइन, प्रयागराज में स्नाकोत्तर में प्रवेशित छात्रों हेतु 70 प्रतिशत सीटों पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं 30 प्रतिशत सीटों पर अन्य पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। प्रयागराज में नियमित रूप से अध्ययनरत राज्य विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय, एवं आई.ई.आर.टी. के छात्र/छात्राओं जो शैक्षिक सत्र 2026-27 में नियमित रूप से विश्वविद्यालय/राज्य विश्वविद्यालय विद्यार्थी के रूप में प्रविष्ठ हो। सभी नवप्रवेशित छात्र नवीन आवेदन हेतु निदेशालय द्वारा 1 जुलाई से आनलाइन पोर्टल खोल दिए गये लिंक पर 15 अगस्त तक ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे,

# डीएम ने राष्ट्रीय आयुष मिशन की प्रगति की समीक्षा की

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल (बहजोई)** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय आयुष मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अमरदीप सिंह नायक ने एजेंडा बिंदुवार प्रस्तुत करते हुए जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी जिलाधिकारी को दी। उन्होंने बताया कि जनपद में वर्तमान में 12 आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं 03 यूनानी चिकित्सालय संचालित हैं। इसके साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा योग वेलनेस सेंटर के संचालन की प्रगति से भी अवगत कराया गया।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सकों की तैनाती, रिक्त पदों, स्टाफ एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की उपलब्धता एवं आबद्धीकरण, औषधियों की उपलब्धता, दवा वितरण व्यवस्था, पंचकर्म सेवाओं, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के अंतर्गत लाभान्वित रोगियों की स्थिति तथा आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विभाग आगामी समीक्षा बैठक में सभी अद्यतन एवं पूर्ण सूचनाओं के साथ उपस्थित हो, जिससे योजनाओं की प्रगति का समुचित मूल्यांकन किया जा सके। उन्होंने जनपद में आयुर्वेदिक चिकित्सालयों के लिए भूमि उपलब्धता, बजट, आधारभूत सुविधाओं एवं विस्तार योजनाओं की भी जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होम्योपैथी विभाग की स्थिति, चिकित्सालयों के संचालन तथा उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को जनहित में सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनाने के निर्देश दिए।

# सपा का पीडीए कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर/आजमगढ़।** विधानसभा मुबारकपुर के पूरा दीवान स्थित कुरैशी मैरेज हॉल में समाजवादी पार्टी द्वारा PDA कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, बूथ अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी नेता शैलेंद्र यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव के विचारों को याद किया और कहा कि समाजवादी आंदोलन की असली ताकत कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लगातार कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ की हड्डी बताते रहे हैं और बूथ स्तर का कार्यकर्ता ही संगठन का सबसे बड़ा नेता होता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना पार्टी का लक्ष्य है और सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा एवं मजबूती के साथ संगठन को गांव-गांव और बूथ-बूथ तक मजबूत करें, ताकि अखिलेश यादव को एक बार फिर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जा सके। सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि ने पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं एवं बूथ स्तर के नेताओं को शॉल ओढ़ाकर और फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाता है तथा यही सम्मान आने वाले चुनावों में जीत की नींव बनेगा। कार्यक्रम का संयोजन असरारुल हक, नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मुबारकपुर ने किया। वहीं समाजवादी युवा नेता डॉ. मुकर्रम अली ने भी संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत प्रत्याशी प्रदीप यादव ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की ताकत कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता में है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए आगामी चुनावों में पूरी मजबूती के साथ पार्टी को विजयी बनाने का संकल्प दिलाया। सम्मेलन में पप्पू यादव, महेश यादव, बाबलू प्रधान, बलवीर यादव सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

## जगत तारन गर्ल्स डिका में बीए सेमेस्टर-1 का प्रवेश जारी

**प्रयागराज।** प्राचार्या, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कालेज, प्रयागराज ने बताया हैं कि महाविद्यालय में सत्र 2026-27 बी0ए0 सेमेस्टर-1 का प्रवेश कार्य 31 जुलाई 2026 से प्रारम्भ है। वे सभी छात्राएं जिन्होंने सीयूईटी (यूजी)- 2026 परीक्षा दी है एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीकरण कराया है. साथ ही साथ ऐसी छात्राएं जिन्होंने महाविद्यालय की वेबसाइट से नान सीयूईटी हेतु गूगल फार्म द्वारा पंजीकरण कराया है, उन्हें महाविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरकर पंजीकरण कराना होगा व इसके लिए इस स्तर पर कोई कट ऑफ या मेरिट की बाध्यता नहीं रखी गयी है, अतः ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सीटों की उपलब्धता तक लगातार चलती रहेगी।

उक्त प्रक्रिया द्वारा पंजीकृत छात्राओं की उनकी मेरिट के अनुसार ऑनलाइन काउंसिलिंग की सूचना उन्हें अलग से दी जाएगी व काउंसिलिंग का समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक बतायी गयी तिथि के अनुसार रहेगा।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के नवीन पाठ्यक्रम पर कार्यशाला का आयोजन



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** दिल्ली पब्लिक स्कूल में बुधवार को सीबीएसई के नवीन पाठ्यक्रम के अंतर्गत कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कक्षा 3 से 8) विषय पर एक दिवसीय व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीबीएसई के सहयोग से किया गया,जिसका उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति (NEP 2020)के अनुरूप आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सीबीएसई डीटीसी डॉ.कैलाश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भविष्य की शिक्षा में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन,समस्या समाधान क्षमता तथा नवाचार की भावना विकसित करने का आह्वान किया। संसाधन विशेषज्ञ डॉ.एन.के.शर्मा एवं सुश्री रणदीप कौर ने गतिविधि-आधारित शिक्षण,पाठ्यक्रम एकीकरण,मूल्यांकन पद्धतियों तथा एआई के नैतिक एवं जिम्मेदार उपयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में प्रतिभागी शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इससे कक्षाओं में नवीन शिक्षण विधियों का प्रभावी क्रियान्वयन होगा तथा विद्यार्थियों में 21 वीं सदी के आवश्यक कौशल विकसित करने में सहायता मिलेगी।

## पंखे में करंट से मासूम बच्ची की मौत

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र पतहना गांव में पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसी बच्ची गुरुवार को जिला अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना से परिजन में कोहराम मच गया। उक्त गांव निवासी सुरेंद्र गौतम की पांच वर्षीया पुत्री सान्वी गौतम पंखे में उतरे करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन और पड़ोसी बच्ची को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां पर चिकित्सकों ने देखने के बाद उसे मृतक घोषित कर दिया। लेकिन उसके बाद भी परिजन बगल के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए वहां पर भी चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## चुनावी रंजिश में जमकर चले लाठी-डण्डे, नौ घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज (अवधनामा संवाददाता)** तालग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद में प्रधानी चुनाव की पुरानी रंजिश को लेकर राशिद और तार अली की ओर दो पक्षों के एकत्र हुए लोगों में गाली गलौज व जमकर लाठी-डंडे और ईट-पत्थर चले। खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों के कुल नौ लोग घायल हो गए। जिनमें तीन की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी तालग्राम भेजा और गांव में तनाव के मद्देनजर पुलिस बल तैनात कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रंजना पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मुबारकपुर में निकला जुलूस चेहल्लुम, विभिन्न अन्जुमनों ने किया नौहाख्वानी व सीना ज़नी

**मुबारकपुर/आजमगढ़।** शोहदाए कर्बला की याद में हर वर्ष तरह इस वर्ष भी मुबारकपुर के मोहल्ला शाह मोहम्मदपुर चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। स्थानीय विभिन्न अन्जुमनों ने शिरकत कर सीना ज़नी व नौहाख्वानी किया। जुलूस सिलसिला देर रात तक निर्धारित विभिन्न रास्ते से होते हुए सिकठी शाह का पंजा पर पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ। मुबारकपुर में चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। विभिन्न अन्जुमनों में अन्जुमन अन्सारे हुसैनी कदीम रजिस्टर्ड, अन्जुमन अन्सारे हुसैनी रजिस्टर्ड, अन्जुमन मासूमिया रजिस्टर्ड, अन्जुमन अजादारे हुसैनी रजिस्टर्ड, ने जुलूस में शिरकत कर नौहाख्वानी व सीना ज़नी किया। इस अवसर पर मौलाना इब्ने हसन अमिलवी ने बताया कि जुलूस चेहल्लुम अपने परम्परागत निर्धारित रास्ते में होता हुआ पहले गोला बाजार कदम रसूल पर पहुंचा और वहां से सिकठी शाह का पंजा पर देर रात साढ़े नौ बजे तक सम्पन्न हुआ।

# कौशल, इंटर्नशिप से विधि विद्यार्थियों के लिए करियर की संभावनाएं : प्रो. प्रदीप

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में बी.ए. एलएल.बी. (ऑनर्स) प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिवस विद्यार्थियों को विधि शिक्षा में करियर की संभावनाओं, व्यक्तित्व विकास तथा मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो. प्रदीप कुमार ने 'बी.ए. एलएल.बी. (ऑनर्स) के पश्चात करियर एवं रोजगार की संभावनाएं' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि विधि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि न्यायपालिका, प्रशासन, कॉर्पोरेट क्षेत्र और समाज सेवा में नेतृत्व स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ-साथ इंटर्नशिप, मूट कोर्ट, विधिक शोध, ड्राफ्टिंग तथा प्रभावी संचार कौशल विकसित करने का आह्वान किया, जिससे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार और करियर के बेहतर अवसर प्राप्त किए जा सकें। उन्होंने न्यायिक सेवा, अधिवक्ता के रूप में वकालत, लोक अभियोजक, सरकारी विधि अधिकारी, कॉर्पोरेट लॉ, बैंक एवं सार्वजनिक उपक्रमों में विधि अधिकारी, राष्ट्रीय एवं राज्य आयोगों, संघ एवं राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से प्रशासनिक सेवाओं, विधिक शोध एवं शिक्षण, लीगल कंसल्टेंसी, आर्बिट्रेशन एवं मेडिएशन, कंपनी सेक्रेटरी, भारतीय सेना की जेएजी (जज एडवोकेट जनरल) शाखा तथा भारत और विदेश की प्रतिष्ठित लॉ फर्मों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में उपलब्ध करियर के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधि के क्षेत्र में निरंतर सीखने की प्रवृत्ति, व्यावहारिक अनुभव और कौशल विकास सफलता की कुंजी हैं। द्वितीय सत्र में विश्वविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में हैप्पीनेस एवं मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग, ध्यान एवं प्रेरक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को मानसिक एकाग्रता, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ जीवनशैली का महत्व बताया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, उपलब्ध संसाधनों, करियर की संभावनाओं तथा व्यक्तित्व विकास से परिचित कराना था। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं व्यावसायिक कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान के विभागाध्यक्ष एवं निदेशक प्रो. विनोद कुमार, डॉ. अनुराग मिश्र, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. वनिता सिंह, जय सिंह, विकास सिंह सहित संस्थान के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।यदि यह विश्वविद्यालय की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के रूप में जारी की जानी है, तो इसे और अधिक औपचारिक तथा समाचार पत्रों में सीधे प्रकाशन योग्य शैली में भी तैयार किया जा सकता है।

## माँ के दूध से होता है नवजात शिशुओं का समुचित विकास

**प्रयागराज।** राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय, प्रयागराज में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर इल्मुल अतफ़ाल (बाल रोग) विभाग एवं अमराज़-ए-निस्वाँ व कबालत (स्त्री एवं प्रसूति रोग) विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माँ के दूध के महत्व, नवजात शिशुओं के समुचित विकास, रोगों से सुरक्षा तथा स्तनपान से संबंधित सही जानकारी को समाज में व्यापक रूप से प्रसारित करना था। कार्यक्रम में यूजी बैच-2021 की छात्रा स्वाति सोनकर ने माँ के दूध के महत्व पर पोस्टर प्रस्तुति दी। डॉ. आयशा अबरार एवं डॉ. नेहा खातून (पीजी स्कॉलर, इल्मुल अतफ़ाल विभाग) ने विश्व स्तनपान सप्ताह के विषय पर वैज्ञानिक एवं शोध आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किए। डॉ. रखशिंदा बेग ने भी इस जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित मरीजों एवं प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया तथा स्तनपान के स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ. वसीम अहमद ने कहा कि माँ का दूध नवजात शिशु के लिए प्रकृति का सर्वोत्तम एवं संपूर्ण आहार है।

# राजकीय आईटीआई में कैंपस सेलेक्शन का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** सेवायोजन कार्यालय, आजमगढ़ एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आजमगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में प्रातः 10:00 बजे से कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। कैंपस चयन प्रक्रिया में एमआरएफ प्रा. लि., गुजरात की ओर से भर्ती टीम ने प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए आईटीआई उत्तीर्ण एवं पात्र अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कुल 73 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया, जिनका कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षण एवं साक्षात्कार लिया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत कंपनी द्वारा 36 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों ने रोजगार का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान दीपक कुमार यादव ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं।

उन्होंने कहा कि संस्थान का प्रयास है कि अधिक से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों को आमंत्रित कर प्रशिक्षित युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपने तकनीकी कौशल, अनुशासन एवं कार्यकुशलता को निरंतर विकसित करने का आह्वान करते हुए कहा कि उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करना समय की मांग है। सेवायोजन विभाग एवं आईटीआई द्वारा भविष्य में भी ऐसे रोजगारपरक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाता रहेगा, जिससे अधिकाधिक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

## यूपी टी-20 लीग ट्रॉफी टूर 7 अगस्त से, डॉ. संजय कपूर करेंगे शुभारंभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) और यूपी टी-20 लीग के चौथे सत्र से पहले आयोजित होने वाले विशेष ट्रॉफी टूर अभियान का औपचारिक उद्घाटन 7 अगस्त को एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, सीतापुर रोड में दोपहर 12:30 बजे होगा। यूपी टी-20 लीग की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर आईपीएल स्टार समीर रिजवी तथा उत्तर प्रदेश रणजी टीम के कप्तान आर्यन जुयाल भी मौजूद रहेंगे और छात्रों से संवाद करेंगे। इसी के साथ क्रिकेट का असली रोमांच अब केवल स्टेडियम तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसकी गूंज लखनऊ के स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी सुनाई देगी। 7 से 12 अगस्त तक चलने वाले इस छह दिवसीय अभियान के दौरान यूपी टी-20 लीग की प्रतिष्ठित ट्रॉफी राजधानी लखनऊ के 13 प्रमुख शिक्षण संस्थानों तक पहुंचेगी।

# एशियाई टीम में शामिल पहलवान दीपांशु डोप में फंसे, नाडा ने लगाया अस्थायी प्रतिबंध

**मुंबई।** एशियाई खेलों से पहले भारतीय कुश्ती टीम को बड़ा झटका लगा है। ग्रीको रोमन पहलवान दीपांशु दूसरी बार डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं। नाडा ने उन पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है और उन्हें भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया है।

एशियाई खेल शुरू होने से पहले ही भारतीय कुश्ती टीम के अभियान को झटका लगा है। लखनऊ में एशियाई खेलों का ट्रायल जीतकर 130 किलो भार वर्ग की ग्रीको रोमन टीम में जगह बनाने वाले पहलवान दीपांशु डोप में फंस गए हैं। उन पर नाडा ने अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है और उन्हें भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया है। खास बात यह है कि दीपांशु दूसरी बार डोप में पॉजिटिव पाए गए हैं। इससे पहले वह गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों में डोप के मामले में फंसे थे।



डोप में फंसने के बाद दीपांशु को राष्ट्रीय शिविर से भी बाहर कर दिया गया है। वह हंगरी में होने वाले विश्व चैंपियनशिप में भी खेलने जा रहे थे। उनका वीजा भी लग गया था। उसी समय उनके डोप सैंपल की रिपोर्ट आई।

उन्होंने उस दौरान अपना अपराध स्वीकार कर लिया था, जिसके चलते उन्हें तीन साल का प्रतिबंध लगा था। वर्ष 2025 में प्रतिबंध खत्म करने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के जरिए एशियाई खेलों के लिए चयनित होने वाले राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाई थी।

**130 किलो भार वर्ग में सोतक को टीम में किया गया शामिल**

दीपांशु को एशियाई खेलों में 130 किलो भार वर्ग का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। दूसरी बार डोप में फंसने के कारण उन पर अब स्थायी प्रतिबंध लग सकता है। नाडा ने उन्हें आरोप पत्र भेज दिया है।

भारतीय कुश्ती महासंघ ने दीपांशु की जगह 130 किलो भार वर्ग में सोतक को शामिल कर लिया है। सोतक ने ट्रायल में दीपांश से 5-1 से हारकर टीम में जगह बनाई थी। गुजरात राष्ट्रीय खेलों के दौरान दीपांशु के सैंपल में प्रतिबंधित स्टेरॉयड पाया गया था।

**आउट ऑफ कॉम्पिटिशन सैंपल में भी पॉजिटिव**

उनका आउट ऑफ कॉम्पिटिशन सैंपल लिया गया, जिसमें वह स्टेरॉयड स्टैनोजोलोल के लिए पॉजिटिव पाए गए हैं।

# इनफैनटिनो ने मांगी माफी, फीफा प्रमुख बने रहने के लिए मिला सीनियर अधिकारियों का साथ

**न्यूयॉर्क।** इनफैनटिनो को 'फीफा फॉरवर्ड एंटरप्राइज' (एफएफई) बनाने की अपनी योजना वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह कंपनी फीफा के टूर्नामेंट्स के कमर्शियल और ऑपरेशनल पहलुओं को चलाने के लिए बनाई जानी थी। फीफा प्रमुख जियानी इनफैनटिनो ने माना है कि वर्ल्ड कप को निजी निवेशकों को बेचने की कोशिश में गलतियां हुई और उन्होंने अपनी गलतियों के लिए माफी मांगी है। हालांकि, मोरक्को में हुई संकटकालीन बैठक के दौरान सीनियर अधिकारियों ने इनफैनटिनो के फीफा प्रमुख बने रहने का समर्थन किया। इनफैनटिनो को 'फीफा फॉरवर्ड एंटरप्राइज' (एफएफई) बनाने की अपनी योजना वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह कंपनी फीफा के टूर्नामेंट्स के कमर्शियल और ऑपरेशनल पहलुओं को चलाने के लिए बनाई जानी थी। यूईएफए, कॉनकाकैफ, एशियन फुटबॉल कन्फेडरेशन (एएफसी) और कई



राष्ट्रीय संघों के साथ-साथ फीफा के अंदर से भी इस योजना का भारी विरोध हुआ था। इसके साथ ही फीफा के अंदर भी इस योजना की काफी आलोचना हुई। बैठक में मौजूद सेक्रेटरी जनरल मैटियास ग्राफस्ट्रॉम ने फीफा स्टाफ को भेजे एक आंतरिक ज्ञापन में लिखा कि यह स्थिति घटनाओं की एक दुखद और निंदनीय सीरीज है।

लगातार बढ़ती आलोचना के बाद, इनफैनटिनो ने फुटबॉल की वर्ल्ड गवर्निंग बॉडी के सीनियर लीडर्स से रबात में होने वाली संकटकालीन बैठक में शामिल होने को कहा है। हालांकि, मीटिंग के बाद एक बयान में फीफा सेक्रेटरी जनरल और वहां मौजूद फीफा मैनेजमेंट बोर्ड के सदस्यों ने फीफा प्रमुख इनफैनटिनो के लिए अपना पूरा सपोर्ट दिखाया। इनफैनटिनो 211 फीफा मेंबर एसोसिएशन द्वारा चुने गए एकमात्र अधिकारी हैं। फीफा के बयान में कहा गया, 'इसके बदले फीफा अध्यक्ष ने कहा कि वो अपने विजन यानी अपने प्लान को पूरा करने के लिए फीफा के महासचिव और फीफा प्रशासन की टीम के साथ हैं। उन्होंने उनके मेहनती और शानदार काम की तारीफ की और पूरा सपोर्ट देने की बात दोहराई।' फीफा ने कहा कि संकटकालीन बैठक में फीफा फॉरवर्ड एंटरप्राइज (एफएफई) प्रपोजल पर भी बात हुई, जिसमें हुई गलतियों को माना गया। इस बात पर सहमति बनी कि फीफा काउंसिल और फीफा मेंबर एसोसिएशन का मकसद यह महसूस करना नहीं था कि उन्हें प्रोसेस से बाहर रखा गया है और प्रोसेस को अलग तरीके से हैंडल किया जाना चाहिए था।

# ग्लासगो से गुजरात पहुंचा कॉमनवेल्थ गेम्स का फ्लैग

**गांधीनगर।** अहमदाबाद में वर्ष 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेल (कॉमनवेल्थ गेम्स) की तैयारियां औपचारिक रूप से शुरू हो गई हैं। ग्लासगो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के समापन के बाद कॉमनवेल्थ गेम्स का ध्वज (फ्लैग) गुजरात पहुंचा, जिसे बुधवार को उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने गांधीनगर में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंपा।

ग्लासगो में आयोजित समापन समारोह के दौरान राष्ट्रमंडल खेलों का ध्वज भारतीय प्रतिनिधिमंडल को सौंपा गया था। इसके साथ ही अहमदाबाद को वर्ष 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का दायित्व औपचारिक रूप से मिल गया। यह ध्वज अब 2030 तक गुजरात में रहेगा और राज्य की मेजबानी की जिम्मेदारी का प्रतीक होगा।

मंत्रिमंडल की बैठक में गुजरात के वे खिलाड़ी और पैरा-एथलीट भी शामिल हुए जिन्होंने ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इनमें पैरा-एथलीट राकेश भट्ट और रोहित मजगुल के



अलावा पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी सोनल पटेल भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर मुख्य सचिव एम.के. दास, अतिरिक्त मुख्य सचिव अश्विनी कुमार और एम. थेन्नारासन तथा सचिव राहुल गुप्ता भी उपस्थित रहे।

ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने कुल 39 पदक जीतकर पदक तालिका में चौथा स्थान हासिल किया। भारत के खाते में 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य पदक आए। भारतीय पैरा-एथलीटों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सात पदक (तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य) जीते। इसके साथ ही भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों में पैरा एथलेटिक्स में 20 वर्षों बाद पदक जीतने का इंतजार भी खत्म किया।

उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने गुजरात और देशभर के खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि 'टीम गुजरात' अहमदाबाद में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियां कॉमनवेल्थ स्पोर्ट, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और गुजरात के खेल विभाग के मार्गदर्शन में आगे बढ़ाई जा रही हैं। स्कॉटलैंड से लौटने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा, 'ग्लासगो से अहमदाबाद तक 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की यात्रा अब आधिकारिक रूप से शुरू हो चुकी है।'

ग्लासगो से लौटने के बाद मीडिया से बातचीत में हर्ष संघवी ने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियों में तेजी लाने के साथ-साथ खेल अवसंरचना और खिलाड़ियों के विकास पर विशेष ध्यान देगी। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया' अभियान को आगे बढ़ाने के साथ 'नशा मुक्त भारत अभियान' को भी मजबूती देगी और युवाओं को फिटनेस तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। संघवी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा खेल क्षेत्र में बढ़ाए गए निवेश से आधुनिक खेल सुविधाएं विकसित हुई हैं, जिससे भारतीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का अवसर मिला है।

# पदक विजेता यामिनी मौर्य का छलका दर्द

**नई दिल्ली/भिवानी।** ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत के लिए रजत पदक जीतने वाली भारतीय जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य ने फाइनल मुकाबले को याद करते हुए कहा कि उन्हें पूरा भरोसा था कि वह स्वर्ण पदक जीतेंगी। उन्होंने गोल्ड मेडल की तस्वीर अपने मोबाइल का वॉलपेपर तक बना ली थी, लेकिन एक छोटी-सी गलती ने उनका सपना अधूरा छोड़ दिया। महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में यामिनी का मुकाबला इंग्लैंड की एसेल्या टोपराक से हुआ। करीब सात मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में गोल्डन स्कोर के दौरान तीसरा शिडो मिलने के बाद उन्हें इप्पोन से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही टोपराक ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि यामिनी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

यामिनी ने एएनआई से बातचीत में कहा कि प्रतियोगिता से पहले उनका आत्मविश्वास चरम पर था। उन्होंने



कहा, 'मुझे पूरा विश्वास था कि मैं गोल्ड मेडल जीतूंगी। मैंने अपने फोन के वॉलपेपर पर भी गोल्ड मेडल की तस्वीर लगा रखी थी, क्योंकि मुझे यकीन था कि वह मेरा ही होगा। लेकिन एक गलती ने सब कुछ बदल दिया और परिणाम वैसा नहीं रहा जैसा मैंने सोचा था।' यामिनी ने स्वीकार किया कि फाइनल मुकाबले में जरूरत से ज्यादा आक्रामक होना उनके लिए भारी पड़ गया। उनका मानना है कि यदि वह थोड़ा धैर्य रखतीं और अपने खेल पर भरोसा करतीं, तो नतीजा अलग हो सकता था। उन्होंने कहा, 'मैंने फाइनल को चार-पांच बार अपने दिमाग में दोहराया। मुझे महसूस हुआ कि आखिरी शिडो ने सब कुछ बदल दिया। अगर मैं शांत रहती और ज्यादा आक्रामक नहीं होती तो शायद मुकाबला मेरे पक्ष में जाता। मुझे अपने खेल पर भरोसा रखना चाहिए था और प्रतिद्वंद्वी की गलती का इंतजार करना चाहिए था। आखिर में गलती मैंने कर दी। अगर मैं धैर्य बनाए रखती और अपनी आक्रामकता पर नियंत्रण रखती, तो मुझे लगता है कि मैं गोल्ड जीत सकती थी।'

26 मार्च 1998 को मध्य प्रदेश के सागर में जन्मीं यामिनी मौर्य भारत की अनुभवी जूडो खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, एशियाई चैंपियनशिप और आईजेएफ वर्ल्ड टूर जैसे कई बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वर्ष 2022 से वह लगातार अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भारत के लिए पदक की दावेदार रही हैं और कई बार सीनियर नेशनल चैंपियन भी बन चुकी हैं।

## विदेशी धरती पर तीन साल बाद टेस्ट जीता पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में आठ विकेट से हराकर पाकिस्तान ने न सिर्फ दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर की, बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका में भी एक स्थान का फायदा हासिल किया। साथ ही टीम ने विदेशी धरती पर तीन साल से चला आ रहा जीत का सूखा भी खत्म कर दिया। पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में आठ विकेट की जीत दर्ज कर दोहरा फायदा हासिल किया। एक ओर टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका में एक स्थान की छलांग लगाई, वहीं दूसरी ओर विदेशी सरजमीं पर तीन साल से चली आ रही जीत की तलाश भी खत्म कर दी। बाबर आजम की कप्तानी में मिली यह जीत पाकिस्तान के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली साबित हुई।

# इमरान हाशमी की 'आवारापन 2' पर चली सेंसर की कैंची, कई बड़े बदलाव करने का दिया निर्देश




**मुंबई।** फिल्म 'आवारापन 2' का ट्रेलर मेकर्स रिलीज करेंगे। इससे पहले फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल गई है। जानिए, किस तरह के बदलाव करने के निर्देश सेंसर बोर्ड ने फिल्म के मेकर्स को दिए हैं।

साल 2007 में रिलीज हुई फिल्म 'आवारापन' का अगला पार्ट 'आवारापन 2' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगा। इस फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन यानी सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेट मिल गया है। सेंसर ने इसे यू/ए 16 प्लस सर्टिफिकेट दिया है। साथ ही मेकर्स को फिल्म में नौ बदलाव करने के निर्देश दिए हैं।

सेंसर बोर्ड ने थिएटर रिलीज से पहले 'आवारापन' के मेकर्स को फिल्म में नौ बदलाव करने के जरूरी निर्देश दिए हैं। इन बदलावों में फिल्म में हिंसा के दृश्यों को कम का निर्देश सबसे पहले दिया गया है। इसके अलावा मेकर्स को फिल्म में अपशब्दों को भी म्यूट करना होगा। इसके अलावा सेंसर बोर्ड ने कहा है कि ड्रग्स और स्मोकिंग के खिलाफ और बच्चों की तस्करी के बारे में डिस्क्लेमर भी जोड़ना होगा।

सेंसर बोर्ड जो बदलाव सुझाए हैं, उसके बाद फिल्म की लंबाई में बदलाव आया है। बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म का फाइनल रनटाइम अब 140 मिनट 20 सेकंड है। इसे इंग्लिश सबटाइटल के साथ हिंदी में रिलीज किया जाएगा।

फिल्म 'आवारापन 2' में इमरान हाशमी, दिशा पाटनी, शबाना आजमी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म को नितिन कक्कड़ ने निर्देशित किया है। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 अगस्त 2026 को रिलीज होगी।

## 'आवारापन 2' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'आवारापन 2' का ट्रेलर मोहब्बत के लिए कुछ भी कर गुजरने की कहानी को दिखा रहा है। इमरान हाशमी और दिशा पाटनी के बीच की केमिस्ट्री भी कमाल की है। वहीं ट्रेलर में इमरान हाशमी के एक्शन सीन्स भी हैरान करते हैं। उनके डायलॉग भी दर्शकों को पसंद आएंगे। एक सीन में वह कहते हैं, 'मौत से मेरा पुराना रिश्ता है, उसका एक कर्ज है, जो चुकाना है।' ट्रेलर में शबाना आजमी भी हैं, जो नेगेटिव रोल में नजर आ रही हैं। इसके अलावा दिशा पाटनी के भी कई सीन्स इसमें देखने को मिले। ट्रेलर में जो फिल्म के सीन्स सामने आए हैं, उससे अंदाज लगाया जा सकता है कि शबाना आजमी और इमरान हाशमी के किरदार के बीच एक रंजीश है। फिल्म में ड्रग्स का एंगल भी नजर आ रहा है। देखना होगा कि इस कहानी में इमरान का मकसद क्या है? दिशा और उनके किरदार कैसे जुड़ते हैं।

# आम्रपाली दुबे और काजल राघवानी के बीच छिड़ी बहस, शो 'भोजपुरी बवाल' में हुआ हंगामा

मुंबई। इन दिनों भोजपुरी के चर्चित स्टार एक रियलिटी शो 'भोजपुरी बवाल' में नजर आ रहे हैं। इस शो के हालिया एक एपिसोड में अभिनेत्री आम्रपाली दुबे और काजल राघवानी के बीच जमकर बहस हुई। दोनों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए।

शो 'भोजपुरी बवाल' में पवन सिंह, दिनेश लाल यादव, आम्रपाली दुबे अपने जिंदगी की झलक फैंस को दिखा रहे हैं। साथ ही इनके निजी जिंदगी के कुछ राज भी सामने आ रहे हैं। शो के अपकमिंग एपिसोड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे और काजल राघवानी के बीच झगड़ा हो रहा है।

बता दें कि यह सभी एक्टर्स लालू प्रसास यादव के बेटे तेज प्रताप यादव के घर पर डिनर



करने गए थे। वहीं पर यह हंगामा हुआ। जानिए, अभिनेत्री आम्रपाली दुबे और काजल राघवानी ने एक-दूसरे पर क्या आरोप लगाए।

आम्रपाली पर काजल राघवानी ने लगाया बड़ा आरोप

अभिनेत्री काजल राघवानी ने शो के वायरल वीडियो में कहा, 'आम्रपाली जी आपकी वजह से दिनेश लाल यादव मेरे साथ काम नहीं करते हैं।' इस आरोप पर पहले तो आम्रपाली ने सफाई दी। लेकिन जब काजल लगातार ऐसी ही बात करती रहीं, तो वह नाराज हो गईं। आखिर में वह तेज प्रताप यादव के डिनर से उठकर घर चली गईं।

यह झगड़ा देखकर पवन सिंह भी घर चले गए, जिससे तेज प्रताप यादव काफी नाराज हुए। वह वीडियो के आखिर में बांसुरी बजाते नजर आए।

निरहुआ ने काजल के साथ मामले को सुलझाने की कोशिश की

काजल की शिकायत को दूर करने के लिए अभिनेता दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने उनसे बात की। शो के वीडियो में आम्रपाली और पवन सिंह के चले जाने के बाद दिनेश ने काजल से काफी देर तक बातचीत की। बता दें कि कई साल बाद इन दोनों ने एक फिल्म साथ की है। इस बात का जिक्र आम्रपाली ने भी किया था और कहा था, 'दिनेश जी को आपके साथ का नहीं करना होता तो कभी नहीं करते, लेकिन उन्होंने हाल ही में फिल्म की है ना।'

## शिल्पा शिंदे ने श्रेया कालरा की जीत का मनाया जश्न

**मुंबई।** रियलिटी शो 'लॉकअप 2' की विनर श्रेया कालरा बनी हैं। उन्हें शो की ट्रॉफी और एक करोड़ रुपये की नकद राशि इनाम में मिली है। श्रेया की इस सफलता पर अभिनेत्री शिल्पा शिंदे काफी खुश हैं। वह भी शो 'लॉकअप 2' में थीं और श्रेया के साथ उनकी गहरी दोस्ती हो गई थी। अब अपनी बेस्ट फ्रेंड की जीत का जश्न मनाते हुए शिल्पा शिंदे ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की है। बुधवार को जब शो 'लॉकअप 2' के होस्ट रितेश देशमुख और फराह खान ने विजेता के तौर पर श्रेया कालरा का नाम लिया तो शिल्पा भावुक हो गईं। उन्होंने शो में ही श्रेया को गले लगाया। गुरुवार को शिल्पा शिंदे ने एक पोस्ट भी श्रेया के नाम साझा की है। वह लिखती हैं, 'मैं बेहद खुश हूं। शब्दों में बयां नहीं कर सकती कि मैं कितनी खुश हूं। मेरी बेस्टी श्रेया जीत गई। बहुत-बहुत बधाई स्वीटहार्ट, तुम सच में इसकी हकदार हो। तुम्हें चमकते हुए देखकर मेरा दिल गर्व और खुशी से भर जाता है। ढेर सारा प्यार, मुझे तुम पर बहुत गर्व है।'

# श्रेया कालरा नेटफ्लिक्स के ब्लॉकबस्टर कैप्टिव रियलिटी शो, 'लॉक अपः सच या सज़ा' की विजेता बनीं

**नई दिल्ली।** सच जैसे-जैसे सामने आता है, आप आज़ाद हो सकते हैं। ऐसा ही कुछ देखने को मिला नेटफ्लिक्स के कैप्टिव रियलिटी शो, लॉक अपः सच या सज़ा में, जिसने पहले दिन से ही दर्शकों को बांधकर रखा। छः हफ्तों तक इमोशनल कॉन्फेशन, चार्जशीट, जबरदस्त टकराव, बदलती डायनामिक्स और यादगार रिडेंप्शन के बाद नेटफ्लिक्स और बालाजी टेलीफिल्म्स के रिकॉर्ड-ब्रेकिंग कैप्टिव रियलिटी शो, लॉक अपः सच या सज़ा को अपना विनर मिल गया। सीज़न के सबसे मुश्किल टास्क, लगातार स्क्रूटनी और बदलती डायनामिक्स के सफर में आगे बढ़ते हुए श्रेया कालरा ने साबित कर दिया कि ऑथेंटिसिटी ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और उन्होंने लॉक अपः सच या सज़ा की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। श्रेया ने लॉक अप में अकेले प्रवेश किया था, पर वापस वो अपनी सच्चाई के साथ गईं। उनका यह सफर पूरे देश के दर्शकों को बहुत पसंद आया और यह टाईटल उन्होंने जीत लिया।




कैप्टिव रियलिटी फॉर्मेट में शुरू हुआ यह शो भारत में सबसे ज़्यादा चर्चित शो में से एक बन गया और इसने लोगों को अपना दीवाना बना दिया। इसकी शुरुआत 27 जून को सप्ताह में पाँच दिन स्ट्रीम होने वाली सीरीज के रूप में हुई थी, लेकिन यह इतनी ज़्यादा सफल हुई कि बाद में इसे सप्ताह में छः दिन प्रसारित किया जाने लगा, यानी यह सीरीज हफ्ते के हर दिन प्रसारित हो रही थी, लेकिन फिर भी दर्शकों का मन नहीं भर रहा था। इस सीरीज ने केवल तीन हफ्तों में 50 मिलियन व्यूईंग घंटे पार कर लिए। सोशल मीडिया पर तो इस शो के बारे में हो रही चर्चा की बाढ़ आ गई और इसे आज तक 3.3 बिलियन से अधिक सोशल मीडिया व्यू और इंटरनेट पर 5 मिलियन कन्वर्सेशन प्राप्त हुए।

लॉक अपः सच या सज़ा केवल एक हिट सीरीज ही नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक पहचान बन गई। सोलह इनमेट्स - राम कपूर, शिवांगी जोशी, धीरज धूपर, हर्षद चोपड़ा, शिल्पा शिंदे, सुनीता आहूजा, पामला सेरेना, माधुरी ग्रोवर, श्रेष्ठा अय्यर, आकांक्षा चमोला, आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, सूफी मोतीवाला, श्रेया कालरा, वरुण यादव और रियाज एली ने एक लक्ष्य के साथ लॉक अप में प्रवेश किया। उनके वन-लाइनर इंटरनेट कैचफ्रेज़ बन गए; उनकी आपसी प्रतिद्वंद्विता ने कभी न खत्म होने वाली बहसें छेड़ दीं, और हर चार्जशीट, कन्फेशन और इविक्शन सोशल मीडिया की टाइमलाइन पर छाए रहे।

रितेश देशमुख और फराह खान, दोनों ने ही इनमेट्स और उनके भावावेशों को बखूबी संभाला। दोस्त बनने से लेकर, ज़रूरत पड़ने पर उन्हें टोकने और हर कदम पर उनका मार्गदर्शन करने तक, दोनों जेलरों ने अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराई और शो में जबरदस्त योगदान दिया।

अंत में एक इनमेट ने अपनी काबिलियत साबित करते हुए विनर की ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया। श्रेया कालरा ने कहा, ''लॉक अपः सच या सज़ा के अनुभव ने मुझे हमेशा के लिए बदल दिया।

# सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स में फिल्म निर्देशक इम्तियाज़ अली के साथ विशेष संवाद: मैं वापस आऊंगा

**लखनऊ।** सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स ने प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक इम्तियाज़ अली के साथ 'इन कन्वर्सेशनः मैं वापस आऊंगा' का आयोजन किया। इस दो-भागीय कार्यक्रम में कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों को विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म के निर्देशक से सीधे संवाद करने का अवसर मिला। गोमती नगर, लखनऊ स्थित जैपुरिया कैंपस में आयोजित इस कार्यक्रम के दोनों सत्रों में लखनऊ और आसपास के जैपुरिया स्कूलों के विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह कार्यक्रम विद्यालय की उस निरंतर पहल का हिस्सा था, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को साहित्य और सिनेमा की प्रतिष्ठित हस्तियों से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। यह आयोजन इस वर्ष की थीम 'भारतीय कला रूपों का उत्सव' के अंतर्गत आयोजित किया गया। पहले सत्र की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा स्वागत और इम्तियाज़ अली की फिल्मी यात्रा पर



आधारित एक विशेष वीडियो से हुई। इसके बाद सिनेमा की भावनाओं और कहानी कहने की कला से प्रेरित तीन सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। 'डायरेक्टर्स वॉइस' शीर्षक से आयोजित मुख्य संवाद में इम्तियाज़ अली ने 'मैं वापस आऊंगा', भारत विभाजन, दोस्ती, प्रेम और अपने फिल्म निर्माण के अनुभवों पर खुलकर बातचीत की। विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछे और रैपिड फायर सत्र में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन स्मृति-चिह्न, धन्यवाद ज्ञापन और विद्यार्थियों के साथ अनौपचारिक मुलाकात के साथ हुआ। यह कार्यक्रम दूसरे सत्र के साथ आगे बढ़ा, जिसमें विद्यार्थियों ने फिल्म से प्रेरित अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इसके बाद इम्तियाज़ अली की फिल्मों से प्रेरित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुईं। फिर विद्यार्थियों ने उनसे सीधा संवाद किया और अपने प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, स्मृति-चिह्न, सामूहिक छायाचित्र और विद्यार्थियों की भावपूर्ण विदाई के साथ हुआ। पूरे दिन का संदेश था–'हर कहानी अपनी मंज़िल तक पहुँचती है।'

कार्यक्रम के दौरान इम्तियाज़ अली ने कहा, 'आज मुझे सबसे अधिक खुशी इस बात की हुई कि इस उम्र के विद्यार्थियों ने 'मैं वापस आऊंगा' को इतनी गहराई से समझा। उनके प्रश्नों से पता चलता है कि उन्होंने केवल फिल्म ही नहीं, बल्कि उससे जुड़े भाव, इतिहास और मानवीय रिश्तों को भी महसूस किया है। यह विश्वास और मजबूत होता है कि हमारे साझा इतिहास से जुड़ी कहानियाँ आने वाली पीढ़ियों को भी संवेदनशीलता, संवाद और विचार के लिए प्रेरित करती रहेंगी। '

# बेटी ने मांगा खाना तो मां ने पीट-पीटकर ले ली जान

अपराध

**अदालत ने कहा कि यह मामला केवल एक मां के अपराध का नहीं, बल्कि समाज, सरकार और सामाजिक व्यवस्था की विफलता का भी आईना है।**




**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने उस महिला को जमानत दे दी है, जिस पर अपनी दो साल की बेटी को खाना मांगने पर पीट-पीटकर मारने का आरोप है। अदालत ने कहा कि यह घटना सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि समाज और व्यवस्था की बड़ी विफलता की याद दिलाती है। अगर एक मां भूख से मजबूर होकर ऐसा कदम उठाती है, तो क्या इसकी जिम्मेदारी केवल उसी की है या पूरे समाज और व्यवस्था की भी? आइए, विस्तार से जानते हैं सुनवाई के दौरान क्या-क्या हुआ? अदालत ने मामले में और क्या टिप्पणी की गुजरात हाईकोर्ट ने अपनी दो साल की बेटी की कथित हत्या के मामले में गिरफ्तार महिला को जमानत देते हुए एक अहम टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि यह मामला केवल एक मां के अपराध का नहीं, बल्कि समाज, सरकार और सामाजिक व्यवस्था की विफलता का भी आईना है। अदालत ने कहा कि जब भूख एक मां को इतना मजबूर कर दे कि वह अपनी ही बच्ची पर हाथ उठा दे, तब यह पूरे समाज के लिए गंभीर चेतावनी है। महिला पर आरोप है कि उसने भूख से खाना मांग रही अपनी दो साल की बेटी को पीट-पीटकर मार डाला था। इस मामले में गुजरात हाईकोर्ट ने नियमित जमानत देते हुए कहा कि भूख केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह इंसानी गरिमा, न्याय और अंतरात्मा से जुड़ा सवाल भी है। अदालत ने कहा कि ऐसी घटनाओं को केवल अपराध मानकर नहीं देखा जा सकता, बल्कि इनके पीछे की सामाजिक परिस्थितियों को भी समझना जरूरी है। यह मामला सूरत के वराछा थाना क्षेत्र का है। मार्च 2026 में लखीबेन सोलंकी नाम की महिला को गिरफ्तार किया गया था। अभियोजन के अनुसार, उसकी दो साल की बेटी ईशा भूख लगने पर बार-बार खाना मांग रही थी। इसी बात से नाराज होकर महिला ने कथित तौर पर बच्ची की पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला तीन बच्चों की मां है।

न्यायमूर्ति हसमुख डी. सुथार की अदालत ने पिछले सप्ताह दिए आदेश में कहा कि अगर भूख और गरीबी किसी मां को इस हद तक पहुंचा दें, तो यह केवल उस मां की व्यक्तिगत असफलता नहीं मानी जा सकती। अदालत ने कहा कि सामाजिक न्याय का मतलब हर व्यक्ति को भोजन, आश्रय, स्वास्थ्य और सम्मान जैसी बुनियादी सुविधाएं मिलना है। अगर कोई परिवार भूख से जूझ रहा है, तो यह सामाजिक कल्याण व्यवस्था की भी नाकामी है।

अदालत ने कहा कि यह घटना बताती है कि कमजोर परिवारों, खासकर महिलाओं और बच्चों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है। संविधान के अनुसार छह वर्ष तक के बच्चों की देखभाल, पोषण और शिक्षा सुनिश्चित करना राज्य की जिम्मेदारी है। साथ ही लोगों के पोषण स्तर और जीवन स्तर को बेहतर बनाना भी सरकार का कर्तव्य है। अदालत ने कहा कि किसी भी बच्चे को सम्मान के साथ जीने का अधिकार है और जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी सहायता पहुंचना जरूरी है। अपने फैसले में अदालत ने गुजराती उपन्यास 'मानवीनी भवाई', विक्टर ह्यूगो के प्रसिद्ध उपन्यास 'ले मिजरेबल्स', महात्मा गांधी के विचार, चार्ल्स डिकेंस तथा हिंदू, इस्लाम और ईसाई धर्मग्रंथों का उल्लेख किया। अदालत ने कहा कि सभी धर्म भूखे व्यक्ति को भोजन कराना सबसे बड़ा कर्तव्य मानते हैं। महात्मा गांधी का यह कथन भी फैसले में शामिल किया गया कि दुनिया में ऐसे लोग हैं जिनके लिए भगवान केवल रोटी के रूप में ही दिखाई देते हैं। अदालत ने दार्शनिक अरस्तू के उस विचार का भी उल्लेख किया कि गरीबी अपराध और विद्रोह को जन्म देती है।

## संजय कपूर परिवार विवाद: मध्यस्थता में कितनी हुई प्रगति



**नई दिल्ली।** संजय कपूर परिवार संपत्ति विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने मध्यस्थता प्रक्रिया पर संतोष जताया है। पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में चल रही इस बातचीत को कोर्ट ने दो नवंबर तक का समय दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कपूर परिवार से अपील करते हुए कहा कि वे वर्षों चलने वाली मुकदमेबाजी से बचें और आपस में ही मामला सुलझा लें।

दिवंगत उद्योगपति संजय कपूर के परिवार का संपत्ति विवाद क्या अब सुलझने की राह पर है? देश की सबसे बड़ी अदालत ने इस मामले में चल रही मध्यस्थता प्रक्रिया को लेकर काफी सकारात्मक संकेत दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उम्मीद जताई है कि कपूर परिवार का यह पुराना झगड़ा आपसी बातचीत से शांतिपूर्ण तरीके से सुलझ सकता है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने पाया कि दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता की प्रक्रिया बेहद संतोषजनक तरीके से आगे बढ़ रही है।

देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ इस पूरे विवाद को सुलझाने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने शीर्ष अदालत को पांच अगस्त की अपनी प्राथमिक रिपोर्ट सौंपी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब तक मध्यस्थता के छह सत्र आयोजित किए जा चुके हैं। पूर्व सीजेआई ने परिवार के सभी सदस्यों से व्यक्तिगत बातचीत की है। इस प्रक्रिया में सहायता के लिए एक वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट और टैक्स विशेषज्ञ की सेवाएं भी ली गई हैं। मध्यस्थ के अनुरोध को स्वीकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की अनुमति दे दी है। अदालत ने इस प्रक्रिया को जारी रखने के लिए दो नवंबर तक का समय दिया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट निर्देश दिया कि इस पूरी मध्यस्थता प्रक्रिया का जो भी खर्च और मध्यस्थ की फीस होगी, उसका भुगतान 'आरके फैमिली ट्रस्ट' के फंड से किया जाएगा।

सुनवाई के दौरान जब बातचीत विफल होने की आशंका का जिक्र आया, तो सुप्रीम कोर्ट ने बहुत ही मार्मिक और सख्त संदेश दिया। अदालत ने परिवार से कहा, 'ऐसा दिन मत आने दीजिए।

' सुप्रीम कोर्ट ने परिवार को पुरानी बात याद दिलाते हुए कहा कि वे खुले मन और खुले दिल से इस प्रक्रिया में भाग लें। अदालत ने चेतावनी दी कि यदि मध्यस्थता नाकाम हुई, तो परिवार सालों-साल चलने वाले कानूनी मुकदमों में उलझा रहेगा।

## शिवसेना विवाद: शिंदे और उद्धव गुट में जुबानी जंग तेज



**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट में शिवसेना विवाद की अंतिम सुनवाई के बीच संजय राउत ने दावा किया कि शिंदे गुट का खेल कानूनी रूप से खत्म हो जाएगा। इस पर शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने पलटवार किया। मामला चुनाव आयोग द्वारा शिंदे गुट को असली शिवसेना और धनुष-बाण चुनाव चिह्न दिए जाने से जुड़ा है।

शिवसेना बनाम शिवसेना मामले में सुप्रीम कोर्ट में चल रही अंतिम सुनवाई के बीच, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने गुरुवार को दावा किया कि प्रतिद्वंद्वी शिवसेना का 'खेल' कानूनी रूप से खत्म हो जाएगा।

एक्स पर एक पोस्ट में, राउत ने कहा कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) संविधान में विश्वास करती है। उन्होंने चार साल पहले पार्टी में हुए विभाजन के बाद शीर्ष अदालत में दायर की गई उनकी याचिकाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनका खेल कानूनी तरीके से समाप्त हो जाएगा।' बता दें कि इस पोस्ट में शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मुस्कुराती हुई तस्वीर भी थी।

पलटवार करते हुए, शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी गुट अदालत के प्रतिकूल फैसले आने पर न्यायपालिका की बदनामी करता है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'आपका खेल तो पहले ही खत्म हो चुका है। अब आपके पास सिर्फ अपशब्दों का इस्तेमाल करने के अलावा कुछ नहीं बचा है।'

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट की उन याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई शुरू की, जिनमें चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें शिंदे के नेतृत्व वाले समूह को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक दल का अपने विधायी विंग पर नियंत्रण बना हुआ है और उसके वैध निर्णय ही सर्वोपरि होने चाहिए। हालांकि, शीर्ष अदालत ने निर्वाचित प्रतिनिधियों को राजनीतिक निर्णय लेने के लिए कुछ छूट देने का भी समर्थन किया। अगर उनमें से अधिकांश राजनीतिक दल के निर्देशों से वास्तव में असहमत हों।

शिंदे ने 2022 में शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया, जिससे बाल ठाकरे की स्थापिकत मूल पार्टी में फूट पड़ गई। दोनों गुटों के बीच कानूनी लड़ाई शुरू हो गई। बाद में उनके समूह ने चुनाव आयोग से पार्टी का नाम और उसका धनुष-बाण चिन्ह हासिल कर लिया।

# गृह मंत्री गायब, पीएम आ नहीं रहे: छात्र बर्बरता मामले में खरगे का सवाल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद में विपक्षी दलों के रुख और झारखंड के छात्रों के विरोध प्रदर्शन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केंद्र सरकार और गृह मंत्री पर संसद में दिल्ली में छात्रों पर हुए बर्बरता मामले पर बयान न देने को लेकर जमकर निशाना साधा है। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार के साथ-साथ पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा 15 दिन से सदन चल रहा है और गृह मंत्री गायब हैं, प्रधानमंत्री आ नहीं रहे हैं। इसके दो ही मतलब हो सकते हैं। एक या तो वे संसद को नजरअंदाज कर रहे हैं ये समझ रहे हैं कि संसद है ही नहीं। या तो वो डर के सदन में आकर उत्तर नहीं देना चाह रहे हैं।

इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हम चाहते हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री सदन में आएं और देश को बताएं कि छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन के इस्तेमाल का आदेश किसने दिया था।

उन्होंने सरकार पर अहंकार दिखाने का आरोप लगाते हुए कहा कि या तो सरकार डर गई है या फिर वह संसद के वजूद को कोई महत्व नहीं दे रही है। खरगे ने बताया कि उन्होंने राज्यसभा में भी इस मुद्दे को उठाया और जवाब मांगा, लेकिन सरकार बयान देने के लिए तैयार नहीं हुई।

विपक्षी सांसदों ने सभापति से मिलकर मांग की है कि प्रधानमंत्री इस पर माफी मांगें और गृह मंत्री सदन में आकर आधिकारिक बयान दें। सभापति ने भी संसदीय कार्य मंत्री को इस बात से अवगत करा दिया है कि पूरा सदन चाहता है कि गृह मंत्री आकर इस पर जवाब दें।

उन्होंने आगे कहा कि हम फिर कह रहे हैं कि छात्रों के साथ बर्बरता की गई। उनके ऊपर लाठीचार्ज किया गया और पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया। इस पर पीएम मोदी को छात्रों से माफी मांगनी चाहिए और गृहमंत्री को जवाब देना चाहिए। मुझे समझ में नहीं आता कि गृहमंत्री को सदन में आकर बयान देने में क्या दिक्कत है। या तो वो डर कर सदन में नहीं आ रहे या फिर वो सदन को अनदेखा कर रहे हैं। झारखंड के छात्र आंदोलन पर बात करते खरगे ने साफ कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से छात्रों के साथ है। चाहे मामला झारखंड का हो, पंजाब का हो, दिल्ली का हो या देश के किसी भी हिस्से का हो, पार्टी छात्रों के साथ खड़ी है और उनके अधिकारों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

संसद में विपक्ष के हंगामे के बावजूद कई बिल पास किए जाने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सवाल किया कि देश में इतनी बड़ी घटना घट गई है, तो क्या गृह मंत्री सदन में आकर एक बयान तक नहीं दे सकते?

### आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से आंशिक राहत; अंतरिम जमानत नहीं मिली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से यौन शोषण के 2013 के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को फिलहाल अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए अपनी पसंद का एक प्रशिक्षित केयरटेकर रखने की अनुमति दे दी है, जो चौबीस घंटे उनकी देखभाल कर सकेगा। सुप्रीम कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम को फिलहाल अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। हालांकि, अदालत ने उन्हें अपनी पसंद का एक प्रशिक्षित केयरटेकर (देखभाल करने वाला) रखने की अनुमति दे दी, जो 24 घंटे उनकी चिकित्सकीय जरूरतों का ध्यान रख सकेगा। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने स्वास्थ्य आधार पर अंतरिम जमानत मांगने वाली आसाराम की याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे फिलहाल लंबित रखा।

## पाल्क जलडमरूमध्य में फंसा भारतीय ट्रॉलर: मछुआरों के लिए नौसेना ने शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन



**श्रीलंका।** श्रीलंका के डेल्फ्ट (नेदुन्थीवु) द्वीप के पास श्रीलंकाई जलक्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुए 11 भारतीय मछुआरों वाले एक मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर के लिए श्रीलंका नौसेना ने बचाव अभियान शुरू किया है। नौसेना का दावा है कि ट्रॉलर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पार कर अवैध रूप से बॉटम ट्रॉलिंग कर रहा था। श्रीलंकाई जलक्षेत्र में 11 भारतीय मछुआरों को लेकर जा रहा एक भारतीय मछली पकड़ने वाला ट्रॉलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके बाद श्रीलंका नौसेना ने बचाव अभियान शुरू कर दिया। गुरुवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, ट्रॉलर कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार कर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में प्रवेश कर गया था और वहां बॉटम ट्रॉलिंग कर रहा था। इसी दौरान वह डेल्फ्ट द्वीप (नेदुन्थीवु) के पास समुद्री चट्टान से टकराकर फंस गया।

यह दुर्घटना श्रीलंका के उत्तरी तट से दूर पाल्क जलडमरूमध्य में स्थित डेल्फ्ट द्वीप (नेदुन्थीवु) के निकट समुद्री चट्टानों पर हुई। श्रीलंका नौसेना के मीडिया प्रवक्ता कमांडर चमिंदा वालाकुलुगे ने दावा किया कि भारतीय ट्रॉलर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ रहा था। बुधवार को हुए इस हादसे के समय ट्रॉलर पर कुल 11 लोग सवार थे। श्रीलंका नौसेना के बयान के मुताबिक, समुद्री चट्टान से टकराने के कारण ट्रॉलर के ढांचे को आंशिक नुकसान पहुंचा है। हालांकि स्थिति गंभीर नहीं है और ट्रॉलर पर सवार किसी भी मछुआरे की जान को तत्काल कोई खतरा नहीं बताया गया है। नौसेना ने बताया कि भारतीय मछुआरों की सहायता के लिए तुरंत बचाव दल रवाना किए गए। राहत एवं बचाव अभियान जारी है ताकि सभी मछुआरों को सुरक्षित निकाला जा सके और आवश्यक मदद उपलब्ध कराई जा सके। श्रीलंका नौसेना ने कहा कि इस घटना के संबंध में आगे की कार्रवाई संबंधित कानूनों और निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं के अनुसार की जा रही है। भारतीय और श्रीलंकाई मछुआरों का मुद्दा दोनों देशों के संबंधों में लंबे समय से संवेदनशील बना हुआ है। श्रीलंकाई नौसेना पर कई बार पाल्क जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी करने और कथित तौर पर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में उनकी नौकाएं जब्त करने के आरोप लगते रहे हैं। भारत के तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच स्थित पाल्क जलडमरूमध्य समुद्री संसाधनों से भरपूर क्षेत्र है। यही वजह है कि दोनों देशों के मछुआरे बड़ी संख्या में यहां मछली पकड़ने पहुंचते हैं।

### डेटिंग एप्स से मोहभंग: सीधे संपर्क से रिश्तों की तलाश, क्या झूठी पहचान और अनदेखी से परेशान हैं युवा?

**लंदन।** परिचय कराने वाले मोबाइल इस्तेमाल से बढ़ती निराशा के बीच युवा अब रिश्ते बनाने के लिए वास्तविक जीवन के आयोजनों का रुख कर रहे हैं। फोर्ब्स के एक सर्वेक्षण में 5,000 अमेरिकियों में से 80 फीसदी युवाओं और 79 फीसदी नई पीढ़ी के लोगों ने माना कि वे ऐसे उपयोग से थक चुके हैं। ब्रिटेन में भी 2024 के दौरान कई लोकप्रिय परिचय अनुप्रयोगों के उपयोगकर्ताओं की संख्या में कमी दर्ज की गई है। लंदन में हर महीने आयोजित होने वाला चिकन रश नामक खेल सिंगल (अविवाहित) लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इसमें करीब 120 प्रतिभागी समूह बनाकर मुर्गे के वेश में छिपे व्यक्ति को खोजते हैं। चिकन रश नामक खेल के दौरान नृत्य और अन्य मनोरंजक चुनौतियों के माध्यम से प्रतिभागियों को एक-दूसरे से परिचित होने का अवसर मिलता है।

# दुनिया को टैरिफ का डर दिखाते-दिखाते खुद फंसे ट्रंप, अमेरिका लौटा रहा 100 अरब डॉलर



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ट्रंप प्रशासन के 'लिबरेशन डे' टैरिफ के तहत वसूले गए करीब 100 अरब डॉलर का रिफंड प्रोसेस किया है। यह कदम अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद उठाया गया। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) की ओर से दायर एक याचिका के अनुसार अमेरिका ने ट्रंप के 'लिबरेशन डे' टैरिफ के तहत लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर का रिफंड प्रोसेस किया है। इन टैरिफ को बाद में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया था। यह एजेंसी के इतिहास में टैरिफ रिफंड की सबसे बड़ी कोशिशों में से एक है। यह रिफंड अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम के तहत लगाए गए अतिरिक्त मूल्य-आधारित शुल्कों से संबंधित है, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने इस साल फरवरी में रद्द कर दिया था। संसाधित राशि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रभावित टैरिफ के तौर पर जमा किए गए लगभग 166 अरब अमेरिकी डॉलर के आधे से ज्यादा हिस्से के बराबर है।

सीबीपी के व्यापार कार्यालय में व्यापार कार्यक्रम निदेशालय के कार्यकारी निदेशक ब्रेंडन लॉर्ड की ओर से दायर घोषणा के अनुसार, एजेंसी ने अपने ऑटोमेटेड कमर्शियल एनवायरनमेंट (ष्टश्व) प्लेटफॉर्म में योग्य रिफंड की गणना और प्रोसेसिंग के लिए एक नई सिस्टम क्षमता विकसित की है। वहीं, कंसोलिडेटेड एडमिनिस्ट्रेशन एंड प्रोसेसिंग ऑफ एंट्रीज' नाम की नई सुविधा 20 अप्रैल, 2026 को इंपोर्टर्स और कस्टम्स ब्रोकर्स के लिए उपलब्ध हो गई। लॉर्ड ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय में दायर घोषणा में कहा,' शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026 को ईस्टर्न टाइम के अनुसार दोपहर 3 बजे तक, ष्टक्क्ष में प्रोसेसिंग के लिए लगभग 128.68 अरब अमेरिकी डॉलर के संभावित और सर्टिफाइड रिफंड स्वीकार किए जा चुके हैं।'

उन्होंने आगे कहा कि सीएपीई रिफंड घटक के माध्यम से शुल्क और ब्याज सहित लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि का रिफंड पूरा हो चुका है, जिसे सीबीपी की ओर से प्रमाणित किया गया है और वितरण के लिए अमेरिकी वित्त विभाग को भेज दिया गया है।सीबीपी ने बताया कि सीएपीई प्रणाली ने शुरू होने के बाद से लाखों धनवापसी आवेदनों पर कार्रवाई की है। 31 जुलाई, 2026 तक, 252,496 सीएपीई आवेदन जमा किए गए थे, जिनमें से 178,213 आवेदन सत्यापन में सफल रहे। टैरिफ रिफंड का संबंध ट्रंप प्रशासन की ओर से कुछ टैरिफ लगाने के लिए आईईईपीए के उपयोग को लेकर दायर की गई कानूनी चुनौती से है, यह नीति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार और विदेश नीति दोनों के एजेंडे का एक प्रमुख घटक बन गई थी। फरवरी में, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत के फैसले में कहा कि 1977 के आईईईपीए के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति के पास लगभग सभी अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों से आने वाले सामानों पर व्यापक आयात शुल्क लगाने का अधिकार नहीं है।

### लैटिन अमेरिकी देशों में घटी हानिकारक खाद्य पदार्थों की बिक्री

**नई दिल्ली।** चेतावनी लेबल से लैटिन अमेरिकी देशों में हानिकारक खाद्य पदार्थों की बिक्री घट रही है। चीनी, नमक और संतृप्त वसा वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री में कमी आई है। आकर्षक पैकेजिंग और बड़े-बड़े स्वास्थ्य संबंधी दावों के बीच उपभोक्ताओं के लिए सही खाद्य पदार्थ चुनना चुनौती बनता जा रहा है। लैटिन अमेरिका के कई देशों में अधिक चीनी, नमक और संतृप्त वसा वाले खाद्य पदार्थों पर चेतावनी चिह्न लगाने की व्यवस्था पहले से लागू है। विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि ऐसे लेबल लागू होने के बाद इन उत्पादों की बिक्री में उल्लेखनीय कमी आई है। हालांकि, इन उपायों का लोगों के स्वास्थ्य पर दीर्घकालिक प्रभाव जानने के लिए शोध अभी जारी है। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी पैकेज्ड खाद्य उत्पाद की वास्तविक गुणवत्ता का आकलन उसके विज्ञापन या पैकेट पर लिखे दावों से नहीं, बल्कि पोषण संबंधी जानकारी और सामग्री की सूची से किया जाना चाहिए।

## इमरान खान की रिहाई के लिए आर-पार की लड़ाई



**इस्लामाबाद।** इमरान खान की जेल में तीन साल पूरे होने पर पाकिस्तान के कई शहरों में पीटीआई समर्थकों ने रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पंजाब और सिंध में पुलिस कार्रवाई के दौरान 100 से अधिक समर्थकों को गिरफ्तार किया गया।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल में तीन साल पूरे होने पर उनके समर्थकों ने देशभर में प्रदर्शन किए। इस दौरान पंजाब और सिंध प्रांत में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। सबसे बड़ी रैली खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर में आयोजित की गई, जहां इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की सरकार है।

पंजाब के लाहौर, मियांवाली और रावलपिंडी में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। लाहौर के मॉल रोड पर इमरान खान की रिहाई की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों को हटाया गया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में पुलिस प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग करती दिखाई दी। रैली की कवरेज कर रहे कुछ पत्रकारों के साथ भी मारपीट की गई, जिसके बाद मीडिया संगठनों ने विरोध जताया।

पीटीआई के पंजाब महासचिव चौधरी बिलाल एजाज ने कहा कि लाहौर में पार्टी के पांच विधायक समेत 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पार्टी का दावा है कि मियांवाली, रावलपिंडी और पंजाब के अन्य हिस्सों से कम से कम 50 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। वहीं, कराची के सद्दर टाउन में पुलिस ने आंसू गैस छोड़कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया और 10 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया। पीटीआई ने पानो आकिल और कंधकोट से भी अपने कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी का दावा किया।

इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा कि उनके भाई की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू हो चुका है और जल्द ही इसके अगले चरण की घोषणा की जाएगी। पीटीआई नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मूनिस इलाही ने आरोप लगाया कि जेल में इमरान खान को मुलाकात और उचित चिकित्सा सुविधा नहीं दी जा रही तथा उनकी आंखों की रोशनी भी प्रभावित हुई है। पार्टी नेता शेरयार अफरीदी ने कहा कि इमरान खान का हौसला नहीं तोड़ा जा सका है और देश उनके साथ खड़ा है।

इमरान खान को 5 अगस्त 2023 को गिरफ्तार किया गया था और वह कई मामलों में जेल में हैं। उनकी पार्टी लगातार आरोप लगाती रही है कि उनके खिलाफ दर्ज मामले राजनीतिक उद्देश्य से बनाए गए हैं। हालांकि, शहबाज शरीफ सरकार इन आरोपों से इनकार करती रही है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान सरकार से 73 वर्षीय इमरान खान के अधिकारों का सम्मान करने की अपील की। संगठन की दक्षिण एशिया की कार्यवाहक क्षेत्रीय निदेशक इसाबेल लासी ने कहा कि तीन वर्षों से इमरान खान को निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार नहीं मिला, उन्हें लंबे समय तक एकांत कारावास में रखा गया और चिकित्सा सुविधा तथा मुलाकात के अधिकार भी सीमित किए गए।

उन्होंने यह भी कहा कि इमरान खान पिछले आठ महीनों से अपने परिवार से नहीं मिल पाए हैं और दिसंबर 2025 से उन्हें तथा उनकी पत्नी बुशरा बीबी को नियमित कानूनी सहायता भी नहीं मिल रही है।

## अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में अंधाधुंध गोलीबारी, कई लोगों की मौत




**नॉर्थ केरोलिना।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना के कैसवेल काउंटी में एक घर में हुई सामूहिक गोलीबारी में कई लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल होकर अस्पताल में भर्ती है। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों में संदिग्ध हमलावर भी शामिल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना राज्य के कैसवेल काउंटी में बुधवार सुबह एक घर में हुई अंधाधुंध गोलीबारी में कई लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस और जांच एजेंसियां मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हैं। नॉर्थ कैरोलिना स्टेट ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 8 बजे (स्थानीय समय) पुलिस को एक घर में गोलीबारी की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस और शेरिफ कार्यालय की टीम मौके पर पहुंची। वहां कई लोग गोली लगने से घायल मिले। घायलों में से एक व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि कई अन्य लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कैसवेल काउंटी के शेरिफ टोनी डर्डन ने बताया कि मृतकों में एक संदिग्ध हमलावर भी शामिल है। कुल तीन परिवार के सदस्यों की मौत हुई है, जबकि एक अन्य रिश्तेदार घायल होकर अस्पताल में भर्ती है। हालांकि, गोलीबारी की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। अमेरिका में बंदूक हिंसा लंबे समय से गंभीर समस्या बनी हुई है। हर साल देश में सैकड़ों सामूहिक गोलीबारी की घटनाएं सामने आती हैं, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों की जान जाती है। इन लगातार हो रही घटनाओं ने अमेरिका में बंदूक नियंत्रण कानूनों और सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर बहस को फिर तेज कर दिया है। फिलहाल, पुलिस घटनास्थल से सबूत जुटा रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा किया जाएगा।

# कांग्रेस के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगी समाज विकास क्रांति पार्टी : अशोक

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** समाज विकास क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश में कांग्रेस के नेतृत्व में बनने वाली संभावित सरकार को उनकी पार्टी बिना किसी शर्त के समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पार्टी द्वारा व्यापक विचार-विमर्श के बाद लिया गया है और इसका उद्देश्य प्रदेश में राजनीतिक परिवर्तन लाना है।

अशोक सिंह ने कहा कि समाज विकास क्रांति पार्टी का गठन वर्ष 2023 में हुआ था। स्थापना के बाद से ही पार्टी ने संगठन को मजबूत करने और देशभर में अपनी पहचान बनाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने देश के विभिन्न राज्यों से 40 प्रत्याशी मैदान में उतारे थे। इसके अलावा दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों को चुनाव लड़ाया। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान समय में समाज विकास क्रांति पार्टी का संगठन देश के कई राज्यों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और लगातार विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है और कांग्रेस के साथ मिलकर उनकी पार्टी प्रदेश में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी। उनका कहना था कि प्रदेश में जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और अन्य जनहित के मुद्दों से परेशान है। ऐसे में विपक्षी दलों का एकजुट होना समय की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विचारों, उनकी राजनीतिक सोच और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से प्रभावित होकर समाज विकास क्रांति पार्टी ने कांग्रेस को समर्थन देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से आज औपचारिक रूप से यह घोषणा की जा रही है कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाएगा और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के गठन में हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। अशोक सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी सामाजिक न्याय, समान अवसर, किसानों, युवाओं, महिलाओं और कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस और समाज विकास क्रांति पार्टी का गठबंधन प्रदेश की जनता के लिए एक मजबूत और सकारात्मक विकल्प साबित होगा। साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने तथा गांव-गांव तक पार्टी की नीतियों और गठबंधन के संदेश को पहुंचाने का आह्वान किया।

## मारपीट के आरोप में पुलिस ने तीन नामजद व दो अज्ञात पर किया मुकदमा दर्ज

**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र के धनियामऊ पुलिस चौकी अंतर्गत मारपीट के एक मामले में पुलिस ने तीन नामजद एवं दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरायहरखू निवासी पीड़ित जितेन्द्र बिंद पुत्र राजनाथ बिंद ने बक्शा थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 5 अगस्त 2026 की शाम करीब चार बजे वह परमहंस मंदिर से वापस धनियामऊ बाजार जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे नीशू बिंद पुत्र संजय सिंह, विजय बिंद पुत्र सुरेंद्र बिंद, मिन्टू (पिता का नाम अज्ञात) तथा दो अन्य अज्ञात लोगों ने उन्हें गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, विरोध करने पर सभी आरोपियों ने लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि नीशू बिंद और विजय बिंद ने पंच से हमला कर उनके सिर पर चोट पहुंचाई, जिससे वह घायल हो गए। शोर मचाने पर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित का यह भी आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 114/2026, धारा 191 (2), 115 (2), 352 एवं 351 (3) के तहत मुकदमा दर्ज कर घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।

# पुरुषोत्तम दास टंडन जयंती माह की सफलता के लिए जताया आभार



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** 1अगस्त क्रो भारत रत्न राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय युवा खत्री सामाज द्वारा आयोजित प्रतिभा उत्सव के सफल आयोजन में अपनी गरिमामयी उपस्थिति एवं स्नेहिल सहयोग प्रदान करने वाले मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी, संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण बहल, राष्ट्रीय महासचिव अखिल कक्कड़, विशेष रूप से प्रांतीय अध्यक्ष बृजेश सिडाना, बृजेश मेहरोत्रा, अभय मेहरोत्रा, शोभा दरबारी, डॉ. नीता सेठ साहू, सुनीता चोपड़ा, निशा कौशल, नीलम बहल, मंजूषा सिंह, माला बहल, निखहत बाजी, मनीष कपूर, अतुल खन्ना, नीरज टंडन मुदित खत्री,तथा सभी विशिष्ट अतिथियों, प्रबंधक गण, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, निर्णायक मंडल, मीडिया बंधुओं, अभिभावकों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रति हम अपनी संस्था की ओर से हृदय की गहराइयों से कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द जी टंडन 'पप्पन जी' ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य केवल प्रथम,द्वितीय या तृतीय स्थान घोषित करना नहीं है। हमारा वास्तविक उद्देश्य प्रयागराज की गलियों, विद्यालयों और घरों में छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानना,उन्हें जिला स्तर का मंच देना और उनकेआत्मविश्वास को नई उड़ान देना है। उन्होंने कहा कि चित्रकला हो या निबंध, मेहंदी हो या सूई-धागा एवं बटन प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस हो या नृत्य-हर प्रतिभागी हमारे लिए समान रूप से सम्माननीय है। हमारे लिए प्रत्येक बच्चा एक अनमोल प्रतिभा है,जिसे केवल अवसर और प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ ने किया निरीक्षण



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 गंगाराम गौतम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसठी तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भन्नौर एवं जयगोपालगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए। चिकित्सालयों में आवश्यक औषधियाँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाई गई तथा व्यवस्थाएँ संतोषजनक रहीं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय से उपस्थित रहकर आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराएँ। वर्तमान में वायरल फीवर के बढ़ते मामलों को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक आवश्यक जाँच कराने, रोगियों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने तथा उन्हें वायरल संक्रमण से बचाव के उपायों के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, एआरवी और एएसवी की उपलब्धता पर्याप्त पाई गई। चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि भविष्य में भी इनकी निर्बाध एवं सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## टीआई ने किया स्टेशन पर सुविधाओं का निरीक्षण

**जौनपुर (जफराबाद)/अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को टीआई वाराणसी ने स्थानीय रेलवे स्टेशन तथा एक ट्रेन का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में दौरान यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। यातायात निरीक्षक पंकज सिंह ने यात्रियों को स्टेशन के प्लेटफार्म पर पेयजलापूर्ति की व बैठने आदि की व्यवस्था को लेकर स्टेशन अधीक्षक से सुनील कुमार को निर्देश दिया।उन्होंने शौचालय व विद्युत आपूर्ति को भी साफ सुथरा व व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया।उन्होंने प्लेटफार्म नम्बर दो पर सेड में बरसात का पानी रिसते हुए देखा।उन्होंने तत्काल आईओडब्ल्यू को उसे ठीक करने के लिये बात किया।उन्होंने उसके बाद उन्होंने स्टेशन पर पहुंची सुहेलदेव एक्सप्रेस ट्रेन का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण में उन्होंने देखा कि दिव्यांगों की बोगी प्लेटफार्म पर पहुंचती है नही।इसके अलावा बोगियों में पानी की व्यवस्था सुचारू है या नही,शौचालय में साफ सफाई की स्थिति को भी देखा।

## पुराने विवाद को लेकर पड़ोसियों ने माँ बेटी को पीटा

**जौनपुर (जफराबाद)/अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के राजेपुर मतुला गांव निवासी एक माँ-बेटी को बुधवार की शाम को पड़ोसियों ने पुराने विवाद को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने गुरुवार को घटना की तहरीर पुलिस को दिया। उक्त गांव निवासी मकोई देवी पत्नी मेहीलाल सोनकर द्वारा एक विवादित जमीन पर पतरा ईट रखने को लेकर पड़ोसी छब्बु व दुलार पुत्र बैजू सोनकर व सोहित पुत्र बबई सोनकर ने पहले गालियां देने लगे। जब मना किया तो तीनों ने उसे तथा उसकी माँ को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## शौर्य और स्वाभिमान की गाथा से दर्शक हुए भावविभोर



**प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता।** संस्कृति विभाग, भारत सरकार के सौजन्य से नीलाक्षी लोक कला कल्याण समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर में पारम्परिक नौटंकी अमर सिंह राठौर का मंचन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीता राम कश्यप, डॉ. स्मिता मिश्रा, भूपेन्द्र अस्थाना, कुसुम वर्मा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों और नौटंकी के निर्देशक शहजादा सलीम को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक राजेन्द्र विश्वकर्मा ने किया। नौटंकी के माध्यम से अमर सिंह राठौर के शौर्य, निडरता और स्वाभिमान की गाथा प्रस्तुत की गई। प्रभावी बहर-ए- तबील, दोहों और ओजपूर्ण संवादों से सजी प्रस्तुति को उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। संस्था की अध्यक्ष नीलम वर्मा ने कहा कि पारम्परिक लोक कलाओं का संरक्षण, संवर्धन और नई पीढ़ी को उनसे परिचित कराना हमारा संकल्प है। कार्यक्रम को सफल बनाने में नौटंकी दल के साथ प्रदीप मित्रा, मधूलिका श्रीवास्तव, माधुरी, राज नारायण आदि का विशेष योगदान रहा।

# अंतिम संस्कार में गया किशोर गंगा में डूबा

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मनौरी गांव का 17 साल के किशोर पड़ोस के एक युवक के अंतिम संस्कार में गया था। दाह संस्कार के बाद फतेहपुर घाट पर गंगा में नहाते समय वह तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया। करीब 18 घंटे की तलाश के बाद गुरुवार दोपहर उसका शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और बाद में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। काफी देर तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद किशोर का शव घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर गंगा में मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मनौरी गांव की धरिकार बस्ती निवासी कल्लू के अंतिम संस्कार के लिए बड़ी संख्या में लोग फतेहपुर घाट पहुंचे थे। दाह संस्कार के बाद सभी लोग गंगा में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान शेखर उर्फ पेटू (17), पुत्र दिनेश धरीकर, गंगा के कटान वाले हिस्से में बने नाले के तेज बहाव में बह गया और गहरे पानी में डूब गया। हादसे के बाद घाट पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने जाल डालकर किशोर की तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी ग्रामीणों के साथ मिलकर देर शाम तक सर्च अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह पुलिस ने फिर से तलाश शुरू कराई। एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। करीब 18 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद दोपहर करीब 12 बजे घटनास्थल से लगभग तीन किलोमीटर दूर बीच गंगा में किशोर का शव मिला।

# देखन में छोटे लगे, घाव करे गंभीर: डॉ. आलोक त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** डॉ आलोक त्रिपाठी ने कहा कि दतिया और बाकीपुर... ये दो नाम आज सियासी गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। देखन में ये महज दो विधानसभा उपचुनाव के परिणाम लगते हैं, पर घाव ये कितने गहरे कर गए हैं, इसका अंदाजा सत्ता पक्ष को भी होने लगा है। 'क्या ये सिर्फ एक 'आहट' है या जनाकांक्षा को किनारे रखने की सजा'

जनता का मूड और ऊँट के बैठने की आदत एक जैसी होती है। कब किस करवट बैठ जाए, कोई नहीं बता सकता। और इस बार ऊँट ने वो करवट ली है जिसकी शायद भाजपा ने कल्पना भी नहीं की थी। 'बाकीपुरः परंपरा का किला ढहा 'बाकीपुर वही सीट है जो पिछले कई चुनावों से भाजपा की परंपरागत गढ़ मानी जाती थी। यहां से खुद प्रदेश



भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन चुनाव लड़ते रहे हैं। लेकिन इस बार हुआ क्या? कुछ दिन पहले ही 7000 वोट पाने वाली प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज ने इसी सीट पर भगवा परचम को उखाड़ फेंका।

इस जीत को सिर्फ प्रशांत किशोर की रणनीति की जीत कह देना अधूरा होगा। असल जीत यहां 'जनता के आक्रोश' की हुई है। ये आक्रोश किन मुद्दों से उपजा? NEET पेपर लीक और आंदोलन का दमन ': लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ और उसके खिलाफ आवाज उठाने वालों को निर्ममता से कुचलने की कोशिश ने युवा वर्ग को खफा कर दिया। 'बिहार में भारत तिवारी हत्याकांड ': इस घटना से उपजा तनाव और कानून व्यवस्था पर सवाल सीधे सत्ता पर गए। 'भाजपा की अंदरूनी कलह 'शिवराज सिंह चौहान से लेकर नीतीश कुमार तक जैसे वरिष्ठ नेताओं को 'विस्थापित' करने की कवायद ने पार्टी के पुराने कार्यकर्ता और समर्थक वर्ग को भी नाराज किया। 'लोकतांत्रिक मूल्यों की जागृति 'सबसे अहम बात। जनता अब सिर्फ विकास के नारों से नहीं, लोकतंत्र में अपनी भागीदारी और सम्मान से भी चुनाव करती है। 'विपक्षी एकता का संकेत 'वहीं मध्य प्रदेश की दतिया सीट पर कांग्रेस की जीत ने एक और संदेश दिया। जीत के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जिस तरह समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं की खुलकर प्रशंसा की, उसने विपक्षी एकता की एक नई तस्वीर पेश की। ये इशारा साफ है कि 2027 से पहले विपक्ष अब 'एक साथ' की राजनीति की तरफ बढ़ रहा है। दतिया और बाकीपुर के नतीजे भले ही उपचुनाव के हों, पर ये 2027 के सेमीफाइनल से कम नहीं हैं। ये नतीजे चीख-चीख कर कह रहे हैं कि जनता अब 'देखन में छोटे' मुद्दों को भी गंभीरता से ले रही है। कबीर का दोहा एक बार फिर सार्थक हो गया। 'सत सैया के दोहरे, ज्यो नावक के तीर। देखन में छोटे लगे, घाव करे गंभीर। 'सत्ता के लिए ये दो सीटें छोटी हो सकती हैं, पर इनसे लगा घाव बहुत गंभीर है। अब देखना ये है कि सत्ता पक्ष इसे 'आहट' समझकर चेतेगा या इसे भी सामान्य चुनावी हार मानकर अनदेखा कर देगा।

## सड़क दुर्घटना में दिवंगत चौकीदार के परिजनों को पुलिस ने 22,500 की आर्थिक सहायता प्रदान की



**आजमगढ़ (अवधनामा संवाददाता)** थाना गम्भीरपुर - क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना में थाना गम्भीरपुर में कार्यरत चौकीदार स्वर्गीय राम नगीना निवासी सद्दोपट्टी की दुःखद मृत्यु हो गई थी। इस असामयिक घटना से उनके परिवार पर गहरा दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। दुर्घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष गम्भीरपुर अमित कुमार त्रिपाठी ने पुलिस टीम के साथ दिवंगत चौकीदार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिजनों की सहायता के लिए मानवीय पहल की। उनके नेतृत्व में थाना गम्भीरपुर के पुलिसकर्मियों ने स्वेच्छा से सहयोग राशि एकत्रित कर कुल 22,500 की आर्थिक सहायता दिवंगत चौकीदार के परिजनों को प्रदान की। इस अवसर पर पुलिस टीम ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए भविष्य में विभागीय एवं शासन स्तर से उपलब्ध होने वाली हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया। थाना गम्भीरपुर पुलिस की इस संवेदनशील एवं मानवीय पहल की स्थानीय नागरिकों द्वारा सराहना की गई तथा इसे पुलिस के जनसेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण बताया गया।

# अतीक के छोटे बेटे समेत 2 की मौत

अवधनामा संवाददाता



■ झांसी जेल में बंद भाई से मिलने जा रहा था अबान

**प्रयागराज।** कुख्यात माफिया अतीक अहमद के परिवार से जुड़ा एक और बड़ा घटनाक्रम गुरुवार को झांसी में सामने आया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार झांसी जेल में बंद भाई अली अहमद से मिलने जा रहे अतीक के सबसे छोटे बेटे अबान की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसे में उसके दोस्त सोनू (अहजम) की भी जान चली गई, जबकि कार सवार 3 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा पूंछ थाना क्षेत्र के ग्राम खिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ।

इसकी पुष्टि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने करते हुए बताया कि पूंछ क्षेत्र के ग्राम खिल्ली में हुए सड़क हादसे में माफिया अतीक अहमद के बेटे की भी मौत हुई है। साथ में उसके एक दोस्त सोनू की भी जान चली गई। तीनों घायलों का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। गुरुवार सुबह अबान (21) झांसी जेल में बंद बड़े भाई अली से मिलने जा रहा था। क्रेटा कार में 5 लोग सवार थे। झांसी में हाईवे पर अचानक जानवर आ गया। उसे बचाने के चक्कर में कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई।

पुलिस ने कार सवार पांचों लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने अबान और उसके दोस्त सोनू को मृत घोषित कर दिया। घायलों की पहचान उमर अहमद, मोहम्मद जैद और असलम के रूप में हुई है। हादसा सुबह साढ़े 10 बजे झांसी-कानपुर हाईवे पर पूंछ थाना क्षेत्र में हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, अबान कार से दोस्तों के साथ सुबह प्रयागराज से झांसी के लिए निकला था। अबान अहमद आगे की सीट पर बैठा था। सोनू गाड़ी चला रहा था। हादसे में दोनों के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौत हो गई।

हादसा इतना जोरदार था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह डैमेज हो गया। हादसे के बाद पांचों कार में फंस गए थे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर सभी को बाहर निकाला।

अतीक अहमद के 5 बेटे थे। अबान सबसे छोटा था। उमेश पाल हत्याकांड के बाद असद झांसी में एनकाउंटर में मारा गया था। सबसे बड़ा बेटा उमर लखनऊ जेल में है। उससे छोटा बेटा अली झांसी जेल में बंद है। चौथे नंबर का बेटा अहजम है।

# हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों में जुटा प्रशासन

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने ''हर घर तिरंगा'' अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस अभियान में जनपद के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित हो, सभी लोग उत्साह-उमंग के साथ भागीदारी करें, प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान, कार्यालय, सार्वजनिक स्थानों, पार्कों पर तिरंगा फहराया जाये, सभी लोग अपने घरों को तिरंगा लाइट से सजाएं, अपने बच्चों को देश के स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवमयी इतिहास की जानकारी दे, प्राथमिक विद्यालय से लेकर महाविद्यालय तक प्रतिदिन कोई न कोई कार्यक्रम आयोजित हों, प्रत्येक विद्यालय में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान घटित महत्वपूर्ण सत्याग्रह, घटनाओं, देश को आजादी दिलाने में अपने प्राणों को बलिदान करने वाले वीर-सपूतों, समाज में फैली छुआ-छूत, भेदभाव जैसी कुरीतियों को दूर करने में अपना योगदान देने वाले महापुरुषों के जीवन के बारे में छात्रों को बताया जाए, प्रत्येक विद्यालय में स्वतंत्रता आंदोलन, स्वाधीनता पाने के उपरांत देश में हुए विकास, देश के वीर शहीदों पर आधारित चित्रकला, पोस्टर, निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएं। जिला मुख्यालय से लेकर ग्राम पंचायत तक प्रत्येक गली-मोहल्ले में आजादी के अमृत महोत्सव की झलक दिखे, प्रत्येक ग्राम पंचायत, अमृत सरोवर तालाब, मुख्य चौराहों, मार्गों, प्रत्येक घर पर झंडा फहरे, मुख्य चौराहों पर देशभक्ति के गीत बजाए जाएं, नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में भव्य कार्यक्रम आयोजित हों, मुख्य मार्गों पर लगे विद्युत पोल को तिरंगा लाइटों से सजाया जाए, प्रत्येक कार्यालय में भव्य सजावट हो, विशेष कार्यक्रम आयोजित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के आश्रितों को सम्मानित किया जाए। श्री त्रिपाठी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि दि. 08 अगस्त तक जनपद के प्रत्येक विद्यालय की दीवारों पर तिरंगा कलाकृतियों से सजाया जाए, विद्यालय में तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कराई जाए, प्रत्येक विद्यार्थी से सैनिक, पुलिस कर्मियों के लिए पोस्टकार्ड पर आभार पत्र, चिट्ठी लिखवाकर भिजवाई जाए, अभियान के दौरान जो भी गतिविधियां हों उन्हें हर घर तिरंगा डॉट कॉम पर अपलोड भी किया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर निकाय से कहा कि जनपद के समस्त कस्बों के मुख्य मार्गों पर दि. 08 अगस्त तक तिरंगा लाइटें, लाउडस्पीकर लगवाना सुनिश्चित करें, दि. 08 अगस्त से 15 अगस्त तक निरंतर लाउडस्पीकर पर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत गीत बजाये जाएं, जहां-जहां महापुरुषों की मूर्तियां स्थापित है।

# भारतीय पत्रकार महासंघ ने राज्यपाल से किया मांग

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की जिला इकाई ने महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ की स्थापना के लिए हुए जनआंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आंदोलनकारियों को उचित सम्मान दिए जाने की मांग की है। महासंघ की जिला इकाई द्वारा कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की अधिसूचना आज ही के दिन 5 अगस्त वर्ष 2019 में जारी हुई तथा विश्वविद्यालय का प्रथम शैक्षणिक सत्र वर्ष 2021-22 से प्रारंभ हुआ। विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए लंबे समय तक संघर्ष चला,जिसका नेतृत्व बीएचयू आईआईटी के पूर्व छात्र नेता अजीत कुमार सोनकर के नेतृत्व में हस्ताक्षर महाअभियान, धरना-प्रदर्शन तथा 13 दिनों तक आमरण अनशन किया गया आंदोलन के दौरान अनेक सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों तथा जनप्रतिनिधियों का समर्थन प्राप्त हुआ,जिसके परिणामस्वरूप सरकार ने विश्वविद्यालय स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। महासंघ ने कहा कि इस ऐतिहासिक संघर्ष में योगदान देने वाले लोगों के प्रयासों को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ जिला इकाई ने राज्यपाल एवं कुलाधिपति से मांग की है कि विश्वविद्यालय परिसर में एक उपयुक्त स्थान पर इं.अजीत कुमार सोनकर सहित अन्य आंदोलनकारियों के नामों की स्मृति-पट्टिका स्थापित की जाए, ताकि विश्वविद्यालय स्थापना आंदोलन के इतिहास को संरक्षित किया जा सके तथा यह भावी सामाजिक आंदोलनों के लिए प्रेरणास्रोत बन सके।

# दिव्यांगजनों के लिए लगा मोबाइल कोर्ट

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** राज्य आयुक्त दिव्यांगजन उ0प्र0, हिमॉशु शेखर झा की अध्यक्षता में सर्किट हाउस, सभागार, आजमगढ़ में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की मूल भावना के अनुसार सुदूरवर्ती पिछड़े क्षेत्रों/ग्रामीण इलाकों के लोगों (दिव्यांगजन), जो कि सरकार द्वारा उनके अधिकार एवं सुविधाओं हेतु चलाई जा रही योजनाओं/परियोजनाओं से जागरूक नहीं है, के मध्य जागरूकता बढ़ाने के लिए और समाज में उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त कराने तथा पूर्ण एवं प्रभावी भागीदारी दिलाए जाने एवं इस सम्बन्ध में उनकी शिकायतों/समस्याओं को त्वरित रूप से स्थानीय स्तर पर निस्तारित कराए जाने के उद्देश्य से जनपद आजमगढ़ में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया।

मोबाइल कोर्ट के दौरान दिव्यांग प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आवास, आयुष्मान कार्ड, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण एवं दिव्यांग पेंशन से सम्बन्धित कुल 103 दिव्यांगजनों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं को अवगत कराया गया। दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनी एवं उनके सुझाव लिए और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। राज्य आयुक्त ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत मिलने वाले अधिकारों एवं सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के दिव्यांग बच्चों को समेकित वातावरण में निःशुल्क शिक्षा, शैक्षणिक संस्थानों एवं रोजगार में आरक्षण, गरीबी उन्मूलन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं में आरक्षण सहित विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाती है। उन्होंने दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव रोकने और दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की मंशा के अनुरूप मोबाईल कोर्ट का उद्देश्य दिव्यांगजनों की समस्याओं का मौके पर ही त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए कि लम्बित दिव्यांगता प्रमाण पत्रों के निस्तारण के लिए विशेष शिविर लगाए जाए तथा जिन पात्र व्यक्तियों को पंजीकरण हो चुका है, उन्हें एक माह के भीतर प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

**Public Notice**

I have changed my name from Mazahar Uddin to Mazhar Husain S/o Jalal Uddin Sofi, Resident of H no.79 gali no.9 Shishgran, Firozabad, UP 283203 for all future purposes.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री मही कुमार, जो कि सेन्ट फ्रांसिस स्कूल, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ में कक्षा 9 सेक्शन सी में अध्ययनरत है, उसके स्कूल अभिलेख में मेरा नाम मंजू लता लिखा हुआ है। जिसमें मैं अब उपनाम (सरोज) जोड़कर अपना नाम मंजू लता सरोज लिखवा रही हूँ।

**भारत सरकार - रेल मंत्रालय**
**अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन नगर, लखनऊ-226011**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति**

'रेल मंत्रालय, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (RDSO), सिकंदराबाद, भारत, कवच प्रणाली के स्वचालित सिस्टम स्तरीय कार्यात्मक परीक्षण हेतु सिस्टम रिक्वायरमेंट स्पेसिफिकेशन एवं जनरिक टेस्ट बेंच के विकास के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है।

उक्त कार्य में भाग लेने के इच्छुक फर्मों/संगठनों से अनुरोध है कि विस्तृत विवरण हेतु RDSO की वेबसाइट www.rdso.indianrailways.gov.in के होम पेज पर लाल रंग में प्रदर्शित 'EOI' अनुभाग का अवलोकन करें।

RO No. 21/2026-27/S&T/Secunderabad/EOI/07

सुगंधा सक्सेना
ए.एल.आई.ओ./प्रकाशन

# एलआईसी का मुनाफा 23% बढ़कर 13,492 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शानदार वित्तीय नतीजे पेश किए हैं। कंपनी का शुद्ध मुनाफा 23 प्रतिशत बढ़कर 13,492 करोड़ रुपये पहुंच गया है। पहली बार के प्रीमियम, रिन्यूअल प्रीमियम और कुल आय में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। क्या मजबूत प्रीमियम कलेक्शन और बेहतर वित्तीय स्थिति एलआईसी की इस बढ़त की सबसे बड़ी वजह बनी है?

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे जारी किए हैं। इस दौरान कंपनी का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 13,492 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में एलआईसी का मुनाफा 10,987 करोड़ रुपये था। कंपनी की कुल आय और प्रीमियम कलेक्शन में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे उसके कारोबार में मजबूती देखने को मिली है।

एलआईसी की नियामकीय सूचना के अनुसार, जून तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 2,37,848



करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 2,22,864 करोड़ रुपये थी। पहली बार मिलने वाले प्रीमियम से आय बढ़कर 9,217 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 7,525 करोड़ रुपये थी। वहीं रिन्यूअल प्रीमियम से आय 59,885 करोड़ रुपये से बढ़कर 61,833 करोड़ रुपये हो गई।

एलआईसी ने बताया कि एकमुश्त (सिंगल) प्रीमियम से उसकी आय भी बढ़ी है। जून तिमाही में कंपनी ने 56,369 करोड़ रुपये का सिंगल प्रीमियम जुटाया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 51,923 करोड़ रुपये था। इसके चलते कंपनी की कुल शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,27,250 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 1,19,200 करोड़ रुपये थी। इससे साफ है कि कंपनी के बीमा कारोबार में लगातार वृद्धि बनी हुई है।

तिमाही के दौरान एलआईसी का कुल खर्च भी बढ़ा। कंपनी का कुल खर्च 2,11,928 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,25,573 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि इसके बावजूद कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी रही। एलआईसी का सॉल्वेंसी अनुपात बढ़कर 2.42 गुना हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 2.17 गुना था। सॉल्वेंसी अनुपात किसी बीमा कंपनी की दावों का भुगतान करने की क्षमता का महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है।

पहली तिमाही के नतीजे बताते हैं कि एलआईसी की आय और मुनाफे दोनों में बढ़ोतरी हुई है। प्रीमियम संग्रह में लगातार वृद्धि और बेहतर सॉल्वेंसी अनुपात कंपनी की वित्तीय मजबूती को दर्शाते हैं। हालांकि खर्च में भी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन मुनाफे और आय में सुधार से संकेत मिलता है कि कंपनी अपने बीमा कारोबार का विस्तार जारी रखे हुए है। इससे निवेशकों के साथ-साथ पॉलिसीधारकों का भरोसा भी मजबूत होने की उम्मीद है।

## सोना सात हफ्ते के सबसे ऊंचे स्तर पर, चांदी भी उछली

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में गुरुवार को जोरदार तेजी देखने को मिली। राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में 3,800 रुपये महंगा होकर 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पहुंच गया। यह सोने का पिछले सात सप्ताह का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले 18 जून को सोना करीब 1,53,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं चांदी की कीमत भी 2,100 रुपये बढ़कर 2,34,800 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, रुपये में आई कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की मजबूती ने घरेलू बाजार में कीमतों को ऊपर पहुंचाया। गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे कमजोर होकर 95.24 के स्तर पर बंद हुआ। कमजोर रुपये की वजह से आयातित सोना महंगा हो जाता है, जिसका सीधा असर घरेलू कीमतों पर पड़ता है। इसके साथ ही अमेरिकी डॉलर में नरमी और अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड यील्ड में गिरावट ने भी सोने की मांग को समर्थन दिया।


# रेंज रोवर लक्ज़री का बेहतरीन अंदाज़ रेंज रोवर एसवी अल्ट्रा

**लखनऊ।** रेंज रोवर ने रेंज रोवर एसवी अल्ट्रा को पेश किया है, जो रेंज रोवर की लक्ज़री और सर्वोच्च विशिष्टता है। उन्नत फिनिश को विश्व की पहली ऑडियो तकनीक के साथ जोड़ते हुए, एसवी अल्ट्रा अब तक बनाई गई सबसे लग्ज़रीयस और तकनीकी रूप से सबसे उन्नत रेंज रोवर है।रेंज रोवर एसवी अल्ट्रा में टाइटन सिल्वर पेश किया गया है, जो एक एक्सक्लूसिव एक्सटीरियर फिनिश है और असली बारीक एल्युमिनियम फ्लेक तथा एडवांस्ड पिगमेंट तकनीक का उपयोग करके लिक्विड मेटल से प्रेरित मिरर-जैसी गुणवत्ता वाली गहरी, चमकदार सतह तैयार करता है। सैटिन प्लैटिनम एटलस और सिल्वर क्रोम एक्सेंट्स एक्सटीरियर को पूरक बनाते हैं, जबकि सैटिन प्लैटिनम इंसर्ट्स वाले 23-इंच अलॉय व्हील्स नए रेंज रोवर सेंटर कैप्स के साथ इसकी दमदार उपस्थिति को और बढ़ाते हैं। अंदर की ओर, एसवी अल्ट्रा एक नया ड्यूओ-टोन ऑर्किड व्हाइट और सिंडर ग्रे अल्ट्राफैब्रिक्सइ इंटीरियर प्रस्तुत करता है, जो एडवांस्ड



मटीरियल इनोवेशन को एक शांत, लेदर-फ्री सैंक्चुअरी के साथ जोड़ता है। सीटों में एक बारीक लेज़र-क्राफ्टेड मोज़ेक पैटर्न है, जबकि नेचुरल ओपन-पोर फिनिश वाला नया रतन पाम विनियर पूरे केबिन में सूक्ष्म टेक्सचर और मटीरियल डेप्थ जोड़ता है।राजन अंबा, मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएलआर इंडिया, ने कहाः 'रेंज रोवर एसवी अल्ट्रा, रेंज रोवर लक्ज़री के शिखर का प्रतिनिधित्व करता है, जो सबसे एक्सक्लूसिव डिज़ाइन डिटेल्स को ब्रेकथ्रू इनोवेशन के साथ जोड़ता है। नया एसवी इलेक्ट्रोस्टेटिक साउंड सिस्टम यह सुनिश्चित करता है कि हर सामंजस्यपूर्ण सुर और स्पष्ट डिटेल यात्री को हर परफॉर्मेंस के केंद्र में रखे, और संगीत को वैसे ही पुनः प्रस्तुत करे जैसा कलाकार ने इरादा किया था। लिक्विड-मेटल टाइटन सिल्वर पेंट जिसमें बारीक एल्युमिनियम फ्लेक और सस्टेनेबली सोर्स्ड रतन पाम विनियर नेचुरल ओपन-पोर फिनिश में शामिल है से लेकर 23-इंच व्हील्स तक, हर एलिमेंट एक बेजोड़ अनुभव देने के लिए तैयार किया गया है।रेंज रोवर एसवी अल्ट्रा अब 395 kW पेट्रोल माइल्ड-हाइब्रिड वी8 के साथ उपलब्ध है, जो सहज परफॉर्मेंस को रेंज रोवर से अपेक्षित परिष्कार के साथ जोड़ता है। इस साल के अंत तक एक पूर्ण इलेक्ट्रिक वर्जन भी लाइन-अप में शामिल होगा।रेंज रोवर एसवी अल्ट्रा अब INR 380 लाख (एक्स-शोरूम नई दिल्ली) की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध है।

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च की नई नेक्सॉन कैमो



**मुंबई।** भारत की अग्रणी यात्री वाहन कंपनियों में से एक, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने आज नेक्सॉन कैमो लॉन्च करने की घोषणा की। यह लॉन्च नेक्सॉन के 10 साल पूरे होने और 11 लाख से ज़्यादा ग्राहकों के भरोसे का जश्न मनाने के मौके पर हुआ है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत दिल्ली में 9.99 लाख रुपये रखी गई है।नेक्सॉन कैमो दो विशेष प्रीमियम रंगों, मुन्नार मिस्ट और कूर्ग क्लाउड में उपलब्ध होगी। यह नया संस्करण आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत तकनीक का भी बेहतरीन मेल है। इसमें अल्ट्रा व्यू ट्विन एचडी डिजिटल कॉकपिट दिया गया है, जिसमें 31.24 सेमी (12.3 इंच) का हरमनइ इंफोटेनमेंट सिस्टम और 26.03 सेमी (10.25 इंच) का हरमनइ डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर शामिल है। डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर में इन-बिल्ट नेविगेशन की सुविधा है, जबकि 360ए कैमरा सराउंड व्यू सिस्टम के साथ इंटीग्रेटेड डैशकैम रिकॉर्डर भी दिया गया है।नई नेक्सॉन कैमो पेट्रोल, डीजल और आईसीएनजी, तीनों पावरट्रेन विकल्पों में उपलब्ध होगी। इस लॉन्च के अवसर पर टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने कहा, 'एक दशक पहले लॉन्च होने के बाद से नेक्सॉन ने 11 लाख से अधिक परिवारों को सुरक्षित, आरामदायक और यादगार सफर का अनुभव दिया है। इसी वजह से यह भारत के सबसे प्रतिष्ठित एसयूवी ब्रांड्स में से एक बन गई है और आज सड़कों पर इसकी एक अलग पहचान है। हमारी यह सफलता सुरक्षा, तकनीक और डिजाइन के क्षेत्र में लगातार नए मानक तय करने और इन नई खूबियों को ज़्यादा से ज़्यादा ग्राहकों तक पहुंचाने की सोच पर आधारित रही है।

## अमेज़न ग्रेट फ्रीडम सेल 2026 में सेनहाइज़र के प्रीमियम ऑडियो प्रोडक्ट्स पर शानदार ऑफर्स

**लखनऊ।** ऑडियो इनोवेशन के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी कंपनी सेनहाइज़र ने 7 अगस्त 2026 से शुरू होने वाली अमेज़न ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल सेल 2026के लिए अपने प्रीमियम ऑडियो प्रोडक्ट्स पर विशेष ऑफर्स की घोषणा की है। इस सेल के दौरान ग्राहक सेनहाइज़र के चुनिंदा उत्पादों पर 60 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। ऑफर में एचडी 490 प्रो प्लस स्टूडियो हेडफोन्स, मोमेंटम 4, प्रोफाइल यूएसबी माइक्रोफोन, एक्सेंटम प्लस, आईई 100 प्रो और मोमेंटम टू वायरलेस 4जैसे लोकप्रिय उत्पाद शामिल हैं। इसके अलावा, ग्राहक 24 महीनों तक की नो कॉस्ट ईएमआई और चुनिंदा बैंक कार्ड्स पर विशेष छूट का भी लाभ उठा सकते हैं।

आईई 100 प्रो : सेनहाइज़र आईई 100 प्रो पेशेवर स्तर की ऑडियो मॉनिटरिंग के लिए तैयार किया गया है और इसे डीजेएस, म्यूज़िशियन तथा कंटेंट क्रिएटर्स द्वारा व्यापक रूप से पसंद किया जाता है। इसमें दिया गया सिंगल डायनेमिक ड्राइवर सेनहाइज़र की सिग्नेचर साउंड क्वालिटी के साथ दमदार बास, स्पष्ट ऑडियो और संतुलित फुल-रेंज साउंड प्रदान करता है, जिससे लंबे समय तक सुनने पर भी थकान महसूस नहीं होती।

हल्के वजन और आरामदायक डिज़ाइन वाला यह वायरलेस इन-ईयर मॉनिटर सुरक्षित फिटिंग के साथ हर परिस्थिति में बेहतरीन प्रदर्शन देता है। अमेज़न ग्रेट फ्रीडम सेल के दौरान यह 6,799 में उपलब्ध होगा। साथ ही चुनिंदा बैंक कार्ड्स पर अतिरिक्त छूट भी मिलेगी।

मोमेन्टम 4 : सेनहाइज़र मोमेन्टम 4 बेहतरीन ऑडियो गुणवत्ता और लंबे समय तक आरामदायक उपयोग के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें 42 मिमी ऑडियोफाइल-इंस्पायर्ड ट्रांसड्यूसर सिस्टम दिया गया है, जो बेहद समृद्ध और विस्तृत साउंड अनुभव प्रदान करता है।

इसमें अडेप्टिव नॉइज़ कैंसिलेशन और ट्रांसपेरेंसी मोड जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं, जो आसपास के वातावरण के अनुसार स्वतः समायोजित हो जाती हैं। उपयोगकर्ता सेन्हाइज़र स्मार्ट कंट्रोल ऐप के माध्यम से इक्वलाइज़र, प्रीसेट्स और साउंड पर्सनालाइज़ेशन का उपयोग कर सकते हैं।

मोमेंटम 4 एक बार चार्ज करने पर 60 घंटे तक की बैटरी लाइफ देता है। इसमें चार डिजिटल बीमफॉर्मिंग माइक्रोफोन और विंड नॉइज़ सप्रेशन तकनीक के कारण कॉलिंग भी बेहद स्पष्ट रहती है। गद्देदार हेडबैंड और सॉफ्ट ईयरपैड्स लंबे समय तक आराम सुनिश्चित करते हैं।

यह हेडफोन 34,990 की एमआरपी के मुकाबले 18,990 (बैंक डिस्काउंट सहित) में उपलब्ध होगा।

**एचडी 490 प्रो प्लस**

सेनहाईज़र एचडी 490 प्रो प्लस विशेष रूप से ऑडियो इंजीनियर्स, म्यूजिक प्रोड्यूसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए तैयार किया गया एक प्रीमियम रेफरेंस हेडफोन है।

इसका ओपन-बैक डिज़ाइन और विस्तृत साउंडस्टेज बेहद सटीक एवं प्राकृतिक ऑडियो अनुभव प्रदान करता है। इसमें लो-फ्रीक्वेंसी सिलेंडर सिस्टम, ओपन-फ्रेम आर्किटेक्चर और एर्गोनॉमिक डिज़ाइन जैसी उन्नत तकनीकें शामिल हैं, जो लंबे स्टूडियो सेशंस के दौरान भी आराम और शुद्ध ध्वनि सुनिश्चित करती हैं।

इसके साथ इंटरचेंजेबल ईयर पैड्स, डिटैचेबल केबल्स और डियर रियलिटी डियरवीआर मिक्स-एसई प्लगइन भी दिया जाता है, जिससे वर्चुअल मिक्सिंग का अनुभव बेहतर होता है।

## मालदीव में तंबाकू टैक्स नीति में सुधार से संतुलित टैक्स और अवैध तंबाकू कारोबार पर सख्त कार्रवाई की जरूरत उजागर हुईः विशेषज्ञ

**लखनऊ।** भारत में बिकने वाली हर चार में से एक से अधिक सिगरेट अवैध होती है। इसलिए तंबाकू पर टैक्स बढ़ाने के साथ-साथ अवैध सिगरेट की बिक्री पर सख्त कार्रवाई भी जरूरी है। इससे लोगों की सेहत की रक्षा होगी और सरकार के राजस्व (आय) का भी नुकसान नहीं होगा मालदीव ने अवैध तंबाकू कारोबार बढ़ने के बाद सिगरेट पर आयात शुल्क (इंपोर्ट ड्यूटी) में 50% की कटौती की है। इस फैसले के बाद फिर से यह चर्चा शुरू हो गई है कि सरकारें तंबाकू पर टैक्स बढ़ाने और अवैध कारोबार पर रोक लगाने के बीच सही संतुलन कैसे बना सकती हैं। पब्लिक हेल्थ और पॉलिसी एक्सपर्ट्स का कहना है कि भारत के लिए इससे एक महत्वपूर्ण संदेश मिलता है। तंबाकू पर टैक्स तभी सबसे अधिक प्रभावी होता है, जब उसके साथ सख्त कानून लागू किए जाएं, तंबाकू की सप्लाई चेन पर कड़ी निगरानी रखी जाए और अवैध तंबाकू कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाए।मालदीव सरकार ने सिगरेट पर लगने वाली आयात ड्यूटी (कर) को प्रति पैकेट 8 एमवीआर यानि मालदीवी रूफिया से घटाकर 4 एमवीआर कर दिया है। सरकार का कहना है कि पहले टैक्स बढ़ाने के बाद गैरकानूनी सिगरेट का कारोबार बढ़ गया था। इससे कानूनी रूप से बिकने वाली सिगरेट की बिक्री और सरकार की कमाई दोनों पर असर पड़ा। इस फैसले की दुनियाभर में चर्चा हो रही है, क्योंकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तंबाकू नियंत्रण के लिए किए गए प्रयासों, जिनमें तंबाकू पर ज्यादा टैक्स लगाना भी शामिल था, उसके लिए मालदीव को वर्ष 2024 का वर्ल्ड नो टोबैको डे अवॉर्ड' दिया था। मालदीव के वित्त और योजना मंत्री मूसा ज़मीर ने संसद में कहा कि यह फैसला विश्व स्वास्थ्य संगठन से हुई चर्चा के बाद लिया गया।

## उत्तर प्रदेश में पहली बार लैब में तैयार सेल्स से यूरिथ्रल स्ट्रिक्चर का सफल इलाज, अपोलोमेडिक्स ने रचा इतिहास




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पहली बार, लखनऊ के अपोलोमेडिक्स अस्पताल ने यूरिथ्रल स्ट्रिक्चर यानी पेशाब की नली के सिकुड़ जाने की समस्या से जूझ रहे एक मरीज का लैब में तैयार किए गए सेल्स की मदद से सफल इलाज किया है। डॉ. मयंक अग्रवाल, डॉ. वेद भास्कर और डॉ. शैलेंद्र गुप्ता की सर्जिकल टीम ने 30 वर्षीय मरीज का एडवांस्ड तकनीक से ऑपरेशन किया, जिसमें टिश्यू इंजीनियरिंग के जरिए लैब में तैयार किए गए सेल्स का इस्तेमाल किया गया। उत्तर प्रदेश में इस तकनीक का पहली बार उपयोग किया गया है। लखनऊ निवासी यह मरीज तीन सेंटीमीटर लंबी बुलबर यूरिथ्रा स्ट्रिक्चर से पीड़ित था। यह तकनीक यूरिथ्रल स्ट्रिक्चर के चुनिंदा मरीजों के लिए कम चीरफाड़ वाला एक नया और प्रभावी इलाज का विकल्प है।

आमतौर पर इस बीमारी के इलाज के लिए डॉक्टर बक्कल म्यूकोसा ग्राफ्ट यूरेथ्रोप्लास्टी (बीएमजीयू) की सलाह देते हैं। इस सर्जरी में मरीज के मुंह के अंदर से करीब पांच से छह सेंटीमीटर टिशू निकालना पड़ता है। इसके कारण मरीज को कई सप्ताह तक खाने और पीने में परेशानी होती है तथा गरम और मसालेदार भोजन से भी परहेज़ करना पड़ता है।

इस बीमारी के इलाज का दूसरा विकल्प एंडोस्कोपिक या ऑप्टिकल इंटरनल यूरेथ्रोटॉमी है। हालांकि, इस प्रक्रिया में बीमारी दोबारा होने की आशंका अधिक रहती है। ऐसे मामलों में मरीज को लंबे समय तक स्वयं कैथेटर डालना पड़ सकता है, जिससे दर्द, खून आने और संक्रमण का खतरा बना रहता है। युवा मरीज इन दोनों प्रक्रियाओं से बचना चाहता था और किसी आधुनिक और कम चीरफाड़ वाले इलाज की तलाश में था। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए डॉ. वेद भास्कर ने अपनी टीम के साथ विचार-विमर्श के बाद मरीज को आधुनिक सेल थेरेपी तकनीक का सुझाव दिया। इसके लिए मरीज के गाल के अंदर से केवल 10 मिलीमीटर लंबा और 5 मिलीमीटर चौड़ा एक छोटा सा ऊतक लिया गया। उसी समय वहां टांके लगा दिए गए, जिससे कोई खुला घाव नहीं रहा। इसका फायदा यह हुआ कि मरीज पहले ही दिन से सामान्य भोजन कर सका।

## स्वतंत्रता दिवस पर सैमसंग लेकर आया है 'द बिग बेस्पोक एआई फेस्ट

**गुरुग्राम।** सैमसंग इंडिया ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपनी विशेष सेल 'द बिग बेस्पोक एआई फेस्ट' की घोषणा की है। 1 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान के तहत कंपनी अपने बेस्पोक एआई होम अप्लायंसेज़ पर आकर्षक ऑफर्स और कैशबैक दे रही है। इसका उद्देश्य आधुनिक तकनीक के जरिए रोजमर्रा के घरेलू कामों को आसान बनाकर उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा और समय उपलब्ध कराना है। देश की आज़ादी के वर्ष 1947 को खास अंदाज में याद करते हुए कंपनी चुनिंदा बेस्पोक एआई अप्लायंसेज़ पर 19,470 रुपये तक का कैशबैक दे रही है। इसके अलावा, सैमसंग केयर+ के तहत चुनिंदा रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन पर एक वर्ष की विस्तारित वारंटी के साथ दो वर्ष की अतिरिक्त वारंटी मुफ्त मिलेगी। वहीं, चुनिंदा सिंगल-डोर रेफ्रिजरेटर के लिए केवल 99 रुपये में एक वर्ष की एक्सटेंडेड वारंटी का विकल्प भी उपलब्ध है।खरीदारी को और आसान बनाने के लिए सैमसंग फाइनेंस+ के जरिए जीरो डाउन पेमेंट सहित लचीले फाइनेंस विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। 25 किलोग्राम वॉशर-ड्रायर कॉम्बो पर 20/5 फाइनेंस स्कीम के तहत '1 ईएमआई ऑफ' का विशेष लाभ भी मिलेगा। इस योजना में 20 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआई पर पहली ईएमआई का भुगतान सैमसंग करेगा। विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में ईएमआई 890 रुपये प्रति माह से शुरू होगी।कंपनी का कहना है कि इस पहल के जरिए वह ज्यादा से ज्यादा भारतीय घरों तक एआई-बेस्ड स्मार्ट होम सॉल्यूशंस पहुंचाने की अपनी कोशिश जारी रखेगी। इन सॉल्यूशंस की बदौलत त्योहारों के मौसम में और उसके बाद भी घर उतनी ही मेहनत करता है, जितनी परिवार करता है।

# 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम

**नई दिल्ली।** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अभिजीत रॉय ने कहा, 'पिछली तिमाही में मांग सुधरने का जो रुझान दिखा था, वह इस साल की पहली तिमाही में भी बना रहा, जिससे स्टैंडअलोन आधार पर 12.7% की वैल्यू ग्रोथ हुई। कीमतों में बढ़त के चलते वैल्यू ग्रोथ, वॉल्यूम ग्रोथ से आगे निकल गई, और इसका पूरा फायदा आगे मिलेगा। इस तिमाही हमारा प्रदर्शन ऑटोमोटिव और डेकोरेटिव, दोनों सेगमेंट में मजबूत बढ़त की वजह से अच्छा रहा।

पश्चिम एशिया के संघर्ष की वजह से माहौल अस्थिर रहा, जिससे क्रूड और उससे बनने वाले कच्चे माल की उपलब्धता और कीमतों पर असर पड़ा, फिर भी साल की शुरुआत अच्छी रही। क्रूड आधारित कच्चे माल महंगे होने से हमारे ग्रॉस मार्जिन में थोड़ी कमी आई। लेकिन सूझबूझ से किए गए फाइनेंशियल कंट्रोल और बेहतर एफिशिएंसी की वजह से ऑपरेटिंग प्रॉफिट मार्जिन गाइडेंस रेंज से थोड़ा ऊपर रहा, और स्टैंडअलोन आधार पर कर पश्चात लाभ में 25% से ज्यादा और कंसॉलिडेटेड आधार पर 29% से ज्यादा की मजबूत बढ़त दर्ज हुई।

हमारे मुख्य फोकस सेगमेंट, यानी वॉटरप्रूफिंग, कंस्ट्रक्शन केमिकल्स और वुड कोटिंग्स में लगातार अच्छी बढ़त बनी रही, और इसमें प्रीमियम सेगमेंट में लॉन्च हुए 'कलर प्लस' और मेटैलिक्स रेंज का भी योगदान रहा। नेटवर्क के विस्तार और कम मार्केट शेयर वाले शहरी बाजारों में बढ़त की वजह से इन निवेशों से लगातार अच्छा रिटर्न मिल रहा है।

जीएसटी में कटौती और फाइनेंसिंग की लागत घटने के बाद ऑटोमोटिव सेगमेंट की मजबूत रफ्तार इस तिमाही भी बनी रही और इसने इस सेक्टर को आगे बढ़ाया। बाकी इंडस्ट्रियल सेगमेंट को कीमतों में बढ़त का सिर्फ आंशिक फायदा मिला, क्योंकि यह बढ़त तिमाही के आखिर में लागू हुई थी, जिससे ग्रोथ रेट कम रही। लेकिन इसका पूरा फायदा दूसरी तिमाही में दिखेगा, जिससे कंपनी का मुनाफा और रेवेन्यू, दोनों बढ़ने की उम्मीद है।

हमारे संयुक्त उद्यम, बर्जर बेकर और बर्जर निप्पॉन ने इस तिमाही मजबूत बढ़त दर्ज की। सहायक कंपनियों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक रहा।

घरेलू मांग के संकेतक धीरे-धीरे सभी सेगमेंट और बाजारों में सुधर रहे हैं, और मॉनसून भी शुरुआती अनुमान से बेहतर आगे बढ़ रहा है, यह आने वाले महीनों के लिए अच्छे संकेत हैं।

फॉरेक्स में उतार-चढ़ाव और भूराजनीतिक अनिश्चितता की वजह से सप्लाई में रुकावट और कच्चे माल की महंगाई का खतरा अब भी बना हुआ है, जिससे नजदीकी भविष्य में मार्जिन पर दबाव रह सकता है।

## itel ने खत्म किया Type-B का दौर - लॉन्च किया इंडिया का Ace 3 Heera, अब Type C चार्जिंग के साथ




**लखनऊ।** itel, जो भारत में टेक्नोलॉजी को आम लोगों तक पहुँचाने के लिए जानी जाने वाली टॉप ब्रांड्स में से एक है, ने हाल ही में अपना नया फीचर फोन Ace 3 Heera लॉन्च किया है। फीचर फोन यूज़र्स को मॉडर्न सुविधा देने के मकसद से बनाया गया Ace 3 Heera अब तेज़, भरोसेमंद और झंझट-मुक्त चार्जिंग एक्सपीरियंस देता है। itel ने अपने पूरे फीचर फोन पोर्टफोलियो में Type C चार्जिंग शुरू कर दी है - और ऐसा करने वाली भारत की पहली फीचर फोन ब्रांड बन गई है। भारत में लाखों फीचर फोन यूज़र्स आज भी Micro-USB केबल के पुराने ज़माने में अटके हुए हैं। itel ने अपने एंट्री-लेवल फीचर फोन तक में भी Type-C चार्जिंग लाकर लोगों की ज़िंदगी आसान बना दी है अब एक ही केबल से स्मार्टफोन और फीचर फोन दोनों चार्ज हो सकते हैं, और घर में चार्जर का झंझट भी कम हो जाता है। itel Ace 3 Heera ब्लू, पर्पल और ब्लैक जैसे शानदार कलर्स में मिलता है और अभी पूरे भारत के रिटेल स्टोर्स पर सिर्फ 949 रुपये में उपलब्ध है। इसके साथ ही itel फीचर फोन में मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट के लिए 1 साल की काउंटर रिप्लेसमेंट ऑफर भी दे रहा है।

लॉन्च के मौके पर बात करते हुए, itel इंडिया के CEO अरिजीत तालापात्रा ने कहा, 'टेक्नोलॉजी को ज़िंदगी आसान बनानी चाहिए, मुश्किल नहीं। हम एक ऐसी ब्रांड हैं जिसने अपने भरोसेमंद और किफायती प्रोडक्ट्स के ज़रिए भारत के लिए टेक्नोलॉजी को आसान बनाया है। लाखों भारतीयों के लिए अलग-अलग फोन के लिए अलग-अलग चार्जर रखना एक रोज़ की परेशानी रही है।

## इंटेक्स ने होम अप्लायंसेज पोर्टफोलियो का विस्तार किया, कई नए उत्पादों की घोषणा

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख स्वदेशी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड्स में से एक इंटेक्स टेक्नोलॉजीज़ ने अपने होम अप्लायंसेज़ पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा की है। यह विस्तार भारत के तेज़ी से बढ़ते कंज्यूमर ड्यूरेबल्स बाज़ार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत बनाने की कंपनी की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।



एयर कूलर्स श्रेणी में अपनी मजबूत मौजूदगी के आधार पर इंटेक्स अब अपने होम अप्लायंसेज़ पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए विभिन्न प्रकार के पंखे बाजार में उतार रही है। इनमें डेकोरेटिव, ऊर्जा दक्ष BLDC, एग्जॉस्ट तथा TPW (टेबल, पेडेस्टल और वॉल) फैन शामिल हैं। इसके साथ ही कंपनी विभिन्न घरेलू जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग क्षमता वाले स्टोरेज और इंस्टेंट वॉटर हीटर (गीज़र) भी पेश कर रही है।

रसोई और रोजमर्रा के उपयोग में आने वाले उपकरणों की श्रेणी में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करते हुए इंटेक्स ने स्मॉल डोमेस्टिक अप्लायंसेज़ पोर्टफोलियो का भी विस्तार किया है। इसके तहत आयरन, मिक्सर ग्राइंडर, जूसर मिक्सर ग्राइंडर, एयर फ्रायर, इलेक्ट्रिक केतली और कुकटॉप जैसे उत्पाद पेश किए जाएंगे। कंपनी का कहना है कि सभी उत्पादों को डिज़ाइन, कार्यक्षमता और विश्वसनीयता को केंद्र में रखकर विकसित किया गया है। यह विस्तार इंटेक्स की उस रणनीति को दर्शाता है, जिसके तहत कंपनी घरेलू उपकरण कारोबार को व्यापक स्वरूप देना चाहती है, ताकि उपभोक्ताओं की मौसमी और रोजमर्रा की जरूरतों को एक ही ब्रांड के तहत पूरा किया जा सके। पूरक उत्पाद श्रेणियों में विस्तार के माध्यम से कंपनी का उद्देश्य उपभोक्ताओं को भरोसेमंद गुणवत्ता और बेहतर मूल्य वाले उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराना है।

यह पहल इंटेक्स के कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कारोबार में बनी मजबूत वृद्धि की रफ्तार को आगे बढ़ाने की दिशा में उठाया गया कदम है। वित्त वर्ष 2025-26 में स्मार्ट टीवी, एयर कंडीशनर और वॉशिंग मशीनों की मजबूत मांग के चलते कंपनी के कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कारोबार में 80 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की गई। इंटेक्स टेक्नोलॉजीज़ के निदेशक केशव बंसल ने कहा, 'हमारे कंज्यूमर ड्यूरेबल्स कारोबार में तेज़ वृद्धि इंटेक्स ब्रांड के प्रति उपभोक्ताओं के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। उपभोक्ताओं की बदलती आकांक्षाओं को देखते हुए हमें एक ऐसा व्यापक होम अप्लायंसेज़ पोर्टफोलियो तैयार करने का अवसर दिखाई देता है, जो किफायती कीमतों पर गुणवत्ता, विश्वसनीयता और बेहतर मूल्य प्रदान करे। पंखे, वॉटर हीटर और स्मॉल डोमेस्टिक अप्लायंसेज़ श्रेणियों में हमारा विस्तार इसी रणनीति का स्वाभाविक अगला कदम है। इससे हम उपभोक्ताओं की घरेलू जरूरतों की कहीं अधिक व्यापक रूप से पूर्ति कर सकेंगे। हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यह कारोबार इंटेक्स के लिए एक महत्वपूर्ण ग्रोथ ड्राइवर साबित होगा और भारत के बढ़ते कंज्यूमर ड्यूरेबल्स बाजार में हमारी स्थिति को और मजबूत करेगा।

## बाजार की मौजूदा धारणा से आगे अवसर तलाशने के उद्देश्य से लॉन्च हुआ बंधन कॉन्ट्रा फंड

**लखनऊ।** बंधन म्यूचुअल फंड ने आज बंधन कॉन्ट्रा फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो कॉन्ट्रेरियन निवेश रणनीति पर आधारित है। इस फंड का उद्देश्य उन मजबूत कंपनियों की पहचान करना है, जो सेक्टर से जुड़ी चिंताओं, चक्रीय चुनौतियों, व्यापक आर्थिक (मैक्रोइकॉनॉमिक) अनिश्चितताओं या मौजूदा बाजार धारणा के कारण अस्थायी रूप से निवेशकों की नजरों से दूर हैं, लेकिन समय के साथ उनकी कारोबारी स्थिति और बाजार की धारणा में सुधार होने पर उनके मूल्यांकन (री-रेटिंग) की संभावना हो सकती है।

इस फंड का न्यू फंड ऑफर सोमवार, 10 अगस्त से खुलेगा और 24 अगस्त तक निवेश के लिए उपलब्ध रहेगा। निवेशक बंधन कॉन्ट्रा फंड में निवेश अधिकृत म्यूचुअल फंड वितरकों, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स तथा सीधे बंधन म्यूचुअल फंड की वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं।

फंड के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए बंधन एसेट मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल कपूर ने कहा, 'बंधन कॉन्ट्रा फंड ऐसे समय में लॉन्च किया गया है, जब विभिन्न सेक्टरों के वैल्यूएशन में काफी अंतर देखने को मिल रहा है, जिससे चुनिंदा कॉन्ट्रेरियन निवेश के लिए आकर्षक अवसर बन रहे हैं। कई सेक्टर और कंपनियां मजबूत कारोबारी मॉडल, बेहतर आय (अर्निंग्स) की संभावनाओं और सुदृढ़ बैलेंस शीट के बावजूद अभी भी अपनी दीर्घकालिक क्षमता से कम मूल्यांकन पर कारोबार कर रही हैं। इस तरह का सेक्टोरल अंतर उन निवेशकों के लिए बेहतर अवसर प्रदान कर सकता है, जो बाजार की मौजूदा सोच से आगे बढ़कर निवेश करना चाहते हैं। बंधन कॉन्ट्रा फंड एक अनुशासित कॉन्ट्रेरियन निवेश ढांचे के साथ ग्रोथ-ओरिएंटेड दृष्टिकोण अपनाएगा, जिसका उद्देश्य मजबूत होते फंडामेंटल्स, आय में सुधार और भविष्य में संभावित री-रेटिंग का लाभ उठाना है।'

# अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने बस्ती मंडल की प्रस्तावित एवं संचालित परियोजनाओं की समीक्षा कर दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** नकटेश्वरनाथ धाम से लेकर संत कबीर की तपस्थली तक, बस्ती मंडल के प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी तेज हो गई है। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बस्ती मंडल की प्रस्तावित एवं संचालित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, विरासत संरक्षण और पर्यटक सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की लगभग 13 करोड़ रुपये लागत वाली 16 पर्यटन परियोजनाओं पर चर्चा हुई, जिनमें बस्ती की 7, संत कबीर नगर की 6 और सिद्धार्थनगर की 3 परियोजनाएं शामिल हैं। इनका उद्देश्य प्रमुख धार्मिक स्थलों का विकास और श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

**बस्ती, संत कबीर नगर और सिद्धार्थनगर के पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा :** बस्ती जनपद में सर्वाधिक सात पर्यटन परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इनमें नकटेश्वरनाथ धाम, शत्रुहंता हनुमान मंदिर, झारखंडेश्वर नाथ मंदिर, रामेश्वरनाथ शिव मंदिर और गौरैया मंदिर सहित अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के प्रस्ताव शामिल हैं। इन परियोजनाओं से जिले के धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है।

संत कबीर नगर में छह पर्यटन परियोजनाओं पर चर्चा हुई। इनमें दंडी स्वामी की तपस्थली, राम जानकी मंदिर, संत कबीर की ध्यानस्थली पर इंटरप्रिटेशन हॉल एवं दीर्घाओं का निर्माण, समया माता मंदिर और सिद्धनाथ गोरेश्वरनाथ मंदिर के विकास के प्रस्ताव शामिल हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य जिले की आध्यात्मिक विरासत को संरक्षित करते हुए श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर अनुभव उपलब्ध कराना है। सिद्धार्थनगर जनपद में प्राचीन सती माता मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर और शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास से जुड़े तीन प्रस्तावों की समीक्षा की गई। इन परियोजनाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

**1971 युद्ध के शहीदों की स्मृति को मिलेगा स्थायी स्वरूप :** संस्कृति विभाग की ओर से संत कबीर नगर में वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों की स्मृति में शहीद स्मारक विकसित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास को संरक्षित करना, नई पीढ़ी को देशभक्ति की प्रेरणा देना और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना है।

धर्मार्थ कार्य विभाग की ओर से सिद्धार्थनगर में 25 मंदिरों और 34 प्राचीन कुओं के सौंदर्यीकरण एवं विकास, संत कबीर नगर के हनुमान मंदिर और शिव मंदिर में सुविधाओं के विस्तार तथा बस्ती स्थित मखौड़ा धाम परिसर के सौंदर्यीकरण और मखौड़ा धाम से अयोध्या धाम तक 'श्री राम अवतरण कॉरिडोर' के विकास से जुड़े प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई।

## दुर्घटना को दावत दे रही सड़क किनारे उगी झाड़ियां

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** शुकुल बाजार - जगदीशपुर और शुकुल बाजार- रानीगंज मार्ग पर सड़क किनारे उगी घनी झाड़ियां तथा कई स्थानों पर खड़े सूखे पेड़ राहगीरों के लिए मुसीबत बन गए हैं। झाड़ियों के तेजी से फैलाव के कारण सड़क के मोड़ों पर सामने से आने वाले वाहनों की दृश्यता प्रभावित हो रही है। ऐसे में वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा हर समय बना रहता है। बरसात के मौसम में समस्या और भी गंभीर हो गई है। इन दोनों मार्गों से प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। स्कूली वाहन एंबुलेंस किसान और स्थानीय ग्रामीण भी इन्हीं रास्तों का उपयोग करते हैं। कई स्थानों पर झाड़ियां सड़क तक फैल जाने से वाहनों को पास देने में परेशानी होती है। वहीं सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ तेज हवा या बारिश के दौरान कभी भी गिर सकते हैं जिससे बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग द्वारा अब तक झाड़ियों की कटाई और सूखे पेड़ों को हटाने की कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।

# विद्यालय भ्रमण के दौरान शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी ने शिक्षकों की समस्याएं सुनी

- शिक्षकों का सम्मान सर्वोपरि- ई. आनंद पुष्कर

अवधनामा संवाददाता


शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी ई आनंद पुष्कर एवं अन्य शिक्षकगण

**सेवरही, कुशीनगर।** पड़ोसी प्रान्त बिहार के पश्चिमी चंपारण जिला स्थित सीमावर्ती प्रखण्ड ठकराहा के जीएमयू इंटर कालेज एवं मॉडल इंटर कॉलेज मलाही में शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी रहे ई आनंद पुष्कर ने शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। तथा उसके निदान के लिए सड़क से सदन तक आवाज उठाने की बात कही।

शनिवार को दोपहर में उक्त विद्यालय पहुंचे सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी प्रत्याशी ई आनंद पुष्कर ने शिक्षकों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी तथा उसके निदान के लिए हर संभव कोशिश करने की बात कही। इस दौरान प्रधानाध्यापक निखिल कुमार सिंह, रवि प्रकाश चौबे एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला पार्षद ओम प्रकाश राय ने विशिष्ट शिक्षकों की सेवा निरंतरता, बीपीएससी शिक्षकों की ऐच्छिक तबादला, समय से वेतन भुगतान, पुरानी पेंशन व्यवस्था सहित तमाम तरह की समस्या रखी।उन्होंने शिक्षकों के हर मुद्दे पर अपनी सहमति जताते हुए उसके लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि शिक्षक हित एवं शिक्षकों के सम्मान से कोई समझौता नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने क्लास रूम, शिक्षक सदन, पुस्तकालय, व्यायामशाला, प्रयोगशाला आदि का निरीक्षण कर विद्यालय हित से संबंधित तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षक संघ के शिक्षक नेता देवीदत्त मालवीय, सुधीर कुमार पाण्डेय, चंद्रभान तिवारी, रामेश्वर चौधरी, रूपेश पाठक, चंद्रशेखर राव, अभिषेक कुमार चौहान, अमित श्रीवास्तव, रणवीर कुमार, प्रेम शंकर उपाध्याय, अजीत कुमार,रवि प्रकाश चौबे, राघवेंद्र सिंह, सुधाकर यादव, दिलीप तिवारी, मुन्ना यादव, सेराज अंसारी, सुनील तिवारी, सत्येंद्र यादव, राहुल कुमार पाण्डे, राज गुप्ता, विज्ञानानंद मिश्रा, आशा सिंह, नीतू कुशवाहा, माला कुमारी, सरिता सिंह, आरती पटेल आदि मौजूद रहे।

# एफएलएन प्रशिक्षण में भारतीय ज्ञान परंपरा और गतिविधि आधारित शिक्षण पर हुआ मंथन

- शिक्षक प्रशिक्षण : दो बैचों में 100 शिक्षकों ने प्राप्त किया प्रशिक्षण
- अंग्रेजी विषय के अंतर्गत प्रशिक्षण और कार्यशाला के अंतर पर हुई विस्तृत चर्चा

अवधनामा संवाददाता


प्रशिक्षण को संबोधित करते एआरपी

**सेवरही, कुशीनगर।** बीआरसी दुदही पर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित एफएलएन प्रशिक्षण के प्रथम चक्र के चौथे दिन गुरुवार को भारतीय ज्ञान परंपरा और गतिविधि आधारित शिक्षण पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अंग्रेजी विषय के अंतर्गत प्रशिक्षण और कार्यशाला के अंतर को उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया गया। दो प्रशिक्षण कक्षों में 50-50 की संख्या में कुल 100 प्रशिक्षणार्थी अध्यापकों ने सहभागिता करते हुए विषय आधारित गतिविधियों में हिस्सा लिया।

एआरपी आमोद उपाध्याय ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, परिवेश और जीवन मूल्यों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। एआरपी राहुल सिंह ने कहा कि गतिविधि आधारित शिक्षण से बच्चों की भाषा दक्षता, अभिव्यक्ति क्षमता और सीखने की रुचि में स्वाभाविक वृद्धि होती है। एआरपी संतोष प्रसाद ने कहा कि स्थानीय ज्ञान, लोक परंपराओं और व्यवहारिक अनुभवों को कक्षा शिक्षण से जोड़ने पर अधिगम अधिक स्थायी और प्रभावी बनता है। एआरपी धर्मेंद्र यादव ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों से जोड़ना है, ताकि वे विद्यालयों में बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को और बेहतर बना सकें।

प्रशिक्षकों ने गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से विषय को सरल और प्रभावी ढंग से समझाया तथा विद्यालयी शिक्षण में भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया और विषय से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर रजनीश मिश्र, सुनील कुमार, आशीष मिश्र, उमेश कुमार सिंह, केदार गुप्ता, जनार्दन गुप्ता, मिथिलेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## पोखरी में बना आंगनबाड़ी केंद्र पांच साल बाद भी अधूरा, ग्रामीणों ने उठाए निर्माण और स्वीकृति पर सवाल

अवधनामा ब्यूरो

- बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता, निर्माण स्थल के चयन और धन के उपयोग की जांच की मांग

**कुशीनगर।** पडरौना विकास खंड के ग्राम पंचायत रहसू खुदरा के टोला खुदरा में प्राथमिक विद्यालय के पीछे पोखरी में निर्मित हो रहा आंगनबाड़ी केंद्र पिछले लगभग पांच वर्षों से अधूरा पड़ा है। वर्ष 2021 में शुरू हुआ निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका है। जिसके चलते भवन महिला एवं बाल विकास विभाग को हस्तांतरित भी नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण पूर्व ग्राम प्रधान के कार्यकाल में शुरू हुआ था।

निर्माण स्थल पोखरी के किनारे होने के कारण तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती गुंजन द्विवेदी ने खंड विकास अधिकारी पडरौना से रिपोर्ट तलब कर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी। उस समय बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए इस स्थान को अनुपयुक्त माना गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत चुनाव के बाद नई ग्राम पंचायत के कार्यकाल में आखिर किन परिस्थितियों में इस निर्माण को पुनः स्वीकृति प्रदान की गई है। यह जांच का विषय है। उनका कहना है कि भवन की छत डाली जा चुकी है और फाटक भी लगाए जा चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य अब भी अधूरा है। भवन के एक ओर प्राथमिक विद्यालय, दूसरी ओर सड़क तथा शेष दो ओर पोखरी होने से यहां आने वाले छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में कराए गए कई विकास कार्यों की गुणवत्ता और क्रियान्वयन पर पहले से सवाल उठते रहे हैं। उनका कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण भी बिना पर्याप्त सुरक्षा मानकों का ध्यान रखे कराया गया है। यदि केंद्र का संचालन शुरू होता है तो बच्चों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी।

# नियमित टीकाकरण को और प्रभावी बनाने की तैयारी, माइक्रोप्लान रिवीजन कार्यशाला आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**मथौली, कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक में गुरुवार को वर्ष 2026-27 के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों के माइक्रोप्लान की समीक्षा एवं संशोधन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्देश्य नियमित टीकाकरण की गुणवत्ता, पहुंच और प्रभावशीलता को और सुदृढ़ करना तथा सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर माइक्रोप्लान को व्यवहारिक रूप से लागू करने की प्रभावी रणनीति तैयार करना रहा। बैठक में टीकाकरण सत्रों की गुणवत्ता में सुधार, शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, छूटे हुए बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा टीकाकरण कवरेज बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश मद्धेशिया, डॉ. सुधीर तिवारी, हेल्थ सुपरवाइजर राकेश कुमार मद्धेशिया, बीपीएम सुनील कुमार, बीसीपीएम राजेश भारती, बीएचडब्ल्यू आदित्यनाथ सिंह, फील्ड मॉनिटर विपिन सिंह, अनुभव मिश्रा, आशुतोष शर्मा, प्रवीण शर्मा, जगन्नाथ शर्मा सहित सभी एएनएम एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए सभी स्वास्थ्यकर्मियों से माइक्रोप्लान के अनुरूप कार्य करने तथा प्रत्येक पात्र बच्चे और गर्भवती महिला तक नियमित टीकाकरण की सुविधा पहुंचाने का आह्वान किया गया।

## मारपीट मामले में तीनों आरोपी दोषमुक्त

**मुंशीगंज (अमेठी)।** स्पेशल ग्राम न्यायालय अमेठी ने संपत्ति विवाद को लेकर दर्ज मारपीट के एक मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद तीनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

अभियोजन के अनुसार वादी शंभूनाथ ने थाना अमेठी में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि संपत्ति के बंटवारे की रंजिश में शीला देवी श्यामा देवी पत्नी अमरनाथ तथा सरवनपुर उर्फ अखंड प्रताप यादव निवासी सूबेदार का पुरवा ने उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया।

विचारण के दौरान न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयान दर्ज किए। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अतुल यादव ने गवाहों से जिरह करते हुए अभियोजन के साक्ष्यों पर सवाल उठाए। अंतिम बहस के दौरान दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद स्पेशल ग्राम न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण किया और अभियोजन आरोपों को संदेह से परे सिद्ध न कर पाने के आधार पर तीनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

# मुख्यमंत्री से मिले कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक


सीएम से मिलते विधायक पीएन पाठक

अवधनामा ब्यूरो

- सपरिवार समेत अधिवक्ताओं के साथ सीएम से की मुलाकात

**कुशीनगर।** बुधवार को लखनऊ स्थित 5, कालिदास मार्ग मुख्यमंत्री आवास पर कुशीनगर विधायक पी.एन. पाठक ने सपरिवार एवं सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन कसया के पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान विधायक पी.एन पाठक ने क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा की। साथ ही कसया स्थित दिवानी न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) न्यायालय की स्थापना की मांग की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान मीनू पाठक, उत्कर्षिता पाठक, कुशाग्र पाठक, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन कसया के अध्यक्ष ओंकारनाथ पाण्डेय, महामंत्री अम्बरीष कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अमित कुमार राय, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह मौजूद रहे।

# निरीक्षण दल द्वारा किया गया संभावित बाढ़ प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत भ्रमण

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती ।** राहत आयुक्त/अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद के निर्देशों के क्रम में बुधवार को जनपद बस्ती में बाढ़ प्रबंधन संबंधी तैयारियों, राहत एवं बचाव कार्यों तथा समन्वय व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण दल द्वारा संभावित बाढ़ प्रभावित तहसील हर्रैया एवं बस्ती सदर के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान स्थापित बाढ़ शरणालयों एवं मॉडल बाढ़ शरणालयों का निरीक्षण किया गया तथा राहत किट के नमूनों का परीक्षण किया गया। साथ ही राहत एवं बचाव दलों की तैनाती, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता तथा बाढ़ प्रबंधन से संबंधित तैयारियों एवं कार्यवाहियों का स्थलीय मूल्यांकन किया गया। दल द्वारा तहसील हर्रैया के ग्राम बरसांव स्थित मॉडल बाढ़ शरणालय का भी निरीक्षण कर वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, राहत व्यवस्था एवं आपदा के समय शरणार्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान विकास खंड सल्टौआ गोपालपुर के ग्राम जिनवां का भी दौरा किया गया। राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार यह ग्राम 21 जुलाई को जलमग्न दर्शाया गया था, जबकि स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि गांव में 20 एवं 21 जुलाई दोनों दिनों में जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति विद्यमान थी। दल द्वारा समुदाय स्तर पर नाविकों, तैराकों एवं गोताखोरों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें 30वीं वाहिनी पीएसी (फ्लड पीएसी) के अधिकारियों एवं जवानों ने भी सहभागिता की। बैठक में संभावित बाढ़ की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों, स्थानीय समुदाय की भूमिका, समन्वय तथा आपदा के समय प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा तैयार पिछले 17 वर्षों के बाढ़ चेतावनी प्रतिवेदनों एवं बाढ़ आवृत्ति विश्लेषण पर आधारित पुस्तिका की जिलाधिकारी एवं अपर आयुक्त को भेंट की गई।

## स्काउटिंग समाज सेवा का सर्वोत्तम क्षेत्र : डॉ वीके वर्मा



**बस्ती।** स्काउटिंग समाज सेवा का सर्वोत्तम प्लेटफार्म, इसके माध्यम से समाज में जरूरत मन्दों के लिए बहुत कुछ किया जा सकता है यह विचार जिला चिकित्सालय में सेवा दे रहे और स्काउट गाइड के आजीवन सदस्य डा.वीके वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि बिगिनर्स कोर्स के प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को ध्वजारोहण और स्काउट गाइड प्रार्थना के साथ बिगिनर्स कोर्स की शुरूआत हुई, प्रतिभागियों को दी गई स्काउटिंग की शुरुआती जानकारी, भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था के स्काउट भवन सभागार में आयोजित बिगिनर्स कोर्स में जनपद के विभिन्न विद्यालय से आये हुए परिभागियों ने भी अपना विचार साझा किया। स्काउट कमिश्नर हरीराम वंसल, गाइड कमिश्नर संधिला चौधरी, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती सुषमा यादव, जिला सचिव भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था बस्ती लीडर ट्रेंनर डॉ कुलदीप सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड लीडर ट्रेनर सत्या पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सहायक लीडर ट्रेंनर अजय कुमार वर्मा ने स्काउटिंग की बारीकियों को प्रतिभागियों के बीच विस्तार पूर्वक रखा।

## फ्लोर मिलों पर खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान, गेहूं के आटे के दो नमूने जांच को भेजे



**कुशीनगर।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, जिलाधिकारी तथा सहायक आयुक्त (खाद्य)-II प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर जनपद में फ्लोर मिलों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने गोविंद फूड प्रोडक्ट्स, श्रीराम जानकी नगर, कसया का निरीक्षण कर गेहूं के आटे का एक नमूना तथा गंगोत्री फ्लोर मिल, मथौली रजवटिया (पोस्ट-बगही) से गेहूं के आटे का एक नमूना संग्रहित किया। दोनों नमूनों को गुणवत्ता जांच एवं विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अभियान के दौरान जनपद के कुल 13 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और दो खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए एकत्र किए। निरीक्षण टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल वर्मा, विजय कुमार यादव, धर्मराज शुक्ल एवं श्रीमती रंजनी मौर्या शामिल रहे।

## डीजे संचालकों के साथ बैठक कर थानाध्यक्ष ने दी हिदायत

**मुंशीगंज (अमेठी)।** श्रावण मास और कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए स्थानीय परतोष चौकी परिसर में बुधवार शाम डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने की। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने कहा कि उच्च न्यायालय एवं शासन के निर्देशों का हर हाल में पालन कराया जाएगा। बिना सक्षम अनुमति के किसी भी डीजे का संचालन नहीं होगा। अनुमति मिलने के बाद भी निर्धारित समय और तय मानकों के अनुरूप ही डीजे बजाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार के अश्लील भड़काऊ या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले गीत नहीं बजाए जाएंगे। यदि कोई संचालक आपत्तिजनक नारेबाजी या नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कुशीनगर में 21 ग्रामीण सड़कों के निर्माण को मिली मंजूरी

- पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 34.51 किमी सड़कें बनेंगी, सांसद विजय कुमार दूबे की पहल लाई रंग

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राहत भरी खबर है। सांसद विजय कुमार दूबे की पहल पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत जनपद के छह विकास खंडों में 34.51 किलोमीटर लंबी 21 ग्रामीण सड़कों के निर्माण को शासन ने मंजूरी दे दी है। इन सड़कों के बनने से करीब 100 गांवों के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी और गांव सीधे मुख्य मार्गों से जुड़ जाएंगे।

योजना के तहत विशुनपुरा ब्लॉक में पिपरा सिंघारा रोड से बाबा टोला, बड़हरा रजवाहा से बेलवा बाबूराम, विजय चौराहा से बड़हरी टोला, सूरजनगर रोड से खजुरिया चौरी टोला, पडरौना-बलकुड़िया मार्ग से चिरगोड़ा सेमरबारी नहर की पटरी, एनएच-727 से मुड़मुड़वा खास, मंसाछपरा-सूरजनगर मार्ग से दिक मियां के टोला, चिरगोड़ा उत्तर टोला से नोनियापट्टी तथा चैती मुसहरी पिच रोड से नौका टोला तक सड़कें बनाई जाएंगी।

इसी प्रकार हाटा ब्लॉक में फुरसतपुर से जमुनिया टोला, नहर पिच रोड से बैदौली महुआडीह, खजवा से छितौनी बांध तथा धरमपुर से रामपुर तक सड़क निर्माण होगा। कप्तानगंज ब्लॉक में सेमरा से छोटा टोला, कप्तानगंज-बनकटा मार्ग से पिपरामाफी स्कूल टोला, कप्तानगंज-पिपराइच मार्ग से सेंदुरिया होते हुए जगदीशपुर खास, पचार चौराहा से लमुहवा तथा सामली अकटहिया ुल से मेहदीपुर झगड़हिया टोला तक सड़कें स्वीकृत हुई हैं। इसके अलावा कसया ब्लॉक में देवरिया मार्ग से बटेसरा खास छोटा टोला, नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक में कठिनइया से खोचा टोला तथा पडरौना ब्लॉक में पचरुखिया रोड से फकिरहवा टोला तक सड़क निर्माण कराया जाएगा।

### ग्रामीण विकास हमारी प्राथमिकता

सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि भाजपा सरकार आमजन को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इन 21 सड़कों के निर्माण से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर बदलेगी और लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

# हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता

- जिले में तिरंगा रैली तिरंगा प्रदर्शनी पेंटिंग प्रतियोगिता सहित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**अमेठी।** हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में 06 अगस्त से 15 अगस्त तक तीन चरणों में हर घर तिरंगा अभियान-2026 चलाया जायेगा।

उन्होने बताया है कि जनपद में प्रथम चरण 06 अगस्त से 08 अगस्त तक द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त 2026 तक तथा तृतीय चरण 13 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक चलेगा। प्रथम चरण में स्कूलों की दीवारों और बोर्डो को तिरंगा से प्रेरित कला से सजाया जायेगा विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जायेंगी स्कूलों कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन सैनिकों एवं सिपाहियों को राखी एवं पत्र का प्रेषण किया जायेगा तथा सार्वजनिक स्थानों बाज़ारों को तिरंगा के रंगों को प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागों युक्त तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधि का आयोजन कराया जायेगा। द्वितीय चरण में तिरंगा महोत्सव के रूप में एक ही दिन तिरंगा मेला और भव्य तिरंगा म्यूज़िकल कॉन्सर्ट का वृहद आयोजन किया जायेगा। तिरंगा महोत्सव आयोजित किए जाने वाले प्रमुख स्थल पर तिरंगा मेला का भी आयोजन किया जाएगा। जनपद के पुलिस कर्मियों अर्धसैनिकबलों एनसीसी एनएसएस सिवल डिफैन्स होमगार्ड्स एवं खेल विभाग आदि के सहयोग से तिरंगा बाइक रैली तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया जायेगा। तिरंगा रैलियों/यात्राएँ: बृहद तिरंगे कपड़े के साथ तिरंगा रैलियों/यात्राओं का आयोजन सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों ब्लॉकों और पंचायतों में आयोजित किए जाएँगे जिनमें स्कूली बच्चों युवाओं और समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। तिरंगा और उससे सम्बन्धित वस्तुओं आदि की बिक्री को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करते हुए बाजारों में सौंदर्यपरक तिरंगा प्रकाश और सजावट किया जायेगा तथा जनपद में स्वयं सहायता समूहों पी0डी0एस0 दुकानों।खादी भंडारों और स्थानीय बाजार के वस्त्रालयों आदि के माध्यम से तिरंगा की बिक्री और वितरण का प्रबंधन किया जायेगा। इसी प्रकार उन्होने बताया है कि हर घर तिरंगा अभियान का तृतीय चरण में सभी शासकीय भवनों शैक्षणिक संस्थानों होटलों कार्यालयों बाँधों पुलों आदि पर ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी तथा नागरिकगण को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर उसे वेबसाइट अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा हेतु डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

■ विभागों को अधिग्रहण कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जिले में संचालित योजनाओं राष्ट्रीय राजमार्ग 927 जरवल से बहराइच चारलेन चौडीकरण, गोरखपुर शामली एक्सप्रेसवे, बहराइच बाईपास व सरयू नहर गैप्स के भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 927 के योजना प्रभावित 64 ग्रामों में अधिनिर्णय पारित किया जा चुका है। प्रतिकर भुगतान की कार्यवाही भूमि राशि पोर्टल पर पी.एफ.ए.एस. के द्वारा होना है। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि भुगतान की नवीन प्रक्रिया के सम्बन्ध में कार्यालय कर्मिकों जानकारी प्राप्त कराने हेतु विभाग से कहा गया है तथा यह भी अपेक्षा की गई कि योजना प्रभावित ग्रामों में भुगतान पूर्ण न होने तक कार्यालय में बनाये रखा जाये।

जिलाधिकारी श्री त्रिपाठी द्वाराएनएचएआई को निर्देशित किया कि भूमि राशि पोर्टल पर जरिये पीएफएमएस भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु एक एक्पर्ट को भुगतान पूर्ण होने तक नियुक्ति किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी नानपारा को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग सं0-927 पैकेज-3 बाराबंकी बहराइच सेक्शन कि.मी. 43.00 से 101.515 तक संरक्षित वन भूमि के सापेक्ष ग्राम पाठकपुरवा में उपलब्ध करायी गयी वन रोपण हेतु भूमि वन विभाग के नाम राजस्व अभिलेखों में नियमानुसार अकिंत कराये।

बैठक में एसडीएम कैसरगंज को निर्देशित किया गया कि प्रतिकर प्रभाजन हेतु उपलब्ध कराये गये ग्रामवार अंश निर्धारण आख्या जो पूर्ण नही है उन्हे पूरा कराया जाये तथा सरयू नहर के गैप्स निर्माण हेतु आपेक्षित 03 ग्रामों में भू-अर्जन हेतु प्रस्तावित भू-खण्डों की सत्यापन आख्या विशेष भूमि अध्यासि अधिकारी को शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा एनएचएआई के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन उपलब्ध नही कराया गया है या उपलब्ध कराये गये मूल्यांकन में संशोधन अपेक्षित है उसे पूर्ण कराया जाए तथा सक्षम प्राधिकारी को उपलब्ध कराये जिससे अधिनिर्णय की कार्यवाही वाधित न हो।

जिलाधिकारी द्वारा बहराइच गोण्डा बाईपास के निर्माण हेतु 08 ग्रामों की अधिग्रहीत भूमि के प्रतिकर भुगतान कब्जा हस्तांतरण तथा स्थल पर निर्माण कार्य की प्रति की समीक्षा की गयी। विशेष भूमि अध्यासि अधिकारी राजेश प्रसाद द्वारा अवगत कराया गया कि बहराइच गोण्डा बाईपास के निर्माण हेतु प्रभावित 08 ग्रामों में से 05 ग्रामों में प्रतिकर भुगतान खातोंदारो को किया जा चुका है विभाग को 02 ग्रामों की भूमि का कब्जा दिया जा चुका है। अवशेष 03 ग्रामों के प्रतिकर भुगतान की नोटिस जारी की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा अधि.अभि. लो.नि.वि. निर्माण खण्ड-1 को निर्देशित किया गया कि बहराइच गोण्डा बाईपास के कार्य में हुई प्रगति का प्रचार-प्रसार कराया जाय।

समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण लखनऊ, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग बहराइच, उप जिलाधिकारी सदर व कैसरगंज, सहायक अभियंता, निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग, बहराइच, तहसीलदार नानपारा, प्रतिनिधि वन विभाग बहराइच, सहायक अभियंता लघु सिचाई मौजूद रहे।

# फार्मास्यूटिकल एवं मेडिकल व्यवसाय से जुड़े करदाताओं के साथ बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** राज्य कर विभाग खण्ड-2, बहराइच द्वारा बुधवार को औषधि, फार्मास्यूटिकल, मेडिकल उपकरण एवं संबंधित उत्पादों के व्यापार से जुडे करदाताओं के साथ जीएसटी अनुपालन एवं जागरूकता संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में करदाताओं को जी.एस.टी. आर.-1 व 3बी समय से दाखिल करने, जी.एस.टी.आर.-2बी से आई.टी.सी. का मिलान, पात्र आई.टी.सी. का ही दावा करने तथा बुक ऑफ एकाउण्ट्स एवं जी.एस.टी. रिटर्न दाखिसल करने में आ रही तकनीकी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। फार्मास्यूटिकल व्यवसाय की विशेष प्रकृति को देखते हुए एक्सपायर मेडिसिन, सेल्स रिटर्न, क्रेडिट/डेबिट नोट्स, फ्री सैम्पल, बैच एक्सपायरी वाईस स्टाक, सही एच.एस.एन. एवं कर की दर, बी2बी/बी2सी आपूर्ति तथा ई-इनवायस, ई-पे बिल से सम्बन्धित अनुपालन बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त, राज्य कर खण्ड-2 अहमद यासिर द्वारा बताया गया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक कर अनुपालन को बढावा देना तथा व्यापारियों की व्यवहारिक समस्याओं का समाधान करना है। राज्य कर विभाग द्वारा सभी करदाताओं से समय से रिटर्न दाखिल करने एवं सही जी.एस.टी. अनुपालन सुनिश्चित करने की अपेक्षा करता है। इस अवसर पर बहराइच केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल व महासचिव मनोज बंसल, गाजी मेडिकल हॉल से सै. ताजुल हुदा, शौर्य मेडिकल्स से संजय अग्रवाल, नरसिंह फार्मा एवं सर्जिकल से अंकित बंसल, नीतिश फार्मा से राजेन्द्र पटवारी, रितेश फार्मास्यूटिकल्स से रितेश अग्रवाल एवं अन्य व्यापारी, सहायक आयुक्त राज्य कर, खण्ड-2 संदीप कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक आशुतोष सिंह व अमरीश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# संवादाता को धमकी देने वाले के खिलाफ मुकादम

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण के अन्तर्गत स्थित एस पी एम न्यूज के जिला सवादाता शिवा गुप्ता को फोन पर धमकी देने वाले के विरूध मामले की गम्भीरता को देखते हुए थाना दक्षिण पुलिस ने मुकादम दर्ज कर कड़ी जॉच आरम्भ कर दी हैं। पुलिस नें कहा है कि पत्रकार को धमकने वाले को बख्शा नही जाऐगा। ज्ञात हो कि एस पी एम न्यूज हमेशा सच को उजगार करते हुए भ्रष्टतत्र पर सावल उठाते हुए खोजी पत्रकारता करते आ रहा है। इसी कड़ी मे आज कल शहर मे बडे पैमने पर अवेध धधनें मे लिप्त लोग सम्बंधित विभगो से साठ गाठ करने सिर्ज अवैध कॉलोनिया जाती जा रही है बल्कि बडे पैमाने पर राजस्व की चोरी की जा रही है। उक्त सम्बधित खबरो के प्रकाशन से किसी असमाजिक तत्व ने एस पी एम न्यूज के जिला संवादाता को फोन पर जान से मारने की धमकी दी थी जिसको लेकर शिवा गुप्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पूरे घटाना क्रम से अवगत कराया मामले की गंभीरता को देखते हुए एस एस पी ने तत्काल थाना दक्षिण पुलिस को विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद थाना दक्षिण प्रभारी योगेंद्र पाल सिंह ने प्राप्त तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने स्पष्ट किया कि पत्रकारों को धमकी देने, उनके कार्य में बाधा डालने अथवा उनके साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार करने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# डीएम ने किया कांच उद्योग विकास केन्द्र का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ जलेसर रोड स्थित कांच उद्योग विकास केन्द्र का विस्तृत औचक निरीक्षण किया, यह केन्द्र सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र की आधुनिक टेस्टिंग लैब का बारिकी से अवलोकन किया, यहां कार्यरत् अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जनपद के विभिन्न कांच कारखानों में तैयार होने वाले कांच एवं उनके उत्पादों को परीक्षण के लिए यहां लाया जाता है, जहां उनकी मजबूती, रासायनिक संरचना एवं उच्च गुणवत्ता की जांच की जाती है। इसके साथ ही इस केन्द्र पर उद्यमियों और टेक्निशियनों व कारीगरों को आधुनिक प्रशिक्षण एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान भी किया जाता है, यहां पर जिलाधिकारी ने ग्लास कटिंग एवं डिजाइनिंग लैब का निरीक्षण किया, जहां उन्होने कारीगरों द्वारा कांच की तराशी, कटिंग और फिनीशिंग की सम्पूर्ण प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा, कारीगरो के उत्कृष्ट हुनर और कांच के उत्पादों में नई रचनात्मकता और निखार लाने की कला की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गुणवत्ता नियंत्रण और आधुनिक तकनीकी के समन्वय से फिरोजाबाद के कांच उद्योग को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयास निरंतर जारी रखें।

इसके पश्चात् जिलाधिकारी ने बी0के0जी0 ओवरसीज का स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इस इकाई में संचालित विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं का गहनता से अवलोकन किया, इस दौरान कारखाने में तैयार हो रहे डेकोरेटिंग ग्लास, क्रिसमस ग्लास एवं ड्रिंक वेयर उत्पादों के निर्माण की गुणवत्ता, कार्यप्रणाली तथा सुरक्षा मानकों का विस्तृत निरीक्षण किया, उन्होने निर्देश दिए कि ग्लास उत्पादों की फिनीसिंग और गुणवत्ता को अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया जाए, ताकि निर्यात एवं स्थानीय बाजार में प्रतिर्स्पधात्मक बढ़त हासिल हो सके। कारखानों में कार्यरत श्रमिकों एवं कारीगरों के लिए औद्योगिक सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और कार्यस्थल के वातावरण को सुरक्षित बनाने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आज श्रमिकों के हुनर और अद्भूत कला कौशल को देखकर अत्यंत प्रशंसा हो रही है, श्रमिकों के इसी कुशल कार्य और मेहनत के बदोलत ही फिरोजाबाद को पूरे विश्व में कांच उद्योग के रूप में जाना जाता है और इसकी एक विशिष्ट पहचान बनी हुई है। उत्पादक मालिकों से जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के पारम्परिक कांच उद्योग को आधुनिक दिशा देने और औद्योगिक विकास को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक प्रशासनिक सहयोग निरंतर प्रदान किया जाएगा।

# मृत्यु सहायता योजना बनी अनीता के लिए आर्थिक सहयोग

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** यह कहानी संघर्ष की है, सफलता की है, सहयोग की है, जब शासन और प्रशासन द्वारा इस बात का प्रयत्न किया जाता है कि जनता के हर कठिन समय में उनके साथ दिया जाए तो सामान्य जनता की बड़ी से बड़ी कठिनाइयां भी दूर हो जाती हैं, यह कहानी अनीता की है, जिसके जीवन में उस समय कठिनाइयों का तूफान आ गया, जब पति का साया सिर से उठ गया, निर्माण मजदूर पति की मृत्यु के बाद घर की आर्थिक स्थिति पूरी तरह छिन्न-भिन्न हो गई, एक तरफ परिवार के भरण-पोषण की चुनौती थी, तो दूसरी तरफ बेटी की शादी और आजीविका की चिंता। ऐसे कठिन समय में ''उत्तर प्रदेश सरकार की निर्माण कामगार दिव्यंता'' व ''मृत्यु सहायता योजना'' अनीता के जीवन में बड़ा सहारा बनकर आई, सहायक श्रमायुक्त कार्यालय से मिली सही जानकारी और मार्गदर्शन के बदौलत अनीता को इस योजना के अंतर्गत 2 लाख 25 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, साथ ही अंतिम संस्कार हेतु रू0 25 हजार की त्वरित आर्थिक मदद भी मिली। इस धनराशि ने न केवल अनीता को संबल दिया, बल्कि उनके सपनों को भी पंख दिए, आर्थिक तंगी के कारण बेटी की शादी के लिए अनीता ने इस राशि से नवंबर माह में स्वाभिमान के साथ बेटी के हाथ पीले करने का मार्ग प्रशस्त हुआ, अनीता ने इस सहायता से चूड़ी बनाने का स्थानीय कार्य भी शुरू किया, जिससे वह आज अपनी जीविका सम्मानपूर्वक चला रही हैं। योजना का लाभ बिना किसी बिचौलिए के सीधे और पारदर्शी तरीके से मिलने पर अनीता भावुक हो गई वह कहती हैं जब जीवन में चारों ओर अंधेरा था, तब इस सरकारी सहायता ने मुझे फिर से खड़ा होने का अवसर दिया, उन्होंने इस मानवीय संवेदनशीलता पारदर्शी कार्य प्रणाली के लिए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा का कोटि-कोटि धन्यवाद हृदय से अर्पित किया।

# जलभराव और कीचड़ से वार्ड-22 के लोग बेहाल

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड-22 में जलभराव और सड़क पर फैले कीचड़ से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। क्षेत्रवासियों ने एकत्र होकर नगर पालिका पर अनदेखी का आरोप लगाया और जल्द समाधान की मांग की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने और सभासद को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। उनका आरोप है कि नालियों की सफाई के बाद निकाला गया कूड़ा भी सड़क पर डाल दिया गया, जिससे रास्ता और अधिक खराब हो गया है। आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं और छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि जलभराव के कारण बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। वहीं बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य लोग भी घर से बाहर निकलने में परेशानी का सामना कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पिछले करीब दो वर्षों से सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। मौके पर पहुंचे लोकहित संघर्ष संगठन के संरक्षक संजय प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि वार्ड-22 के लोगों की समस्या गंभीर है और इसे संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका क्षेत्र की कई गलियां बदहाल हैं। कई बार ज्ञापन देने के बावजूद सफाई, जलनिकासी और सड़क मरम्मत जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। इस दौरान सचिन जैन, दिनेश चंद्र, मेघ सिंह, सोनू, अजीत सिंह, सत्यवती, पूनम, के. श्री राजे, सावित्री देवी, राहुल, दीप्ति जैन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। वहीं लोकहित संघर्ष संगठन की ओर से संरक्षक संजय प्रताप सिंह एडवोकेट, जिला अध्यक्ष महेंद्र बघेल, नगर अध्यक्ष वीरेंद्र तथा अधिवक्ता मोर्चा के जिला महामंत्री योगेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# शिक्षा एवं दीक्षा का सही अर्थ समझें छात्र : कमल नयन

अवधनामा संवाददाता




**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर परिसर स्थित इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए चल रहे दीक्षारंभ 2026 कार्यक्रम के पांचवें दिन कार्यक्रम में जिले के प्रख्यात साहित्यकार एवं एक पत्रिका के सम्पादक कमल नयन पान्डेय ने छात्र छात्राओं को शिक्षा एवं दीक्षा के वास्तविक मर्म के बारे में समझाया द्य इंजीनियरिंग संकाय के डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह ने कमल नयन पान्डेय का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया । अपने सम्बोधन में कमल नयन पान्डेय ने शिक्षा एवं दीक्षा के महत्व, एक अनुशासित छात्र कैसे बनें तथा एक आदर्श अध्यापक के गुणों पर प्रकाश डाला द्य उन्होंने छात्रों को बताया कि अपनी रुचि के अनुसार बिना किसी दबाव में आए छात्र छात्राओं को अपना अध्ययन करना चाहिए तभी उन्हें सफलता मिलेगीद्य कार्यक्रम संयोजक सैनुद्दीन ने उपस्थित अतिथि का स्वागत कियाद्य कार्यक्रम के अन्त में संचालन कर रहे मनोज भार्गव ने सभी विद्वज्जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।


**भारत सरकार : रेल मंत्रालय**
**अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन**
**मानक नगर, लखनऊ-226011**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति**

'रेल मंत्रालय, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (RDSO), सिकंदराबाद, भारत, कवच प्रणाली के स्वचालित सिस्टम स्तरीय कार्यात्मक परीक्षण हेतु सिस्टम रिक्वायरमेंट स्पेसिफिकेशन एवं जनरिक टेस्ट बेंच के विकास के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है। उक्त कार्य में भाग लेने के इच्छुक फर्मों/संगठनों से अनुरोध है कि विस्तृत विवरण हेतु RDSO की वेबसाइट www.rdso.indianrailways.gov.in के होम पेज पर लाल रंग में प्रदर्शित 'EOI' अनुभाग का अवलोकन करें।'

Ro No. 21/2026-27/S&T/ Sccunderabad/
EOI/07 दिनांक : 06.08.2026


# टूटी पुलिया से स्कूल पहुंचना बना खतरे का सफर

■ छात्रों की सुरक्षा पर मंडरा रहा हादसे का साया

अवधनामा संवाददाता



**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** शारदा सहायक खण्ड-16 की तुलसीपुर माइनर पर स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय आछरपुर /ऐंजर को जोड़ने वाली पुलिया जर्जर होकर फर्श पर बड़ा भाग टूट गया है। विभाग द्वारा पुलिया के दोनों किनारों पर केवल ईंटों का अस्थायी बॉर्डर बनाकर छोड़ दिया गया है, जिससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। यह मार्ग प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों के साथ-साथ प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं के आवागमन का प्रमुख रास्ता है। जर्जर पुलिया से होकर गुजरना बच्चों के लिए किसी खतरे से कम नहीं है। पुलिया की टूटी हुई स्थिति को देखते हुए हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बरसात के मौसम में यह खतरा और भी बढ़ जाता है, जिससे अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार में चिंता व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिया का पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने विभाग पर केवल खानापूर्ति करने का आरोप लगाते हुए स्थायी समाधान की मांग की है। स्थानीय नागरिक तेज बहादुर तिवारी, संतोष उपाध्याय, शिवाकांत पांडेय, राकेश कुमार तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक संत कुमार एवं सहायक अध्यापक अरुण कुमार ने जिलाधिकारी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से जनहित एवं छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जर्जर पुलिया का शीघ्र पुनर्निर्माण कराने की मांग की है, ताकि स्कूली बच्चों और ग्रामीणों का आवागमन सुरक्षित हो सके।

# विधायक विवाद में नए ऑडियो ने मचाई हलचल

अवधनामा संवाददाता

■ भद्र भाइयों को लेकर हुई बातों का ओडियो वायरल

**सुल्तानपुर।** जिले के शहर विधायक व महिला विवाद में लगातार नए नए खुलासे हो रहे है। प्रतिदिन एक नया ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। मामले में अभी तक न विधायक की तरफ से कोई प्रतिक्रिया सामने आई है और न ही महिला जिले की मीडिया के सामने आ रही है। बता दे कि बीते तीन दिनों से ऑडियो वीडियो बम ने जिले की राजनीति में हलचल मचा दी है। लगातार एक के बाद एक ऑडियो वायरल होने के बाद शहर विधायक की मुश्किले बढ़ती नजर आ रही है।वही गुरुवार को वायरल हुए ऑडियो जिले में नए विवाद को जन्म दे दिया है। वायरल ऑडियो में विधायक किसी महिला से यह कहते हुए नजर आ रहे है कि हमारे यहां सोनू, मोनू है उनसे मैने दुश्मनी इस बात को सोच कर की कि वह मेरी हत्या करा सकते है और उनकी हत्या करवाने के लिए भी हमने बात की थी तुमसे शेयर कर रहा हूं। फिर हमने सोचा कि पहले वे आक्रमण करे इसके बाद तो मैं इन्हें नेस्तनाबूद तो कर ही दूंगा।और उनको मैंने उनके घर में बैठा दिया उनकी जमीन की खरीदारी, ब्लॉक से जो करोड़ो रुपये लेते थे वह खत्म कर दिया विधायक है नहीं,तीन भट्ठे थे वह भी बंद करवा दिए अब उनके पास कमाई का कोई जरिया नहीं है। हालांकि वायरल ऑडियो पुष्टि फॉरेसिंक जांच द्वारा ही हो सकती है कि वायरल ऑडियो विधायक का ही है या स्क्रिप्टेड है। वायरल ऑडियो के संबंध में जब पूर्व प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी बाहर है एक दो दिन में प्रेस वार्ता करके जवाब देंगे।


**नोटिस बनाम**

आम जनता हस्ब आदेश 1 नियम 8 जाब्ता दिवानी के परन्तुक-7 के अनुसार अदालत मा.सिविल जज, जूनियर डिवीजन(हवाली)सहारनपुर प्रकीर्ण वाद 200 सन् 2026...1- धीर सिंह पुत्र बुद्ध सिंह 2- रवि कुमार पुत्र ओम सिंह 3- रविन्द्र पुत्र भोपाल सिंह, निवासीगण ग्राम झबीरन, प. सरसावा, तहसील नकुड, जि. सहारनपुर (वादीगण)..

बनाम..1- अजय कुमार 2- प्रमोद कुमार 3- सतेन्द्र कुमार पुत्र गण श्री बीरम सिंह समस्त निवासीगण झबीरन, प. सरसावा, तहसील नकुड, ज़ि. सहारनपुर (विपक्षीगण)....

जो कि वादीगण ने सम्बन्धित निषेधाज्ञा की सहायता हेतू विपक्षी गण के विरूद्ध वाद संस्थित किया है (दावा हाजा अन्तर्गत आदेश 1) नियम 8 जाब्ता दिवानी के तहत न्याया. में प्रस्तुत करके उक्त प्रावधान के अन्तर्गत मा. न्याया. की अनुमति दि.4-8-9026 को प्राप्त करली है वाद उक्त आदेश 1 नियम 8 जाब्ता दिवानी के अन्तर्गत आम जनता के हितो की रक्षार्थ चल रहा है अतः यदि किसी व्यक्ति को इस पर कोई उज़्र हो या किसी का हित निहित होतो दि.10-8-26 को मेरे न्यायालय के समक्ष हाजिर होकर जवाब देही करे उसी दिन उसकी सुनवाई होगी (तफसील जायदाद).खसरा नं. 499 रकबई 0.1430 है0 वाके ग्राम झबीरन, प. सरसावा, तहसील नकुड, ज़ि. सहारनपुर। आज दि.5/8/26 को मेरे हस्ता. व मुहर अदालत से जारी किया गया।

**आज्ञा से... मुन्सरिम... सिविल जज, जू. डि. , हवाली, सहारनपुर।**



**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12174-SLR-R1-MBDP-LTT-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.07.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.08.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.08.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.07.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.08.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.08.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.07.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.08.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.08.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.07.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.08.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.08.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14233-SLR-F1-PYGS-MUR-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.07.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.08.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.08.2026 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14207-SLR-F1-MBDP-DLI-26-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.07.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.08.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.08.2026 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12144-SLR-R1-SLN-LTT-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 28.07.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लॉट) | 14.08.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.08.2026 at 12:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2721/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती।**

**ई-निविदा सूचना, दिनांक - 06.08.2026**

**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. ई- निविदा सं0 19/वि0पा0मं0 (ब0)/2026-27 :- विद्युत प्रेषण खण्ड-प्रथम/ द्वितीय, बस्ती के अन्तर्गत विभिन्न 400/220/132 के0वी0 उपकेन्द्रों पर स्थापित परिवर्तकों के ऑयल टेस्टिंग करने के सम्बन्ध में। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 4500.00 मात्र।
2. ई- निविदा सं0 20/वि0पा0मं0 (ब0)/ 2026-27 :- विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न 220/132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित 220/132 के0वी0 सी0टी0 एवं पी0टी0 का पी0डी0 एवं टैन डेल्टा टेस्ट के सम्बन्ध में। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 590.00 एवं धरोहर धनराशि रू0 11000.00 मात्र।

ई-निविदा सं0- 19 एवं 20 की अन्तिम तिथि- 01.09.2026 समय 13:00 बजे।

ई-निविदाओं से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट - https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

पत्रांक : 1033/वि.पा.मं. (ब.)/ई- निविदा सं. 19,20 2026-27 दिनांक : 06.08.2026

**अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत पारेषण मण्डल**
**बस्ती**

# शिक्षक को 'विद्यावाचस्पति' की मानद उपाधि

**वहाज अली 'निहाल'**

**इटावा।** जनपद इटावा के शिक्षक और वर्तमान समय में स्टेट रिसोर्स ग्रुप समग्र शिक्षा के सदस्य राम जनम सिंह को विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ की विद्यावाचस्पति की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। जब कोई शैक्षिक संस्था किसी शिक्षक, लेखक या शिक्षाविद् को सम्मानित करती है, तो वह उसके व्यक्तित्व गौरव से आगे बढ़कर शिक्षा और समाज के प्रति उसकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को भी मान्यता देती है। इसी दृष्टि से विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ द्वारा श्री राम जनम सिंह को 'विद्या वाचस्पति' की मानद उपाधि प्रदान किया जाना भारतीय शिक्षा-जगत में एक सार्थक और विचारणीय घटना है। राम जनम सिंह का कार्यक्षेत्र केवल विद्यालयी शिक्षण तक सीमित नहीं रहा है। उन्होंने शिक्षा को समाज, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखने और उसे व्यवहार में उतारने का निरंतर प्रयास किया है। उनके शैक्षिक योगदान की औपचारिक पहचान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त 2017 के राज्य शिक्षा पुरस्कार के रूप में पूर्व में हो



■ इटावा के शिक्षक राम जनम सिंह हुए सम्मानित

चुकी है। यह सम्मान उनके नवाचारी शिक्षण, शैक्षिक नेतृत्व और विद्यार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण का संस्थागत प्रमाण है। उनकी कार्ययात्रा का एक महत्वपूर्ण पक्ष उत्तर प्रदेश राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT), उत्तर प्रदेश के लिए शैक्षिक फिल्मों के निर्माण से भी जुड़ा है।

बदलते समय में दृश्य-श्रव्य माध्यमों को शिक्षण का प्रभावी उपकरण बनाने की दिशा में उनका यह योगदान उल्लेखनीय है। शिक्षा को कक्षा की चारदीवारी से बाहर निकालकर अधिक जीवंत, रोचक और प्रभावी बनाने की यह पहल नई शिक्षा नीति की भावना के भी अनुरूप है। शिक्षक-प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी उनका योगदान विशेष उल्लेख का विषय है। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए शिक्षण मॉड्यूल का लेखन और विकास किया, जिनका उद्देश्य शिक्षकों को अधिक प्रभावी, सहभागी और नवाचारी शिक्षण-पद्धतियों से परिचित कराना है। यह कार्य केवल सामग्री-लेखन नहीं, बल्कि विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक गंभीर शैक्षिक हस्तक्षेप है। फिल्म निर्माण एवं निर्देशन में भी वे तमाम पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त कर चुके हैं जिसमें स्वच्छता अभियान के लिए फिल्म बनाने पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा किया गया सम्मान भी शामिल है। लेखन के क्षेत्र में भी राम जनम सिंह की सक्रियता उल्लेखनीय है। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पुस्तकों का लेखन किया है। उनका लेखन भाषा की सीमाओं से ऊपर उठकर शिक्षा, भारतीय संस्कृति, अध्यापन, व्यक्तित्व निर्माण और सामाजिक चेतना जैसे विषयों को केंद्र में रखता है। द्विभाषिक लेखन उनकी व्यापक बौद्धिक दृष्टि और विविध पाठक-वर्ग तक पहुँचने की क्षमता का परिचायक है।

# 9 से 17 अगस्त तक चलेगा 'हर घर तिरंगा अभियान'

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देश पर जनपद में 9 से 17 अगस्त 2026 तक 'हर घर तिरंगा अभियान' व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। इस वर्ष अभियान को 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष के स्मरणोत्सव को समर्पित किया गया है।

अभियान का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति और जनसहभागिता को बढ़ावा देना है। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को शासन के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों को प्रभावी एवं गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक संगठनों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अभियान के दौरान जिले में तिरंगा रैली, तिरंगा कॉन्सर्ट, स्वतंत्रता दिवस समारोह, तिरंगा प्रदर्शनी, राष्ट्रीय ध्वज वितरण, तिरंगा थीम पर रंगोली व कलाकृतियां, प्रकाश सज्जा, तिरंगा सेल्फी अभियान तथा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन भी कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करें तथा कार्यक्रमों के फोटो और वीडियो 'हर घर तिरंगा' पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज संहिता का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने और आमजन को ध्वज फहराने के नियमों के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) तथा शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) के स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तिरंगों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

## 11 अगस्त को कुछेछा में लगेगा वृहद रोजगार मेला

**हमीरपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत 11 अगस्त (मंगलवार) को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुछेछा में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें प्रदेश और प्रदेश के बाहर की कई प्रतिष्ठित निजी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि मेले में विभिन्न पदों के लिए कंपनियां अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर पात्र उम्मीदवारों का चयन करेंगी। इससे जनपद के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे rojgaarsan gam.up.gov.in पोर्टल पर पंजीकरण एवं आवेदन करने के बाद रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियां, बायोडाटा तथा पासपोर्ट आकार के नवीनतम फोटो साथ लेकर आएं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि रोजगार मेले में चयन की पूरी प्रक्रिया निशुल्क होगी और किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# दुग्धशाला विकास विभाग के स्वर्ण जयंती वर्ष पर डेयरी कॉन्क्लेव

**अवधनामा संवाददाता**

■ 17 लाभार्थियों को मिले चयन पत्र

**हमीरपुर।** दुग्धशाला विकास विभाग के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 'दुग्ध स्वर्ण महोत्सव' के तहत विकास भवन स्थित कल्पवृक्ष सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय डेयरी कॉन्क्लेव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पशुपालकों को आधुनिक डेयरी प्रबंधन, उन्नत नस्ल के पशुपालन, वैज्ञानिक तकनीकों और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने पशुपालकों से वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की। कॉन्क्लेव में पशु चिकित्सकों और बेलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के विशेषज्ञों ने उन्नत नस्ल के पशुओं का पालन, संतुलित आहार, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पादन पर जानकारी दी। नोडल अधिकारी भूपत सिंह ने मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना की पात्रता, उद्देश्य और लाभों की जानकारी देकर अधिक से अधिक पशुपालकों से योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया। कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों तथा लीड बैंक के प्रबंधक ने डेयरी व्यवसाय को स्वरोजगार और आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए बैंकिंग सुविधाओं और वित्तीय सहायता की जानकारी दी। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 में ई-लॉटरी के माध्यम से चयनित 28 आवेदकों में से 17 लाभार्थियों को मुख्य विकास अधिकारी ने चयन पत्र एवं अनुमति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में दुग्ध संघ पराग, बेलिनी डेयरी और लीड बैंक की ओर से जागरूकता स्टॉल भी लगाए गए, जहां पशुपालकों को पशु बीमा, दुग्ध विपणन और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लिया।

## अतर्रा के पुराने बस स्टैंड के पुनर्निर्माण की मांग तेज, विधायक ओममणी वर्मा ने परिवहन मंत्री को सौंपा पत्र

**नरैनी/बांदा (अवधनामा संवाददाता)** नरैनी विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख नगर अतर्रा के वर्षों पुराने एवं जर्जर बस स्टैंड के पुनर्निर्माण की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में नरैनी विधायक ओममणी वर्मा ने उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को पत्र सौंपकर बस स्टैंड के शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में कहा कि अतर्रा बुंदेलखंड का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक एवं आवागमन केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन होता है।



इसके बावजूद नगर का पुराना बस स्टैंड लंबे समय से जर्जर अवस्था में है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बरसात के दिनों में जलभराव और मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण यात्रियों की परेशानी और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड का पुनर्निर्माण अतर्रा नगर के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए बस स्टैंड के निर्माण से यात्रियों को बेहतर एवं सुरक्षित परिवहन सुविधाएं मिलेंगी, यातायात व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित होगी तथा स्थानीय व्यापार और रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। विधायक ओममणी वर्मा ने विश्वास जताया कि परिवहन मंत्री जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए जल्द ही बस स्टैंड के पुनर्निर्माण को स्वीकृति प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे अतर्रा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और नगर के विकास को नई दिशा एवं नई पहचान प्राप्त होगी।

# वीबी-ग्राम जी अभियान की प्रगति की सीडीओ ने की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती नेहा ब्याडवाल की अध्यक्षता में वीबी-ग्राम जी (विकसित भारतदूग्राम जी) अभियान एवं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास खंडवार अभियान के विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में ग्राम पंचायतों के सर्वेक्षण, पात्र लाभार्थियों के चिन्हांकन, आयुष्मान भारत योजना, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तिकरण, अपूर्ण कार्यों, लंबित प्रकरणों तथा विकास



■ पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश
■ स्वयं सहायता समूहों और आजीविका योजनाओं की समीक्षा

खंडवार प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं विस्तार, पात्र परिवारों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने, जीरो पॉवर्टी अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक क्रेडिट लिंकेज, सामुदायिक निवेश निधि, रिवॉल्विंग फंड, लखपति दीदी अभियान, विद्युत सखी, कृषि मित्र, प्रेरणा कैंटीन तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सहित अन्य आजीविका कार्यक्रमों की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वीबी-ग्राम जी अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें योजनाओं से पूर्णतः संतृप्त करना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा ग्राम स्तर पर नियमित अनुश्रवण करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने समीक्षा के दौरान जिन विकास खंडों एवं योजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाई गई, उनमें विशेष अभियान चलाकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही स्वयं सहायता समूहों से अधिकाधिक पात्र परिवारों को जोड़ने, बैंक खाते खोलने, बैंक क्रेडिट लिंकेज एवं सामुदायिक निवेश निधि वितरण में प्रगति बढ़ाने, लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण, डाटा की शुद्धता एवं गुणवत्ता बनाए रखने तथा प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा कर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला मिशन प्रबंधक, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, सभी खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिशासी अधिकारी ने निरीक्षण कर सामग्री की गुणवत्ता देखी

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे में नगर पंचायत की ओर से निर्माणाधीन कार्यों का अधिशासी अधिकारी ने औचक निरीक्षण करके निर्माण सामग्री अवलोकन करके ठेकेदारों को मानक अनुसार सामग्री उपयोग करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश चंद्र आर्य ने नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने



स्टेशन मार्ग में बन रही नाली में लगने वाली सामग्री की गुणवत्ता को परखा और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सामग्री का उपयोग स्टीमेट में स्वीकृत सामग्री के अनुसार ही किया जाए। गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी के इस कदम से ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है।

## सीपीआर देकर घायल की बचाई जान, रिक्रूट आरक्षी आदर्श मिश्रा सम्मानित



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की समय रहते सीपीआर (CPR) देकर जान बचाने वाले रिक्रूट आरक्षी आदर्श मिश्रा को पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने गुरुवार को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार, 5 अगस्त की रात थाना सुमेरपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के बाद घायलों को जिला अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में ड्यूटी के दौरान एक घायल की अचानक तबीयत बिगड़ने पर रिक्रूट आरक्षी आदर्श मिश्रा ने बिना देर किए सीपीआर देकर उसकी सांसें बहाल कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस त्वरित और मानवीय प्रयास की चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा मौके पर मौजूद लोगों ने सराहना की। गुरुवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने आदर्श मिश्रा को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आदर्श मिश्रा की सूझबूझ, त्वरित निर्णय क्षमता, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय संवेदनशीलता पुलिस बल के लिए प्रेरणादायक है तथा ऐसे कार्यों से पुलिस की सकारात्मक और संवेदनशील छवि मजबूत होती है। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक भी उपस्थित रहे।

# सड़क नहीं, मौत का रास्ता!' अलीगढ़-इटोली मार्ग पर हर कदम खतरा

■ तालाब में समाई सड़क; क्या किसी बड़े हादसे का इंतज़ार है

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम, हरदोई।** विकास के दावों के बीच अलीगढ़ से इटोली जाने वाला संपर्क मार्ग अपनी बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रहा है, जिसे देखकर कोई भी हैरान रह जाए। बरसात के बाद सड़क पर इतना जलभराव हो गया है कि यह सड़क कम और तालाब अधिक दिखाई देती है। कई जगह सड़क का हिस्सा पानी में समा चुका है, जिससे हर दिन जान जोखिम में डालकर लोगों को आवागमन करना पड़ रहा है। इसी मार्ग से इटोली, उत्तमपुरवा, पेनौड़ी और नऊपुरवा सहित आसपास के गांवों के लोग रोज़ गुजरते हैं। सबसे अधिक चिंता उन मासूम स्कूली बच्चों की है, जिन्हें इसी खतरनाक रास्ते से होकर स्कूल जाना पड़ता है। ज़रा सी चूक किसी बड़े हादसे का कारण बन



सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क की दुर्दशा को लेकर कई बार समाचार प्रकाशित और प्रसारित किए जा चुके हैं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह 'आशू' ने इस मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव विधानसभा में रखा है। अब लोगों को उम्मीद है कि यह प्रस्ताव जल्द धरातल पर उतरेगा और वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान होगा। क्षेत्रवासियों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम को देखते हुए इस मार्ग का तत्काल निर्माण कराया जाए। लोगों का कहना है कि सड़क बनने में और देरी हुई तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा पूरे क्षेत्र को झकझोर सकता है।

# एस.एम.जी.आई.की शिवानी एवं अनु ने डी. फार्मा में किया टॉप

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में अध्ययनरत् डी.फार्मा के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों ने विगत् वर्षों की भाँति इस बार भी अपनी श्रेष्ठता साबित की है। एस.एम.जी.आई.के फार्मेसी विभाग की होनहार छात्रा शिवानी सिंह ने 76.6 प्रतिषत अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त कर अपने संस्थान का गौरव बढ़ाया है। उक्त परीक्षा परिणामों की विस्तृत जानकारी देते हुए एस.एम.जी.आई.के डायरेक्टर डा. उमा शंकर शर्मा ने बताया कि इस बार भी एस.एम.जी.आई.का बी.टी.ई. बोर्ड लखनऊ का डी.फार्मा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। डी.फार्मा प्रथम वर्ष में शिवानी सिंह ने 76.6 प्रतिषत अंकों के साथ प्रथम, अर्चना ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, रिषभ यादव ने 74.9 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, रितिका तिवारी ने 74.5 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ



एवं अश्वनी कुमार ने 74 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया है। डी.फार्मा द्वितीय वर्ष में अनु कुमारी ने 73.75 प्रतिषत अंकों के साथ प्रथम, कु.सिम्मी ने 73.1 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, सचिन कुमार ने 72.7 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, ललित यादव ने 71 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ एवं आलोक यादव ने 70.1 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त किया है। संस्थान के इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने संस्था के डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा सहित समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सोनभद्र में पंचायत उत्सव भवन निर्माण को मिली प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति

**सोनभद्र।** जनपद की ग्राम पंचायतों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने विकास खंड रॉबर्ट्सगंज की ग्राम पंचायत अरंगी में पंचायत उत्सव भवन के निर्माण कार्य हेतु 141.00 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह निर्माण कार्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य पूरी तरह पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न हो। कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड लगाया जाएगा तथा निर्माण कार्य की प्रारंभ, मध्य एवं अंतिम चरण की जियो-टैगिंग कराई जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का नियमित अभिलेखीकरण किया जाए तथा स्वीकृत डीपीआर एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप ही निर्माण कराया जाए।

## कंप्यूटर थिंकिंग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षकों को अनिवार्य : डॉ. एन.के. शर्मा



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय के पूर्व अधिष्ठाता डॉक्टर एन के शर्मा को प्रतिष्ठित विद्यालय दिल्ली पब्लिक स्कूल में कंप्यूटेशन थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित वर्कशॉप में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉक्टर शर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर वर्कशॉप का उद्घाटन करते हुए अपने संबोधन में शिक्षकों को कंप्यूटेशन थिंकिंग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता में पारस्परिक संबंध को विस्तार से बताते हुए शिक्षकों से आह्वान किया कि वह स्वयं एवं अपने छात्रों को इस टेक्नोलॉजी की उपयोगिता के बारे में अवगत कराते हुए विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें साथ ही उन्होंने कंप्यूटेशनल थिंकिंग के चार मुख्य स्तंभों को बहुत ही आसान उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक में कंप्यूटेशनल थिंकिंग के महत्व को विस्तार से समझाया एवं शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे अपने एक्सपर्ट डोमेन में ए आई टूल्स का प्रयोग करें प्रयोग करके अपने आप को स्मार्ट शिक्षक बनाने का प्रयास करें। अंत में डॉक्टर शर्मा ने विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर भावना सिंह एवं सीबीएसई के सिटी ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर डॉ कैलाश यादव को इस वर्कशॉप को आयोजित करने के लिए धन्यवाद भी दिया।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर प्रशासन तैयार

**अवधनामा संवाददाता**

■ 9 से 17 अगस्त तक पूरे जिले में होंगे भव्य आयोजन

**बाँदा।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जनपद बाँदा में 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' का आयोजन 9 से 17 अगस्त तक व्यापक जनभागीदारी के साथ किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी अमित आसेरी ने सभी विभागों को विस्तृत कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध ढंग से कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभियान को तीन चरणों में संचालित करने की रूपरेखा तय की गई। पहले चरण (6 से 8 अगस्त) में सभी शिक्षण संस्थानों में दीवार लेखन, तिरंगा रंगोली, देशभक्ति आधारित कलाकृतियों से सजावट, सैनिकों एवं पुलिसकर्मियों के लिए आभार पत्र, शहीद स्थलों की साफ-सफाई तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित राष्ट्रीय ध्वजों की बिक्री सुनिश्चित कराई जाएगी। दूसरे चरण (9 से 12 अगस्त) में विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्वतंत्रता आंदोलन विषयक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जनपद स्तर पर तिरंगा मेला एवं भव्य तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा। मेले में स्वयं सहायता समूहों, ओडीओपी एवं स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री भी होगी। साथ ही नागरिकों को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर पोर्टल पर अपलोड करने के लिए एचजीटी सेल्फी बूथ स्थापित किए जाएंगे। तीसरे चरण (13 से 15 अगस्त) में सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं आवासीय भवनों पर तिरंगा फहराने और तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। 15 अगस्त को प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिताएं, आंगनबाड़ी एवं आश्रमों में विशेष आयोजन होंगे। शहीदों के परिजनों का सम्मान तथा शहीद स्थलों पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों, उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, शिक्षा विभाग, सूचना विभाग, नगर निकायों एवं सामाजिक संगठनों से अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की अपील की है।

# संविदाकर्मियों को पॉश कानून की दी गई जानकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिंगरौली के सहयोग से संविदाकर्मियों के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संविदाकर्मियों को पॉश अधिनियम के प्रावधानों, शिकायत निवारण व्यवस्था तथा सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम में अतुल कुमार खंडेलवाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिंगरौली, खालिद मुहतरम अहमद, विशेष



न्यायाधीश (एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम), मनोरम तिवारी, न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तनु गुप्ता, प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड एवं सदस्य, आंतरिक शिकायत समिति ने पॉश अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों, कर्मचारियों के अधिकारों एवं कर्तव्यों, शिकायत निवारण प्रक्रिया तथा सम्मानजनक एवं सुरक्षित कार्यस्थल की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समावेशी कार्य वातावरण सुनिश्चित करना प्रत्येक कर्मचारी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किशोर कुमार होता, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने कार्यस्थल पर लैंगिक संवेदनशीलता, नैतिक मूल्यों एवं सम्मानजनक व्यवहार को बढ़ावा देने में ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की महत्ता पर बल दिया। इस अवसर पर रूमा डे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल), डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई), प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), अजय कुमार मीणा, वरिष्ठ प्रबंधक (विधि) सहित मानव संसाधन विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में संविदाकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सुरक्षित, सम्मानजनक एवं लैंगिक समानता पर आधारित कार्य संस्कृति को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

## एनसीएल ने कोयला गुणवत्ता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**सोनभद्र/सिंगरौली।** गुरुवार को सिंगरौली स्थित भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने एमडीआई, सिंगरौली में कोयला गुणवत्ता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। एनसीएल द्वारा यह कार्यक्रम कोयला गुणवत्ता नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं तथा गुणवत्ता के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम का उद्घाटन



एनसीएल के निदेशक (तकनीकी), आशुतोष द्विवेदी द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि गुणवत्ता नियंत्रण केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र की सतत प्रगति, ऊर्जा सुरक्षा तथा औद्योगिक विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण कोयले की आपूर्ति से न केवल देश के विद्युत उत्पादन एवं औद्योगिक विकास को गति मिलती है, बल्कि उपभोक्ताओं का विश्वास भी सुदृढ़ होता है। साथ ही श्री द्विवेदी ने प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक कार्यों में गुणवत्ता के उच्चतम मानकों का पालन करते हुए स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर्स (एसओपी), वैज्ञानिक सैंपलिंग प्रणाली तथा प्रभावी निगरानी व्यवस्था को अपनाएँ।

# भुगतान ठप होने से ग्राम पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित

**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** विकास खंड चोपन की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों और पूर्व में कराए गए कार्यों के भुगतान में हो रही देरी को लेकर गुरुवार को प्रधान संघ की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान प्रशासकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भुगतान लंबित रहने से विकास कार्य प्रभावित होने और ग्रामीणों को हो रही परेशानियों पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। प्रधान प्रशासकों ने बताया कि हैंडपंप मरम्मत, सोलर वाटर पम्प की मरम्मत, नालियों की सफाई, मिस्त्रियों और मजदूरों के भुगतान समेत कई आवश्यक कार्य भुगतान के अभाव में बाधित हैं। इसका सीधा असर ग्रामीणों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं पर पड़ रहा है। बैठक में मौजूद प्रधानों ने कहा कि ग्राम प्रधानों को प्रशासक का दायित्व संभाले लगभग दो माह हो चुके हैं, लेकिन अब तक पूर्व में कराए गए विकास कार्यों का भुगतान नहीं हो सका है। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) से वार्ता करने पर उन्होंने भुगतान जिला स्तर पर लंबित होने की जानकारी दी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 अगस्त को सभी ग्राम प्रधान जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी से मुलाकात करेंगे और ग्राम पंचायतों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराएंगे। प्रधानों ने चेतावनी दी कि यदि इसके बाद भी भुगतान की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सभी प्रधान प्रशासक सामूहिक रूप से अपना डोंगल प्रशासन को सौंप देंगे। प्रधानों का कहना है कि भुगतान बाधित रहने से ग्राम पंचायतों में आवश्यक विकास कार्य ठप पड़ रहे हैं और जनता की रोजमर्रा की समस्याओं का समय पर समाधान नहीं हो पा रहा है।

# घुमंतू-विमुक्त जातियों के उत्थान को समर्पित सरकार : योगी

- यूपी में घुमंतू विकास बोर्ड के गठन की प्रक्रिया शुरू
- घुमंतू समाज को मिलेगा सम्मानजनक जीवन
- घुमंतू समाज को मुख्यधारा से जोड़ने पर सरकार का जोर
- घुमंतू विकास बोर्ड बनेगा सामाजिक बदलाव का आधार : सीएम योगी

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से कहा था कि बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक तबके को दिया जाएगा। उनका सबका साथ-सबका विकास का मंत्र आज समाज के प्रत्येक तबके के उत्थान का कारण बना है। घुमन्तू विकास बोर्ड उत्थान की इसी कहानी की नई कड़ी का नाम है। डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप घुमन्तू एवं विमुक्त जातियों को सम्मानजनक जीवन जीने का अधिकार प्रदान करेगी। अब उन्हें दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा। हम सभी मिलकर समाज की मुख्यधारा के साथ जुड़कर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे।

मुख्यमंत्री घुमन्तू विकास बोर्ड के गठन हेतु विमुक्त एवं घुमन्तू समाज द्वारा आयोजित आभार एवं अभिनन्दन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में घुमन्तू जातियां को अंग्रेजों ने अपराधिक श्रेणी में रखकर क्रिमिनल ट्राइब्स के रूप में वर्ष 1871 में अधिसूचित कर दिया था। अंग्रेजों ने इन जातियों को क्रिमिनल ट्राइब इसलिए घोषित किया, क्योंकि इन्होंने अंग्रेजों का जीना मुश्किल कर दिया था।

इन्होंने सन् 1857 के प्रथम स्वातंर्त्य समर में अंग्रेजों की चूलें हिला दी थीं। यह जातियां भारत की आजादी के लिए बिना रुके, बिना डिगे, बिना थके लड़ाई लड़ रही थी। अंग्रेजों को एहसास होने लगा कि वह अब बहुत दिनों तक भारत में शासन नहीं कर पाएंगे। अंग्रेजों ने सन् 1857 के स्वातंर्त्य समर में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से भागीदार जातियों को चिन्हित करना प्रारम्भ कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्य, सत्य होता है। यदि सोना मिट्टी में मिल जाए, तो उसका सोनापन खराब नहीं होता। यदि कुछ पल के लिए सूर्य के सामने बादल आ जाए, तो सूर्य की ऊष्मा के सामने बहुत देर तक वह टिक नहीं पाते। स्वतंत्र भारत में बाबा साहब डॉ0 भीमराव आम्बेडकर ने क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट-1871 को समाप्त किया तथा वर्ष 1952 में इन्हें देश में विमुक्त जाति के रूप में घोषित करते हुए सम्मान दिया। अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ी जातियों के लोग विमुक्त जाति के रूप में आज भी समाज में अपना योगदान दे रहे हैं। इनके विकास और उत्थान के लिए जो कार्य प्रारम्भ से होने चाहिए थे, वह नहीं हो पाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री ने इन जातियों के लिए एक आयोग का गठन किया। गत वर्ष जब मुख्यमंत्री को घुमन्तू जाति सम्मेलन में सम्मिलित होने का अवसर मिला था, तो उन्होंने प्रदेश में घुमन्तू विकास बोर्ड का गठन करने की घोषणा की थी। पहली बार वनटांगिया गांव को राजस्व गांव के रूप में मान्यता दी गई। हजारों की संख्या में लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया। पहले मुसहर जाति के लोगों का कोई पुरसाहाल नहीं था। डबल इंजन सरकार द्वारा उन्हें सभी प्रकार की सुविधाओं से युक्त करने का कार्य किया गया। थारू, गोंड, चेरो, बुक्सा, कोल, सहरिया आदि जातियों के लोगों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया गया है। उन्हें राशन कार्ड जमीन के पट्टे, आवास, आयुष्मान कार्ड, बिजली कनेक्शन, निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन, निराश्रित, वृद्धावस्था तथा दिव्यांगजन पेंशन आदि सुविधाओं का लाभ प्रदान किया गया है।

# पसमांदा समाज को जागरूक होने का आह्वान

- शिक्षा और प्रतिनिधित्व पर पसमांदा महाज का जोर

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने पसमांदा समाज की सामाजिक, शैक्षिक और राजनीतिक भागीदारी सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए समाज को जागरुक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से पसमांदा समाज को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल सका। संगठन के पदाधिकारियों की बैठक में उन्होंने मुस्लिम समाज का नेतृत्व लम्बे समय तक सीमिति वर्गो और परिवारों तक केन्द्रित रहा, जिससे बहुसंख्यक पसमांदा समाज की आवाज पर्याप्त रूप से राष्ट्रीय विमर्श और निर्णय प्रक्रिया में स्थान नहीं बना सकी। वसीम राईन ने कहा कि पसमांदा समाज को शिक्षा, संगठन और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरुक होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। भावनात्मक नारों के बजाए शिक्षा, विकास, रोजगार, सामाजिक न्याय और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे वास्तविक मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने और संविधान के दायरे में रह कर अपने अधिकारों के लिए संगठित प्रयास करने की अपील की। बैठक में निसार राईन, मोमिन राईन, कमरुद्दीन राईन, जावेद राईन, शफीक राईन, मुन्ना राईन, शकील अहमद, गुफरान राईन, आमिर अली, गुलजार कुरैशी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन की 102वीं वर्षगांठः 200 छात्रों ने प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर

- बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में हुई जिला स्तरीय भाषण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताएं



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** काकोरी ट्रेन एक्शन की 102वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज, काकोरी के प्रांगण में गुरुवार को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में भाषण, निबंध और चित्रकला शामिल रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को काकोरी के अमर क्रांतिकारियों के बलिदान, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की भावना से अवगत कराते हुए प्रेरित करना था। प्रधानाचार्य डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि जनपद के करीब 20 विद्यालयों के 200 विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के विषय 'काकोरी ट्रेन एक्शन का राष्ट्रीय महत्व', 'काकोरी ट्रेन एक्शन का उद्देश्य' और 'मेरी माटी मेरा देश' रहे। जूनियर वर्ग की भाषण प्रतियोगिता में बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज के अक्षय शुक्ला ने प्रथम, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कठिगरा की लाइबा ने द्वितीय, तनवीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग के भाषण में अर्चना गौतम प्रथम, अनुज द्वितीय, नैंसी तृतीय रहीं। निबंध प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में आराध्य शुक्ल ने बाजी मारी, जबकि आएशा, उन्नति दूसरे, सच्ची तीसरे स्थान पर रहीं। सीनियर निबंध में अभय गौतम प्रथम, अंशिका सिंह द्वितीय, सुमेरा ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी छात्रों ने अपने शब्दों से देशप्रेम की भावना को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया। चित्रकला के जूनियर वर्ग में जयराम पाल ने प्रथम, शौर्य गुप्ता, निधि ने द्वितीय, मनीषा रावत ने तृतीय स्थान पाया। सीनियर वर्ग में अंश प्रथम, मोहम्मद जियाउद्दीन द्वितीय, तानिया तृतीय रहीं। इन सभी विजेताओं को काकोरी शहीद स्मारक में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उच्च अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का सफल संयोजन कला अध्यापक अमित कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक भी मौजूद रहे।

# लखनऊ में झमाझम बारिश, 9 अगस्त तक अलर्ट

- राजधानी में बारिश का दौर जारी, तापमान में गिरावट
- लखनऊ में सीजन की सबसे ज्यादा 78.4 मिमी बारिश
- यूपी के 35 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पिछले कुछ दिनों से लगातार रुक-रुक कर बारिश और रिमझिम फुहारों का दौर जारी है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के कई जिलों के साथ लखनऊ में भी भारी बारिश का येलो/ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जो 9 अगस्त तक बने रहने की संभावना है। बुधवार रात से रुक-रुक कर हुई बारिश गुरुवार को भी दिन भर होती रही। हालांकि इतनी बारिश के बाद भी उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। तापमान में गिरावट से मौसम में बदलाव देखने को मिला। राजधानी लखनऊ में तापमान तीन डिग्री तक कम हुआ और अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बारिश की चेतावनी जारी की है। पिछले 10-12 दिनों से प्रदेश में जारी बारिश का दौर गुरुवार और शुक्रवार को करीब 35 जिलों में भारी वर्षा के अलर्ट के साथ जारी रहेगा। शनिवार के बाद से बारिश में कमी आएगी, जबकि 10 से 15 अगस्त तक हल्की वर्षा और उमस बढने का अनुमान है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को कौशांबी, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, सहारनपुर, इटावा, औरैया और आस-पास जिलों में भारी से बहुत भारी बरसात की चेतावनी जारी की गयी है। इसके अलावा बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, लखनऊ सहित पश्चिमी यूपी के कई जिलों में अच्छी बारिश का पूर्वानुमान है। राजधानी में बुधवार रात से तेज बारिश का सिलसिला गुरुवार तक जारी रहा । इसके बाद दिन भर बादल छाए रहे और छिटपुट बरसात भी हुई, जिससे मौसम सुहाना बना रहा। पिछले 24 घण्टों के दौरान प्रदेश में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ गुरुवार सुबह 8:30 बजे तक राजधानी लखनऊ के अलीगंज वर्षामापी में 78.4 मिमी की भारी बारिश के साथ इस सीजन की सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई।

# शाहमीना शाह के उर्स में हुआ कुल शरीफ



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** शाहमीना शाह के उर्स के दौरान गुरुवार को चौक के मेडिकल कॉलेज स्थित मजार का केवड़ा, गुलाब और इत्र से गुस्ल दिया गया। इस मौके पर सूफियाना कलाम से रंग पढ़ा गया और गुस्ल के बाद कुल शरीफ हुआ, जिसमें कई मजारों के सज्जादानशीनों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। शाम अस्त्र की नमाज के बाद 5:30 बजे मजार स्थित मस्जिद में शाहमीना शाह के वालिदैन का कुल शरीफ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जायरीन शालि हुए। रात 9:30 बजे मजार पर संदल पेश किया गया, जिसके बाद महफिले समां का आयोजन किया गया, जिसमें कव्वालों ने अपने कलाम पढ़े।

# इमामबाड़ा आगा बाकर में करायी ताबूत की जियारत

- दीन ए इस्लाम को बचाने के खातिर छह महीने के अली असगर भी हुए कुर्बान

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** अमीर उल मोमिनीन हजरत अली (अस) के बेटे हजरत इमाम हुसैन (अ.स) और उनके साथियों की शहादत की याद में शहर में मजलिस-ओ-मातम का सिलसिला जारी है। इमामबाड़ा आगा बाकिर चौक में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) सिर्फ शिया ही नहीं बल्कि पूरी इंसानियत के इमाम हैं।कर्बला की जंग इंसानियत के लिए लड़ी गयी। जिसके दिल में भी इंसानियत पाई जाती है उसके दिल में इमाम हुसैन (अ.स.) की मोहब्बत पायी जाएगी। मौलाना ने जब हजरत अली अकबर और हजरत कासिम (अस) की शहादत को बयान किया तो अजादारों की आँखें नम हो गई।मजलिस के बाद हजरत अली अकबर (अ.स.) व हजरत कासिम (अस) के ताबूत व अलम की जियारत करायी गयी। मजलिस के आयोजक अजीम अली और यासीन ने मजलिस में आये सभी अजादारों का शुक्रिया अदा किया। अजाखाना नवाब अली मैदान एलएच खान में पांच दिवसीय मजलिसों का आगाज हो गया। पहली मजलिस को मौलाना अब्बास अली नजफी ने किया। मजलिसों के आयोजक और अंजुमन गुंचाए मज़लूमियां के नौहाख्वान शुजाअत अली ने बताया कि ख़मसे की अन्य मजलिसों को।मौलाना अबुतालिब मेहदी, मौलाना अब्बास नासिर और मौलाना मोहम्मद अस्करी रात 9 बजे खिताब करेंगे। अजाखाना सिकंदर आगा कश्मीरी मोहल्ला में आयोजित मजलिस को मौलाना कासिम मूसवी ने ख़िताब किया। मौलाना ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अस) ने दीन-ए-इस्लाम को बचाने की खातिर अपने छह महीने के मासूम अली असगर (अस) तक की कुर्बानी दे दी। इमामबाड़ा नासिर आगा नकवी मरहूम (अफसर मंजिल) हसन पुरिया में महिलाओं की मजलिस को खिताब करते हुए जाकिरा फरहाह फातिमा ने कहा कि पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब(स.) की नवासी हजरत जैनब (स.) ने कर्बला में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत के बाद इमाम हुसैन (अ) के मिशन को आगे बढ़ाया। उन्होंने कर्बला से लेकर शाम तक के सफर में शहजादी जनाबे सकीना (स.अ.) पर हुए जुल्मों को बयान किया तो अजादारों कीआंखें अश्कबार हो गई।

मजलिस की आयोजक सुरूर फातिमा और रूबीना रिजवी ने अजादारों का शुक्रिया अदा किया।

## अंजुमन गुंचाए मेहदिया की शब्बेदारी शुरू

**लखनऊ।** रौजाए हजरत मुस्लिम रईस मंजिल में अंजुमन गुंचाए मेहदिया की तीन दिवसीय तरही शब्बेदारी का आगाज बृहस्पतिवार को हो गया। शब्बेदारी की पहली मजलिस को मौलाना तक़ी रजा ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन शहिदाने कर्बला, जिला उल ईमान,नय्यरुल इस्लाम, मुहिब्बाने हुसैन और अंजुमन गुलजारे पंजतन ने अंजुमन की तरह की पंक्ति ' 'एक प्यासा खुश्क मशकीज़े में दरिया ले गया' पर अपने सलाम पेश किये।

**मजलिस आजः** अंजुमन काजमिया आबिदया के मुख्य नौहाख्वान सैयद मुख्तार हुसैन 'मुन्ना भाई के अजाखाना हसन पुरिया में बुधवार रात 8.30 बजे मौलाना सदफ जौनपुरी मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमन काजमिया आबिदया, गुंचाए मजलुमिया,ग़म-ख्वार-ए-जैनब,अब्बासिया और फरोगे इस्लाम नौहाख्वानी करेंगी।

## ज़हरा कॉटज में मजलिस 9 को

**लखनऊ।** नवासे रसूल हजरत इमाम हुसैन की याद में ज़हरा कॉटज, अली गार्डन फेस-2 दुबग्गा में 9 अगस्त को रात 8 बजे होने वाली मजलिस को मौलाना जावेद अब्बास मुस्तफावी खिताब करेंगे।

# अंडा फैक्ट्री के प्रदूषण पर कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने हरदोई के सण्डीला में अण्डा फैक्ट्री से फैल रही मक्खियों और संक्रमण को लेकर प्रदेश के पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना को पत्र लिख कर ध्यान आकर्षित कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना से मुलाकात कर सण्डीला के नागरिकों की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया, जिस पर मंत्री ने समस्या दूर करने का भरोसा दिलाते हुए तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। कांग्रेस प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि हरदोई के सण्डीला के भरावन ब्लॉक स्थित हयातगंज में अण्डा फैक्ट्री से हो रहे प्रदूषण से संक्रमण हो रहा है, जिसके दुष्परिणाम स्वरूप 10 किलोमीटर की परिधि में मक्खियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। संक्रमण से 15 से अधिक गांवों के ग्रामीण इस समस्या से जूझ रहे हैं और फैल रहे प्रदूषण से महामारी का खतरा बढ़ गया है। प्रभावित ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई न होने से लोग समस्या से घिरे हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय ग्रामीण और उनके परिवार इस समस्या से काफी प्रभावित हैं। मक्खियों का प्रकोप निवासियों, बच्चों और घरों के साथ फसलों को भी प्रभावित कर रहा है। अंशू अवस्थी ने कहा कि जब तक समस्या दूर नहीं हो जाती है हम अपने क्षेत्र के नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिला कर लड़ाई लड़ेंगे।

**राहुल गांधी के कार्यक्रम पर कांग्रेस का सरकार पर हमला**

# राहुल के कार्यक्रम की अनुमति रद्द, अजय राय नाराज

- प्रयागराज में राहुल गांधी करेंगे छात्रों से संवादः कांग्रेस
- कार्यक्रम रद्द करने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज/लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शनिवार को प्रयागराज के केपी ग्राउण्ड में आयोजित होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम की अनुमति रद्द होने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जिस मैदान में राहुल गांधी का कार्यक्रम रद्द किया गया वहीं बाद में पॉप सिंगर को शो की अनुमति देना प्रशासन की तानाशाही और दोहरा रवैया दर्शाता है। प्रयागराज स्थित एक होटल में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री राय ने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया। श्री राय ने कहा कि प्रदेश में जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली सरकार में गुजरात की ब्लैकलिस्टेड कम्पनियों को बार-बार ठेके देकर प्रयागराज में दिन-रात पढ़ाई करने वाले युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रयागराज स्थित एक होटल में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री राय ने भाजपा सरकार की युवा विरोधी नीतियों और पेपर लीक माफिया पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब छात्र अपने हक की आवाज उठाते हैं तो उन पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को पीड़ित छात्रों के संघर्ष में उनके साथ खड़ रहने के लिए प्रयागराज आ रहे हैं। वे शाम 6 बजे सेंट पीटर्स मैदान में छात्रों की गूंज कार्यक्रम के तहत युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं और न ही इसमें किसी राजनीतिक पार्टी का झण्डा या राजनीतिक गतिविधियां होगी बल्कि केवल छात्रों के मुद्दों पर बात होगी।

# डालमिया फाउंडेशन ने शुरू किए सिलाई केंद्र

- महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ेगा प्रशिक्षण
- सिलाई प्रशिक्षण से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ), डालमिया भारत लिमिटेड की सीएसआर संस्था ने अपनी ग्राम परिवर्तन परियोजना के तहत एक समर्पित ग्रामीण महिला कौशल विकास पहल की शुरुआत की है। इस पहल के अंग के तौर पर उत्तर प्रदेश के जवाहरपुर, निगोही, रामगढ़ और हरदोई में 1 अगस्त 2026 से घरेलू सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन शुरू हो गया है। इसके उद्घाटन बैच में 120 से अधिक ग्रामीण महिलाओं का नामांकन हुआ है और इसकी वार्षिक प्रशिक्षण क्षमता 240 महिलाओं की है। यह पहल महिलाओं को कौशल का निर्माण करने, उद्यमिता अपनाने और अपने समुदायों के आर्थिक विकास में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाकर समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के प्रति डालमिया भारत फाउंडेशन की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, डालमिया भारत फाउंडेशन के सीईओ, श्री अशोक गुप्ता ने कहाः 'ग्रामीण भारत में अपार उद्यमशीलता की क्षमता है, और मजबूत स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को आकार देने में महिलाओं की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। व्यावसायिक प्रशिक्षण को उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता के साथ जोड़कर, हमारा उद्देश्य महिलाओं को आय के स्थायी स्रोत बनाने के लिए आत्मविश्वास और क्षमताओं से लैस करना है। हमारा मानना है कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध होती हैं, तो इसका प्रभाव व्यक्तिगत परिवारों से आगे बढ़कर पूरे परिवार, समुदाय और समग्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। '

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के फ्रेमवर्क के मुताबिक है और इसमें व्यावहारिक सिलाई कौशल को उद्यमिता विकास, वित्तीय साक्षरता, ग्राहक संबंध प्रबंधन तथा बुनियादी व्यावसायिक योजना के साथ जोड़ा गया है। व्यावसायिक और व्यवसाय-उन्मुख शिक्षा को एकीकृत करके, यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को स्वरोजगार अपनाने, सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने या वेतनभोगी रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए सक्षम बनाता है। दीर्घकालिक सस्टेनेबिलिटी को ध्यान में रखकर तैयार किए गए इन प्रशिक्षण केंद्रों को बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराए गए मौजूदा सामुदायिक बुनियादी ढांचे का उपयोग करके स्थापित किया गया है। यह समुदाय-नेतृत्व वाला दृष्टिकोण कुशल और स्केलेबल डिलीवरी मॉडल सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्थानीय भागीदारी को प्रोत्साहित करता है। इस पहल की शुरुआत डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) के परियोजना स्थलों–कल्याणपुर, बोकारो और मिदनापुर–में भी की गई है। घरेलू सिलाई (डोमेस्टिक टेलरिंग) के साथ-साथ, आने वाले महीनों में ब्यूटी एंड वेलनेस पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे।

# सी.एम.एस. छात्र को 1,40,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

**लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल,** स्टेशन रोड कैम्पस के छात्र शौर्य अग्रवाल को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित ड्रेक्सल यूनिवर्सिटी द्वारा 1,40,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। शौर्य को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। इसके अलावा, अमेरिका के रोचेस्टर इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं फ्लोरिडा टेक यूनिवर्सिटी एवं हाँगकाँग की यूनिवर्सिटी ऑफ हाँगकाँग ने भी इस प्रतिभाशाली छात्र को स्कॉलरशिप के साथ उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया गया है। इस प्रकार, सी.एम.एस. के एक और छात्र ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की बदौलत लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। शौर्य ने इस सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में जनपद बलिया के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए